वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 23 मई 2024
वर्ष 2, अंक 272, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य 16
क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत 15



## पुलिस कमिश्नर का क्लिक

**कानपुर।** शहर के नालों से निकली सिल्ट की फोटो खींच रहे यह कोई आम व्यक्ति नहीं हैं। ये हैं कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जो मंगलवार रात गोविंदनगर- परमपुरवा मार्ग पर पड़ी सिल्ट पर फिसलने से बाइक सवार की मौत के बाद बुधवार को शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सर्वोदय नगर में सड़क पर पड़ी सिल्ट देखकर फोटो खींची और नगर आयुक्त को भेज दी।

### डुमरियागंज, संत कबीर नगर, बस्ती और श्रावस्ती लोक सभा सीटों के लिए प्रधानमंत्री ने की जनसभा

# पाकिस्तान के हमदर्दों को 56 इंच सीना क्या होता है पता नहीं

संवाददाता, संत कबीर नगर/ डुमरियागंज



बस्ती की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई राधा-कृष्ण की प्रतिमा।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत वैश्विक मंच पर जब बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है।

आतंक का सरपरस्त देश जो कभी हमें आखें दिखाता था, धमकियां देता था आज वह न घर का है न घाट का। उसे अनाज भी नसीब नहीं हो रहा है। मगर, उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच का सीना क्या होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इनका कहना है पाकिस्तान से डरो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं, मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, मगर डराने वालों को बख्शेगा भी नहीं, अब हम घर में घुसकर मारते हैं।

मोदी बुधवार को बस्ती के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में बस्ती, डुमरियागंज और संत कबीर नगर लोकसभा सीटों के लिए आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मोदी ने बस्ती से प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से पार्टी प्रत्याशी जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर से प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में वोट देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने श्रावस्ती लोस क्षेत्र के कटरा में जनसभा में कहा कि एससी-एसटी, ओबीसी, आदिवासी का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार साकेत मिश्रा के समर्थन में वोट की अपील भी की।

### फिर ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार-बार रिलीज से वह हैरान हैं। ये लोग उप्र. की 79 सीट पर जीत का दावा कर दिन में सपने देख रहे हैं और 4 जून को उप्र. की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।

### केशरी को फुटपॉथ पर फेंक दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की। मोदी के मुताबिक, बिहार के अति पिछड़े समाज के तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केशरी को एक शाम मैडम सोनिया जी की टोली ने कांग्रेस दफ्तर से उन्हें फुटपाथ पर फेंक दिया और रातों रात सोनिया जी को अध्यक्ष पद पर बिठा दिया। जिन्होंने कांग्रेस के संविधान की धज्जियां उड़ा दी वो अब संविधान की बात कर रहे हैं।




# प. बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्र रद

## आरक्षण अवैध, हाईकोर्ट के फैसले से लाखों लोग होंगे प्रभावित

कोलकाता, एजेंसी



- कोर्ट के इस फैसले से अब तक के लाभार्थियों पर नहीं पड़ेगा असर
- पिछड़ा वर्ग आयोग की राय राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) दर्जा रद कर दिया और राज्य की नौकरियों में रिक्तियों के लिए 2012 के एक अधिनियम के तहत इस तरह के आरक्षण को अवैध पाया। अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिन वर्गों का ओबीसी दर्जा हटाया गया है, उसके सदस्य यदि पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं या राज्य की किसी चयन प्रक्रिया में सफल हो चुके हैं, तो उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी। मामले से जुड़े एक वकील ने कहा कि इस फैसले से राज्य में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे।

अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) (सेवाओं और पदों में रिक्तियों का आरक्षण) कानून, 2012 के तहत ओबीसी के तौर पर आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले कई वर्गों को संबंधित सूची से हटा दिया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि 2010 से पहले ओबीसी के 66 वर्गों को वर्गीकृत करने वाले राज्य सरकार के कार्यकारी आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया गया, क्योंकि इन्हें याचिकाओं में चुनौती नहीं दी गई थी। पीठ ने निर्देश दिया कि पांच मार्च, 2010 से 11 मई, 2012 तक 42 वर्गों को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत करने वाले राज्य के कार्यकारी आदेशों को भी रद कर दिया गया।

पीठ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की राय और सलाह आमतौर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के तहत राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी है। पीठ ने राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को आयोग के परामर्श से ओबीसी की राज्य सूची में नए वर्गों को शामिल करने या शेष वर्गों को बाहर करने की सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट विधायिका के समक्ष रखने का निर्देश दिया।

### अदालत का आदेश स्वीकार्य नहीं : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में कई वर्गों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दर्जे को रद करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। दमदम लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले खड़दह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा क्योंकि इससे संबंधित विधेयक संविधान की रूपरेखा के भीतर पारित किया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लाया गया ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा। हमने घर-घर सर्वेक्षण करने के बाद विधेयक बनाया था।

## एक नजर

### छठे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों व बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए 23 मई की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। यहां 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष व 16 महिला हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं।

### सोरेन को नहीं मिली प्रचार के लिए जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में निचली अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर करने के संबंध में तथ्यों को छिपाने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नाखुशी जताई जिसके बाद सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस ले ली।

## पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें गैर-कानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के आठ कथित सदस्यों को जमानत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने हाईकोर्ट से पिछले साल 19 अक्टूबर को जमानत पाए आरोपियों को तत्काल आत्मसमर्पण करने और जेल जाने का निर्देश दिया।

# ईमेल से नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की धमकी

- भवन की जांच के बाद पुलिस ने ईमेल को फर्जी बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



धमकी मिलने के बाद नार्थ ब्लॉक पहुंची अग्निशमन की टीम। ● एजेंसी

राजधानी दिल्ली के स्कूलों और अस्पतालों के बाद अब दिल्ली में सत्ता तथा सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाने वाले नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की बुधवार को धमकी दी गई हालांकि भवन की जांच के बाद पुलिस ने इस ई-मेल को फर्जी करार दिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह तथा वित्त मंत्रालय के कार्यालय वाले भवन नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने से संबंधित एक ई-मेल बुधवार को एक अधिकारी को भेजा गया था। अधिकारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद समूचे भवन की जांच और खोजबीन की गई। जांच में किसी तरह की संदिग्ध चीज नहीं मिलने के बाद पुलिस ने कहा कि यह ई-मेल फर्जी था। इससे पहले जांच और खोजबीन के लिए हरकत में आई पुलिस ने गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के कार्यालयों को खाली करा लिया था।

# कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद अनवारुल की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- अपार्टमेंट में मिले रक्त के धब्बे नहीं मिला शव
- मामले में 3 संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बंगलादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम की शहर के न्यू टाउन स्थित एक आवासीय परिसर में हत्या कर दी गई है, लेकिन उनका शव अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने हत्या की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि आवामी लीग के सांसद अनवारुल इलाज के सिलसिले में 12 मई को कोलकाता आए थे। यहां पहुंचने के बाद 14 मई से लापता थे।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस को अपार्टमेंट में खून के धब्बे मिले हैं, जहां के सीसीटीवी कैमरों में सांसद को तीन या चार अन्य लोगों के साथ प्रवेश करते देखा गया था, लेकिन वीडियो फुटेज में सांसद को बाहर निकलते नहीं देखा गया। बांग्लादेश की पुलिस ने सांसद के लापता होने के मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

# चुनाव प्रचार के दौरान मर्यादा कायम रखें भाजपा-कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने दोनों दलों को दी हिदायत
- आयोग सख्त-नड्डा और खरगे को भेजी नोटिस

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी। कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को कहा कि स्टार प्रचारकों के बयान एक खास चलन का अनुसरण करते हैं और ऐसे विमर्श पैदा करते हैं जो आदर्श आचार संहिता के बाद भी नुकसानदेह हो सकते हैं।

विगत 25 अप्रैल को जारी नोटिसों पर आए इन दलों के जवाबों का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के बयानों की तकनीकी खामियां प्रचारकों को उनके अपने भाषणों की सामग्री की मुख्य जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकती है।

# ललितपुर परियोजना की एक इकाई ठप, आपात बिजली कटौती शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो चालू, तीन बंद
- एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति की खरीद जारी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में भारी मांग के कारण बिजली उत्पादन इकाइयों के खराब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई, जबकि पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो इकाइयां चालू हो गई हैं। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीद जारी है। इसके बाद भी मांग पूरी न होने पर आपात बिजली कटौती शुरू हो गई है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू हो गई हैं, जबकि ओबरा की दो सौ मेगावाट एक, ऊंचाहार परियोजना की 210 मेगावाट की एक व रोजा परियोजना की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप है। पहले से ठप इकाइयों के 23 मई तक व ललितपुर इकाई के 25 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 28,336 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 20 हजार मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार 28 हजार मेगावाट पार कर रही हे, जबकि उपलब्धता 27,500 मेगावाट तक पूरी हो पा रही है।

### गांवों को मिल रही 22 घंटे बिजली

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था की गई थी, पर इकाइयों के खराब होने के कारण अब गांवों में आपात बिजली कटौती हो रही है। गांवों को लगभग 22 घंटे आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुंदेलखंड में साढ़े बाइस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित हो रही है।



## एक नजर

### टुल्लू पंप में उतरे करंट से महिला की मौत

**कानपुर।** बेकनगंज थानाक्षेत्र में परेड बाजार के पास रहने वाले साबिर की 48 वर्षीय पत्नी मंगलवार देर शाम को पानी भरने के दौरान टुल्लू पंप में उतरे करंट की चपेट में आ गई। बेटे अरमान और साहिल उन्हें पास के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में बर्रा के रहने वाले 58 वर्षीय विजय कुमार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कारगिल पेट्रोल टंकी के सामने टक्कर मार दी। पुलिस ने हैलट अस्पताल भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। छोटे भाई राकेश कुमार ने बताया कि वह कोलकाता में प्राइवेट नौकरी करते थे। स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण यहां आ गए थे। बुधवार सुबह वह टहलने निकले थे, तभी हादसा हो गया।

### घरेलू कलह से ऊबकर युवक ने दी जान

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में बड़े भाई की नशेबाजी और कलह से ऊबकर छोटे भाई ने मंगलवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। अमेठी मुंशीगंज के सहायगढ़ निवासी इंद्र कुमार साहू का 26 वर्षीय पुत्र शंकर साहू पिछले पांच वर्षों से अपने चाचा शिवकुमार और चाची नीलम के साथ झकरकटी इलाके में रहता था और चचेरे भाई रवि कुमार का लोडर चलाता था। शंकर का बड़ा भाई राजा बाबू शराब का लती है। वह घर का सारा सामान बेचकर शराब पी जाता है। इसको लेकर परिवार में कलह होती रहती थी। चाचा शिवकुमार अपने परिवार के साथ अमेठी गांव गए हुए थे। खुद को अकेला पाकर शंकर ने मंगलवार देर रात फांसी लगा ली। सुबह शंकर का दोस्त रामकुमार खाना बनाने के बाद कमरे में उसे जगाने पहुंचा तो उसे फंदे पर लटके देखा।

# चार चिताओं को एक साथ दी अग्नि हजारों आंखों से छलके आंसू

## महाराजपुर के हाथीपुर हाईवे पर कार की टक्कर से हुई थी चार महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के हाथीपुर हाईवे पर मंगलवार रात सड़क पार करतीं चार महिलाओं को ईको कार ने रौंद दिया था। जिसमें मां बेटी समेत चार महिलाओं की मौत हो गई थी। हादसे के दूसरे दिन बुधवार को एक ही परिवार की चारों महिलाओं का पोस्टमार्टम किया गया। चारों का जब एक साथ शव उठा तो वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। दोपहर बाद पुलिस की मौजूदगी में चारों चिताओं को उनके परिजनों ने मुखाग्नि दी।

हाथीपुर मोड़ के पास मंगलवार शाम कानपुर प्रयागराज हाईवे पार कर रही एक ही परिवार की पांच महिलाओं को तेज रफ्तार ईको कार ने रौंद दिया था। हादसे में चकेरी थानाक्षेत्र के श्यामनगर निवासी पूनम पांडेय, कोतवाली के बिरहाना रोड निवासी उनकी विवाहिता बेटी दिव्या उर्फ चंचल, हाथीपुर गांव निवासी बहन सरिता द्विवेदी और ज्योति तिवारी की मौत हो गई थी। सरिता की बेटी अपर्णा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शवों को देखते ही परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। बाद में जब एक साथ चारों अर्थियां उठीं तो कोहराम मच गया। ज्योति और सरिता के शव को उनके परिजन हाथीपुर गांव ले गए। जबकि दिव्या के शव को बिरहाना रोड स्थित नील वाली गली में ससुराल ले जाया गया। पूनम के शव को परिजन श्याम नगर स्थित आवास पर ले गए। चारों के परिजनों का कहना था कि चारों महिलाओं ने हादसे के वक्त एक दूसरे का हाथ पकड़ रखा था। ऐसे में सभी का अंतिम संस्कार भी एक साथ ड्योढी घाट पर करने का निर्णय लिया। चारों महिलाओं का ड्योढ़ी घाट पर ही एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि ईको चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व एसीपी चकेरी।


ज्योति तिवारी।


दिव्या उर्फ चंचल।


घायल अपर्णा।


सरिता द्विवेदी।

### इलाज न मिलने का आरोप लगाया

मृतक के परिवारीजनों ने पुलिस को बताया कि रात में कांशीराम अस्पताल में सही इलाज नहीं मिल पाया। करीब एक घंटे तक इलाज के लिए सरिता और दिव्या तपड़ती रहीं। लेकिन इलाज नहीं शुरू हो पाया। आरोप लगाया कि वह लोग मधुराज अस्पताल लेकर गए, लेकिन उन्होंने भर्ती करने से मना कर दिया। फिर हैलट लेकर गए वहां एंबुलेंस तक नहीं मिली। अगर सही समय इलाज हो जाता तो इतने लोगों की जान नहीं जाती।

### हाईस्पीड में गाड़ी चलाने पर 20 चालान हुए

महाराजपुर के आयुष मिश्रा ने पुलिस को बताया कि हादसे में उनकी दो मौसी, एक मामी और एक बहन की मौत हुई है। जिस ईको वाहन से हादसा हुआ है, उस पर हाईस्पीड में गाड़ी चलाने पर 20 चालान हुए हैं। गाड़ी मालिक का पता लगने के बाद भी पुलिस ने अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं की है।

### आधा किमी तक कार से घिसटीं

घटना के दूसरे दिन पुलिस ने गांव वालों से हादसे की जानकारी की तो उन लोगों ने बताया कि ईको कार की टक्कर इतनी तेज थी कि तीन महिलाएं तो उछलकर दूर गिरीं लेकिन दोनों बहनें सरिता और ज्योति कार में फंस गईं। वह उन्हें पांच सौ मीटर तक घसीटता चला गया।

### परिजनों से मिले अधिकारी, दी सांत्वना

बुधवार सुबह से ही पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एडीसीपी पूर्वी लखन यादव, एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह, जाजमऊ, चकेरी, महाराजपुर और अन्य सर्किल का फोर्स पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

### महिलाओं की टूटीं पसलियां, हार्ट हुआ पंचर

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार टक्कर इतना तेज थी कि चारों महिलाओं की पसलियां टूट गईं। वहीं हार्ट पंचर हो गया था। फेफड़ा, किडनी व गुर्दा फट गया था। हाथ पैर भी टूट गए थे। अधिक खून बहने से चारों की मौत हो गई।

# विकास भवन में दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन और नारेबाजी, मांगा आवास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परियोजना अधिकारी डूडा को ज्ञापन सौंपा
- मांग पूरी न होने पर बेमियादी अनशन की चेतावनी

**अमृत विचार।** आसरा आवास न मिलने से नाराज दिव्यांगों ने बुधवार को विकास भवन परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए परियोजना अधिकारी के कक्ष में पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर जल्द आवास देने की मांग की। कहा कि अगर पहले की तरह हीलाहवाली बरती गई तो विकास भवन परिसर में ही अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ जाएंगे।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के साथ करीब दो दर्जन से अधिक दिव्यांग बुधवार दोपहर विकास भवन पहुंचे और परिसर में खड़े होकर करीब आधा घंटा प्रदर्शन व नारेबाजी की। इसके बाद नारेबाजी करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा के कार्यालय पहुंचे। जहां आसरा आवास संबंधी अपनी मांग रखी। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष आनंद तिवारी समेत अन्य दिव्यांग मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के लिए लगी लिफ्ट खराब

विकास भवन में दिव्यांगों की सहूलियत के लिए लगी लिफ्ट एक साल से खराब पड़ी है। बुधवार को सभी दिव्यांग किसी तरह मशक्कत कर सीढ़ियों से डूडा कार्यालय पहुंचे। लौटने के बाद लिफ्ट के बाहर खड़े होकर जमकर हो-हल्ला किया। इस अधिकारियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया, कहा कि जल्द ही लिफ्ट ठीक करा दी जाएगी। दिव्यांगों ने जिला विकास अधिकारी से लिफ्ट ठीक कराने की मांग की।

# नकली माल बनाने में फैक्ट्री का मालिक गिरफ्तार

- सुपर लेदर वर्क्स बेबीज कंपाउंड फैक्ट्री पर छापा

**कानपुर।** अनवरगंज थानाक्षेत्र में दो नामचीन कंपनियों के नकली लेदर प्रोडेक्ट बनाकर बेचने के मामले में कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मिलकर फैक्ट्री में छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में कंपनियों का नकली माल बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरियाणा पंचकुला निवासी संजीव हांडा और गोंडा के फिरोजपुर तरहर निवासी शजोहन प्रसाद अपनी-अपनी कंपनियों के अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि कई दिनों से उन्हें शहर में उनकी कंपनियों के नकली लेदर प्रोडेक्ट बनाकर बेचने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर उन्होंने बुधवार को अनवरगंज पुलिस की मदद से सुपर लेदर वर्क्स बेबीज कंपाउंड फैक्ट्री पर शाम को छापेमारी की। वहां पर उनकी कंपनियों के बने लेडर के नकली प्रोडेक्ट मिले। एक नामचीन कपंनी के 316 पीस बेल्ट, 27 पर्स, पांच बोरा बेल्ट के सेट, 278 कपंनी के खाली डिब्बे, तीन हजार लेवल टैग सहित अन्य माल मिला। दूसरी नामचीन कंपनी के 267 पीस बेल्ट, 510 पीस बक्कल, व तीन हजार के आसपास लेवल प्राप्त हुए हैं। वहां से मशीन भी बरामद हुई है। पुलिस फैक्ट्री मालिक अनवरगंज के फूलवाली गली निवासी रेहान अली को पकड़ कर थाने ले आई। प्रभारी निरीक्षक अनवरगंज नीरज ओझा ने बताया कि फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रैक किनारे मिला युवक का शव हत्या का आरोप

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला। सिर पर चोट के निशान देखकर पिता ने हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस का कहना था कि वह ट्रेन की चपेट में आया।

बिल्हौर उत्तरीपुरा के मास्टर मोहाल के रहने वाले जहार सिंह का 27 वर्षीय पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह कल्याणपुर विनायकपुर में किराए पर रहकर प्राइवेट अस्पताल में मेडिकल की प्रैक्टिस कर रहा था। बुधवार सुबह यूनिवर्सिटी के सामने उसका शव पड़ा मिला। पिता का आरोप है कि पुलिस ट्रेन हादसा बता रही है, जबकि उसके सिर के अलावा कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं। उसकी बाइक जीटी रोड पर खड़ी मिल गई है।


धरने पर बैठे व्यापारी। अमृत विचार

# व्यापारियों ने सर्वे टीम को घेरा, धरना-नारेबाजी

- कलक्टरगंज में काम्प्लेक्स बनाए जाने का विरोध

**कानपुर।** कलक्टरगंज में पुराने व्यापारियों को हटाकर नगर निगम के कॉमर्शियल काम्प्लेक्स बनाने की योजना का बुधवार को जमकर विरोध हुआ। काम्प्लेक्स के लिए सर्वे करने आए अधिकारियों का व्यापारियों ने लगभग आधे घंटे घेराव किया। व्यापारियों ने धरना दिया और नारे लगाकर आक्रोश जताया। कारोबारियों ने कहा कि वे किसी सूरत में कलक्टरगंज में काम्प्लेक्स नहीं बनने देंगे।

योजना के तहत नगर निगम की टीम सर्वे करने पहुंची। सर्वे के दौरान दुकानदारों से नाम और पता पूछा। नगर निगम के सर्वे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी एकजुट हो गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी और नेता आ गए। करीब आधे घंटे तक घेराव के बाद व्यापारियों ने नगर निगम टीम को जाने दिया। इसके बाद व्यापारियों ने कलक्टरगंज बाजार में जुलूस निकालकर व नारेबाजी करके विरोध दर्ज कराया। धनकुट्टी नगर निगम कार्यालय कत्था धर्मशाला में नगर निगम के अधिकारियों के सामने धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने के बाद नगर आयुक्त से हुई वार्ता में चुनाव के बाद बैठक करके कोई निर्णय लेने को कहा गया था। इसके बावजूद बिना सूचना सर्वे शुरू करा दिया गया।

# सीवर लाइन के ऊपर मेट्रो ने बना दिए पिलर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नालों की सफाई के लिए हो गये टेंडर, पर पटे पड़े हैं नाले
- जूही हमीरपुर रोड पर गड़बड़ी से जनता परेशान

**अमृत विचार।** जूही हमीरपुर रोड पर मेट्रो की लापरवाही की वजह से क्षेत्र की जनता परेशान है। यहां गहरी सीवर लाइन के ऊपर ही मेट्रो के पिलर बना दिए गए हैं। इसके अलावा सीवर चैंबर को भी बंद कर दिया गया है। सड़क के दोनों तरफ से गुजर रहीं नालियों को भी बंद कर दिया गया है। जिससे नाला सफाई कार्य प्रभावित है। क्षेत्रीय पार्षद के अनुसार नाले को साफ करने के टेंडर हो गये हैं पर मौके पर नाले पट गये हैं। इस बार बरसात में जलभराव होना तय है।

क्षेत्रीय पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि मेट्रो ने नाले ही बंद कर दिए हैं। नगर निगम ने बारिश से पहले सफाई के लिए टेंडर निकाले हैं। मेट्रो के कार्य के चलते बारिश में जलभराव की बड़ी समस्या का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। पार्षद ने बताया कि मेट्रो का कार्य करने वाली फर्म जेएमसी ने जूही हमीरपुर रोड पर ही नगर निगम को बिना बताए नाला ही समाप्त कर दिया है। नगर निगम जोन-3 के अधिशासी अभियंता नानक चंद को लिखित रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन शीघ्र ही बारिश के मौसम को देखते हुए से नगर निगम के नाले को जेएमसी कंपनी ने समाप्त कर दिया है। उससे बारिश में बड़ी समस्या खड़ी होने वाली है। जिन नालों ने मेट्रो को बंद कर दिया है। उसमें बारिश के साथ ही घरों का पानी भी जाता था। पहले भी जेएमसी कंपनी ने गहरी सीवर लाइन के ऊपर मेट्रो के पिलर खड़े कर दिए और कहीं-कहीं सीवर चैंबर की दीवार और मेट्रो के पिलर बराबर से चल रहे हैं। इसकी पुष्टि पहले संयुक्त निरीक्षण के दौरान हो चुकी है।

**जेएमसी कंपनी ने शिफ्ट नहीं की लाइन:** पार्षद के मुताबिक जेएमसी कंपनी ने गहरी सीवर लाइन दूसरी तरफ शिफ्ट कर पुरानी सीवर लाइन को बंद करने के लिए भी कहा था। लेकिन अभी तक सीवर लाइन को भी जेएमसी कंपनी ने शिफ्ट नहीं किया है जिससे कि आने वाले समय में सीवर निकासी की समस्या भी जटिल हो जाएगी। पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि 20 मई को मेट्रो कॉरपोरेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋषि गंगवार को लिखित रूप से अवगत कराते हुए एक पत्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी को लखनऊ भी भेजा है।


पाइप लाइनें तोड़ दी गई हैं। अमृत विचार


मनमाने तरीके से बनाए गए पिलर। अमृत विचार

### मेट्रों ने पांच चौराहों से हटाए आईटीएमएस के खंभे

**कानपुर।** शहर के पांच चौराहों से आईटीएमएस के खंभे गायब हो गये हैं। मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से बिठूर तिराहे, गुरुदेव चौक, रावतपुर और गोल चौराहे के पास से मेट्रो ने खंभे हटा दिये। इसके साथ ही ट्रैफिक सिग्नल व अन्य उपकरण भी गायब हो गये। इससे कई महीनों से ट्रैफिक व्यवस्था पर नजर नहीं रखी जा पा रही है। नगर निगम लगातार मेट्रो से खंभों को लगाने के लिये नोटिस दे रहा है। लेकिन कुछ नहीं हो रहा है। अधिशाषी अभियंता यातायात ने यूपीएमआरसी को पत्र लिखकर कहा है कि मेट्रो का प्रथम चरण में काम लगभग पूरा हो गया है। यातायात पुलिस लगातार ट्रैफिक सिग्नलों को लगाने का आग्रह कर रही है। मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से बिठूर तिराहे, गरूदेव चौक, रावतपुर और गोल चौराहे से हटाए गये आईटीएम खंभों और उपकरणों को नगर निगम को दें, ताकि सिग्नलों को दोबारा सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

# महिला जागरुकता से ही सामाजिक उत्थान होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू की ओर से हुए वेबिनार में विशेषज्ञों ने व्यक्त की राय

**अमृत विचार।** समाज के उत्थान के लिए महिलाओं का हर क्षेत्र में जागरूक होना बहुत जरूरी है। यह डिजिटल दौर है, इसलिए महिलाओं के भीतर डिजिटल समझ होना बहुत जरूरी है। यह विचार बुधवार को सीएसजेएमयू की ओर से हुए वेबिनार में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए।

17वीं यूपी गर्ल्स बटालियन व छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के वेबिनार का उद्देश्य नई रोशनी योजना के बारे में महिलाओं को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत 17वीं यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल नीरज नैथानी ने की। इस दौरान डॉ शुभ्रा राजपूत ने विषय पर अपनी बात रखी। इसके बाद असिस्टेंट प्रोफेसर मयूरी सिंह ने कमजोर वर्ग की महिलाओं के विधिक अधिकारों, लैंगिक समानता, महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा पर चर्चा की। विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंशु सिंह ने अल्पसंख्यक महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सुधार के उपाय बताए। कमान अधिकारी कर्नल नीरज नैथानी ने बताया कि महिलाओं की नेतृत्व क्षमता किस प्रकार बढ़ाई जा सकती है। डॉ आकांक्षा शुक्ला ने नई रोशनी योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। संचालन सीनियर जीसीआई प्रतिमा यादव ने किया।

# अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर की वायरल

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में पीड़िता ने आरोपी पर फर्जी आईडी बनाकर उनकी व परिवार की महिलाओं की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आईआईटी नानकारी निवासी महिला के अनुसार उनकी ननद ने एक युवक से प्रेम विवाह किया है। शादी के बाद वह लोग उन्हीं के घर पर रहते थे। आरोप है कि नवंबर 2023 में उनको अकेला पाकर ननदोई ने उनके साथ छेड़छाड़ की। ननद भी अपने पति का पक्ष लेने लगी और पति के साथ घर छोड़कर चली गईं। बाद में राजवीर कुमार नाम की आईडी से उनकी व परिवार की अन्य महिलाओं की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर दी गईं।

**विकास की ओर** रामादेवी चौराहे पर हो रहा जीपीआर सर्वे, टाटमिल पर एक्सेल लोड व ओडी सर्वे

# एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए जमीन का 'अल्ट्रासाउंड' शुरू

**एक्सक्लूसिव**

अभिनव मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** रामादेवी से गोल चौराहे तक प्रस्तावित 10.85 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड निर्माण में सर्वे के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। रामादेवी, टाटमिल चौराहे पर एक्सल लोड सर्वे, ग्राउंड पेनिट्रेशन रडार (जीपीआर) सर्वे, ओरिजिन डेस्टीनेशन सर्वे (ओडी) कराया जा रहा है। जिससे जीटी रोड पर गुजरने वाले वाहनों का लोड, रोड के भीतर 10 मीटर तक क्या-क्या मौजूद है, का पता चल सकेगा।

अनवरगंज से मंधना तक शहर के बीचो-बीच से निकली 18 रेलवे क्रॉसिंग के कारण शहरवासियों को जीटी रोड पर भारी जाम से जूझना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए रामादेवी से गोल चौराहे तक 10.85 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना तैयार की गई है। जिसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एनएच पीडब्ल्यूडी ने हैदराबाद की हेक्सा कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी है। 14 फरवरी को पहली बार शहर आकर कंसल्टेंट कंपनी हेक्सा ने एलिवेटेड रोड का निर्माण का सर्वेक्षण किया था। अब रामादेवी चौराहे पर टीम जीपीआर सर्वे कर रही है, जो जमीन का 'अल्ट्रासाउंड' कहा जा सकता है। जीपीआर सर्वे के माध्यम से जमीन के 10 मीटर भीतर तक की रिपोर्ट मिलेगी। अधिकारियों के मुताबिक सर्वे के माध्यम से जमीन के अंदर पड़ी केबल, सीवर लाइन, वाटर लाइन, बड़े-बड़े नाले स्कैन किया जाता है। जिससे निर्माण के दौरान कोई बाधा सामने न आए।


सर्वे करती टीम। अमृत विचार


वाहनों का लोड आंका गया। अमृत विचार

### वाहनों का लोड व दूरी का हो रहा सर्वे

जीटी रोड पर वाहनों के लोड को जांचने के लिए टीम टाटमिल चौराहे पर एक्सेल लोड सर्वे किया जा रहा है, कितने लोड की गाड़ियां गुजर रही हैं, इसकी जानकारी की जा रही है। साथ ही ओडी सर्वे भी किया जा रहा है, जिसमें जीटी रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों से जानकारी की जा रही है कि कहां से वाहन आ रहा है और कहां तक जाएगा जिससे ट्रैफिक का पता चलेगा।

> कंसल्टेंट टीम ओडी, एक्सेल व जीपीआर सर्वे का काम कर रही है। जल्द ही टीम रिपोर्ट सौंप देगी। इसके बाद आगे का काम होगा।
>
> -अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच

### सिक्स लेन बनाने की योजना पर विचार

एलिवेटेड रोड निर्माण को सिक्स लेन बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत करीब एक हजार करोड़ के आसपास है। तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना में शामिल करने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को भेजा था।

**06** लेन का बनाया जाएगा एलिवेटेड रोड

**1000** करोड़ अनुमानित लागत

**10.85** किमी लंबाई होगी

- जमीन में 10 मीटर दबी सीवर, पाइप लाइन समेत अन्य वस्तुओं का पता चलेगा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अज़मतुल्लह खान पुत्र स्व0 शफी अहमद, निवासी- शमा विहार कालोनी पी0ओ0 मानसनगर, लखनऊ (उ0प्र0) -226023,** मेरे पासपोर्ट व पासपोर्ट अभिलेखो में मेरा नाम अज़मतुल्लह खान शफी अहमद त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अज़मतुल्लह खान पुत्र स्व0 शफी अहमद है। जिसको पासपोर्ट व पासपोर्ट के अभिलेखो मे दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आर्मी नं.-JC481398L SUB **करुणा निधि सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी-ग्राम-कालीधाम कालोनी, पोस्ट-फतेहपुर सिकंदर, जनपद-गाजीपुर, उ.प्र.,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम (ANUSKA SINGH) अंकित है जबकि उसका सही नाम (ANUSHKA SINGH) है। अत: मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम (ANUSHKA SINGH) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 201942377197 एवं पैन कार्ड संख्या (सीडीपीपीबी 4995 आर) में अकबरी बानों जन्मतिथि 01.01.1960 पूर्व में अंकित था। अब संशोधन करवाकर मैंने अपना नाम वारी निशा एवं जन्मतिथि 10.10.1962 अंकित करवाया है, जो सही है। **- वारी निशा पत्नी अख्तर अली, निवासी ग्राम करौंदिया देहात, चुनहा (ढखवा), सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजपूत मोना देवी पुत्री स्व0 हरीराम पत्नी राम बहादुर, निवासिनी- 46/2/33 पंचमुखी मन्दिर बी0/एच0 बोल्डी मिल रायपुर गेट अहमदाबाद सिटी गुजरात,** मेरे पिता स्व0 हरीराम के भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या - 219307374 मे मेरा नाम नामिनी के रूप में मोनी दर्ज हो गया था। जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार, पैन, बैक पास बुक मे मेरा यही नाम है, राजपूत मोना देवी एवं मोनी दोनों नाम मेरे ही हैं। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

40.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 06 : 53

## एक नजर

### पूर्व विधायक के अपार्टमेंट पर केस्को का छापा

**कानपुर।** बिजली चोरी की आशंका पर केस्को की टीम ने बुधवार को कैंट के पूर्व कांग्रेस विधायक सोहेल अंसारी के नवनिर्मित अपार्टमेंट में छापा मारा, जिसका मैसेज भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि छापा मारा गया है। एफआईआर के संबंध में अभी जानकारी नहीं है।

### मोबाइल शॉप से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**कानपुर।** बर्रा पुलिस ने बुधवार को मोबाइल शॉप से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक बाल अपचारी है। जरौली फेस वन निवासी संजय सैनी की विश्वबैंक में संजय रिचार्ज प्वाइंट एंड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। 24 अप्रैल को वह दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह दुकान पहुंचने पर दरवाजा खुला मिला था और गोलक में रखे एक लाख गायब मिले। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विश्व बैंक निवासी कृष्णा साहू व बाल अपचारी को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो हजार रुपये बरामद हुए हैं।

# सपना दिखाकर सो गए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से कर रहे गद्दारी

कानपुर। नगर निगम सदन में पास किये गये प्रस्तावों पर कोई काम नहीं हो रहा है। पिछले दो सदनों में शहर के विकास के लिये पास किये गये चार महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर तो अधिकारी दो कदम भी नहीं चले हैं। जाजमऊ में सोलर पार्क, स्वरूप नगर में महिला मार्केट, बाबूपुरवा में विश्वस्तरीय ऑडिटोरियम बनाने के प्रस्ताव को अधिकारी भूल गये हैं। बारातशालाओं को निजी संचालकों को देने का प्रस्ताव भी धूल फांक रहा है। जनता के मुद्दों को उठाने के लिये चुने गये शहर के पार्षद मौन हैं। जिसकी वजह से आम जनता के लिये जरूरी योजनाएं धरातल पर नहीं आ पा रही हैं। अभिषेक वर्मा की रिपोर्ट...

- नगर निगम के दो सदनों में चार महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर, एक पर भी काम शुरू नहीं
- सोलर पार्क, महिला मार्केट, विश्वस्तरीय ऑडिटोरियम आदि के प्रस्ताव धूल फांक रहे


बारातशाला - स्वराज नगर वार्ड 57 में लगा भूमाफियाओं का ताला। अमृत विचार

### निजी संचालक चलाएंगे बारातशाला, ऐसे नहीं हुआ

- नगर निगम की 42 बारातशाला और कम्युनिटी सेंटर में सिर्फ 5 का संचालन ही विभाग कर रहा है। जबकि अधिकतर पर कब्जेदार मलाई काट रहे हैं। महापौर के निर्देश पर जोन वार सर्वे में यह बात सामने आई है। जिसके बाद महापौर ने सभी कब्जेदारों को नोटिस जारी करने के साथ ही खाली कराकर उसका संचालन करने के निर्देश जारी किये थे। 19 अक्टूबर को हुई सदन की बैठक में इन बारातशालाओं को निजी संचालकों को देने के लिये प्रस्ताव संख्या 18 के तहत नियम व शर्तों के आधार पर स्वीकृति दी गई है। लेकिन, सात महीने के बाद भी इस प्रस्ताव पर एक कदम भी अधिकारी नहीं चले हैं। कई बारातशालाओं में दबंगो का कब्जा है और वो इसे किराये पर उठाकर किराया भी वसूल रहे हैं। आम जनता को जो सुविधा मिलनी चाहिए,उस पर दबंग मलाई काट रहे हैं।

### सदन की सैद्धांतिक मंजूरी लेकिन काम कुछ नहीं हुआ

- स्वरूप नगर स्थित घंटाघर की जमीन पर महिला मार्केट बनाने के लिये सदन में प्रस्ताव संख्या 30 को पास किया गया है। नगर निगम कोष की उपलब्ध धनराशि से निर्माण के लिये एचबीटीयू को पीएमसी नामित करते हुये एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजकर अनुमति लेनी है। लेकिन, इस कार्य को अभी तक नहीं किया गया है। महापौर प्रमिला पांडेय ने भी पिछले कार्यकाल में महिला मार्केट बनाने का एलान किया। नगर आयुक्त ने भी सदन की सैद्धांतिक मंजूरी ले ली है। अधिकारियों के अनुसार महिला मार्केट के लिए 4900 वर्गमीटर जगह में 150 दुकानें बन जाएंगी। महिला मार्केट में दुकानों के साथ लॉबी एरिया, शौचालय, पेयजल, फीडिंग सेंटर, बैठने की बेंच, और खानपान की दुकानें होंगी। इस पूरी योजना में 100 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है।


स्वरूप नगर घंटाघर की जमीन पर महिला मार्केट बनाने का प्रस्ताव था। अमृत विचार


जाजमऊ में बना 36 एमएलडी का सीईटीपी प्लांट। अमृत विचार

### 1253 एकड़ में नगर निगम स्थापित करेगा सोलर पार्क

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने 19 फरवरी को सदन में जाजमऊ में नगर निगम के स्वामित्व वाली 1253 एकड़ सीवेज फार्म की जमीन पर सोलर पार्क की स्थापना का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव संख्या 30 को सदन ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। यह पार्क नगर निगम को बनाना है। इससे जाजमऊ स्थित 36 एमएलडी सीईटीपी प्लांट को चलाने में बिजली का खर्च बचेगा। इस प्रस्ताव पर भी नगर निगम के संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्य नहीं किया। महापौर के बाद अब नगर आयुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी।


बीएन भल्ला अस्पताल में भी काम नहीं हुआ। अमृत विचार

### दक्षिण में बनना है पहला विश्वस्तरीय सभागार पर कब?

- कानपुर के दक्षिण क्षेत्र में पहला सभागार बनाने का प्रस्ताव भी नगर निगम सदन की बैठक में पास किया गया है। यह सभागार बाबूपुरवा थाने के बगल में स्थित बीएन भल्ला अस्पताल में बनेगा। इस सभागार का इस्तमाल लाजपत भवन की तरह बैठकों या अन्य कार्यक्रमों के लिए हो सकेगा। नगर निगम सदन ने प्रस्ताव संख्या-32 को सर्वसम्मति से पास तो कर दिया लेकिन इसमें क्या हुआ न किसी पार्षद ने पूछा और न ही अधिकारियों ने रुचि ली। अगर यह सभागार बनेगा तो शहर की तरह ही दक्षिण क्षेत्र में रहने वाली जनता को बैठकों, कार्यक्रमों को करने में आराम हो जायेगा।

> सदन में पास प्रस्तावों पर कार्यवाही न किया जाना अत्यंत आपत्तिजनक है। मैंने सभी संबंधित अधिकारियों को तीन दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये हैं। सदन में पारित सभी प्रस्तावों पर समय बद्ध तरीके से काम किया जायेगा। - शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त, कानुपर नगर निगम

### महापौर ने मांगी जानकारी तो याद आया

महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि सदन की बैठकों में पारित प्रस्तावों पर अधिकारी कोई काम नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों ने समय बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही ही नहीं की है। इसपर मैंने रोष व्यक्त किया है। वहीं, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को मुख्य अभियंता सिविल, जलकल महाप्रबंधक, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी संपत्ति/आईटी को पत्र लिखकर निर्देश दिये हैं कि चारों प्रस्तावों पर संबंधित अधिकारी तीन दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नगर आयुक्त ने सभी से कहा है कि सदन से पास सभी प्रस्तावों पर नियमानुसार समय से कार्यवाही करें।


महापौर प्रमिला पांडेय।

# 24 घंटे में 536 फॉल्ट, लोगों के छूटे पसीने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को मुख्यालय में रोज पहुंच रहीं पांच सौ से अधिक शिकायतें

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में हो रही ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या के कारण लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। 24 घंटे में 536 फाल्ट हुए जिससे शहरवासियों के पसीने छूट रहे हैं। परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब केस्को के अधिकारी उपभोक्ताओं को सटीक जानकारी नहीं दे पाते। लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा दिए गए समय पर बिजली नहीं आती है।

शहर में बिजली संकट की वजह से हाहाकर मचा हुआ है। अधिकारी मीटिंग में केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन को सब कुछ अच्छा-अच्छा बताने और व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए मेहनत व लगन से काम करने का दावा करते हैं।

गुरुवार को रतनपुर में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक, हनुमंत विहार में शाम चार बजे से रात 10 बजे तक, रतनलाल नगर में शाम सात बजे से 10 बजे तक, हंसपुरम पुरानी बस्ती, शास्त्री नगर, यशोदा नगर, श्याम नगर, काकादेव, रावतपुर, नौबस्ता, कल्यानपुर समेत 70 मोहल्लों में दिन भर बिजली की समस्या रही। 24 घंटे में पांच सौ से अधिक लोगों ने बिजली संबंधित शिकायतें कीं।

**केस्को अफसरों के दावे:** केस्को अधिकारियों के मुताबिक मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र के पाम कोर्ट फीडर की आपूर्ति एचटी लाइन में फॉल्ट होने की वजह से सिर्फ 45 मिनट बाधित रही। जरीब चौकी फीडर के ट्रांसफार्मर में अर्थिंग राड लगाने के लिए दोपहर में दो बजकर 35 मिनट से तीन बजकर 15 मिनट तक शटडाउन रहा। सनिगंवा फीडर की आपूर्ति एचटी लाइन टूटने के कारण 11 बजकर 25 मिनट से 12 बजे तक गुल रही थी।

### 9151114604 पर घर बैठे करें शिकायत

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि शहर के सभी सीनियर सिटिजन उपभोक्ताओं के बिलिंग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण घर बैठे किया जाएगा। इसके लिए वह हेल्पलाइन नंबर 9151114604 पर संपर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। उनको अब किसी भी प्रकार की बिजली से संबंधित समस्या के लिए उनको उपकेंद्र नहीं जाना होगा।

# अभी 2 से 3 डिग्री और बढ़ सकता तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फिर 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम पारा

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने शहर में जल्द ही 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की आशंका जताई है। इसकी वजह हवा की तेज गति बताया है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शुक्रवार तक शहर में हीटवेव की प्रबल आशंका है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

शहर में सुबह से चल रहीं तेज हवाएं लपट भरी गर्मी बढ़ा रही थीं। सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि गर्म तेज हवाओं के चलते सामान्य से कम तापमान के बावजूद शहरवासियों को गर्मी का एहसास अधिक हुआ। बुधवार को 9.9 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। विशेषज्ञों ने बताया कि तेज हवाएं सोमवार तक गर्मी में बढ़ोतरी करेंगी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि सोमवार तक शहर में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। इसके बावजूद वर्षा की संभावना नहीं हैं। दिन का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने के आसार हैं।

# हैलट में तीमारदारों-डॉक्टरों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलाज करते समय तीमारदार बनाने लगे थे वीडियो
- मना करने पर तीमारदारों व डॉक्टरों में मारपीट

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार को जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच मारपीट हो गई। डॉक्टरों का आरोप है कि इलाज करते समय तीमारदार वीडियो बनाने में लगे थे, मना करने पर उन्होंने मारपीट की। तीमारदारों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण वह वीडियो बना रहे थे, जिसपर डॉक्टरों ने मारपीट की। मारपीट के बाद डॉक्टरों ने मरीज का इलाज किया और उसे जांच के लिए भेजा। प्राचार्य ने मामले की जांच की।

उन्नाव के पुरवा धरौरा निवासी करुणा शंकर तिवारी (67) पंडिताई करते थे। बेटे सर्वेश ने बताया कि बुधवार सुबह पिता पूजा करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पुरवा हाईवे पर डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उनको उन्नाव के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर देखते हुए उनको डॉक्टरों ने हैलट अस्पताल रेफर रेफर कर दिया। इमरजेंसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने तीमारदार को पर्चा बनवाकर लाने के लिए भेजकर इलाज शुरू किया। लेकिन तीमारदारों का आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज में काफी देरी की, जिससे उनकी हालत और खराब होने लगी। जब इसका वीडियो बनाने की कोशिश की तो डॉक्टरों ने मोबाइल छीनकर तीमारदारों के साथ मारपीट की। जबकि डॉक्टरों का कहना है कि वीडियो बनाने से मना करने पर तीमारदारों ने डॉक्टरों व वार्ड ब्वाय के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंचे हैलट चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने तीमारदारों को समझाकर शांत कराया। इसी बीच जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने इमरजेंसी में तीमारदारों व डॉक्टरों से मामले के संबंध में जानकारी ली। वहीं, जूनियर डॉक्टर ने मरीज को जांच के लिए भेजा, लेकिन परिजनों ने मरीज की छुट्टी करने की बात बोली। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि तीमारदार मोबाइल से डॉक्टरों का वीडियो बना रहे थे। इसलिए उनका मोबाइल लिया गया था। अस्पताल में फोटो व वीडियो वर्जित है। इमरजेंसी में लगे कैमरे भी चेक किए जाएंगे।

# अगले माह लेदर क्लस्टर के विकास का कार्य शुरू होगा

**250** टेनरियां स्थापित की जाएंगी

**102** हेक्टेयर में प्रस्तावित है क्लस्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेगा लेदर क्लस्टर डेवलमेंट यूपी लिमिटेड जून अंत से रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए विकास कार्य शुरू कराएगा। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही स्पेशल परपज व्हीकल के तहत गठित कंपनी को ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि भी आवंटित कर दी जाएगी। 102 हेक्टेयर में प्रस्तावित मेगा लेदर क्लस्टर में 250 टेनरियां स्थापित होंगी।

85 फैक्ट्रियां जूता व अन्य उत्पाद बनाने की होंगी। सौ फैक्ट्रियां फ्लैटेड फैक्ट्री में स्थापित होंगी। 20 एमएलडी का कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित होगा। 335 उद्यमी ही यहां अपने उद्योग लगा सकेंगे। 20 एमएलडी के ट्रीटमेंट प्लांट के लिए दो सौ करोड़ रुपये नमामि गंगा मिशन से मिलेगा। सड़कों के विकास के लिए 125 करोड़ रुपये भी अगस्त में केंद्र सरकार से मिलने की उम्मीद है। यह राशि मंजूर हो गई है। कंपनी के डायरेक्टर अशरफ रिजवान ने बताया कि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि की अदला- बदली की प्रक्रिया में कोई अड़चन नहीं है।


लेदर क्लस्टर के लिए प्रस्तावित स्थल। अमृत विचार

# मेरा 'विकेट' गिराने की तैयारी है...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आंचल खरबंदा की मां ने कोर्ट में दर्ज कराए बयान
- बताया कि घटना से पूर्व आंचल ने जानकारी दी थी

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के मसाला कारोबारी सूर्यांश खरबंदा की पत्नी आंचल खरबंदा की मौत के मामले में बुधवार को एडीजे तीन की कोर्ट में सुनवाई हुई। आंचल की मां हिना ग्रोवर ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। हिना ने बताया कि आंचल ने घटना से कुछ समय पूर्व कहा कि यह लोग मेरा विकेट गिराने (मारने) की तैयारी कर रहे हैं। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि एक जून निर्धारित की है।

19 नवंबर 2021 को अशोक नगर निवासी आंचल खरबंदा का शव बाथरूम में फंदे से लटकता मिला था। आंचल के पिता पवन ग्रोवर ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पति सूर्यांश, सास निशा, फूफा भरत ग्रोवर, पुनीत कोटवानी, निकिता, अन्नु खुल्लर, मीनाक्षी व तान्या ग्रोवर पर दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सूर्यांश, निशा व भरत ग्रोवर को जेल भेज कर चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने अन्य पांचों आरोपियों का नाम मुकदमें से बाहर कर दिया था। मामला एडीजे तीन की कोर्ट में विचाराधीन है। एडीजीसी धर्मेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अभियोजन की ओर से चार फोटोग्राफ दाखिल किए गए थे, जिसमें एक में आंचल की पंखे से लटकते हुए, दूसरी जमीन पर पैर छूते हुए, एक में चश्मा नाक पर लटक रहा था, वहीं एक अन्य फोटो में मुंह से खून निकलता दिख रहा था। बुधवार को इन्ही फोटोग्राफ को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई। सुनवाई के दौरान आंचल की मां हिना ग्रोवर के बयान दर्ज किए गए। हिना ने कोर्ट को बताया कि आरोपी शादी के बाद से ही 70 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे।



# नगर आयुक्त पर रिपोर्ट दर्ज करने को याचिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डिप्टी नाजिर को सांड़ के पटक कर मार डालने के मामले में बुधवार को अधिवक्ता ने सीएमएम कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में नगर आयुक्त व अधीनस्थ कर्मचारियों को जिम्मेदार मानते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई। कोर्ट ने 28 मई तक नगर निगम से रिपोर्ट मांगी है।

आईआईटी नानकारी निवासी देवेंद्र कुमार यादव (58) जिला जज के यहां डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। बीते रविवार वह मार्निंग वॉक पर गए थे तभी नानकारी में सांड़ ने उन्हें तीन बार उठा कर पटका था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। मामले में अधिवक्ता सोमनाथ बाजपेई ने सीएमएम कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण डिप्टी नाजिर की जान गई। इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन कैटल कैचिंग विभाग कागजों पर काम कर रहा है, शासन द्वारा विभाग को करोड़ों रुपये दिए जाते हैं, जिसका दुरुपयोग किया जा रहा है। डिप्टी नाजिर की मौत के लिए नगर आयुक्त व उनके कर्मचारी उत्तरदायी हैं।

**हेल्थ जोन** इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी व आईवीएल विधि से फ्री होगा इलाज, दिल की धमनी में ब्लॉकेज के मरीजों को बड़ी राहत

# कॉर्डियोलॉजी में बिना चीरा-टांके के दिल बाग-बाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कॉर्डियोलॉजी संस्थान में अब बिना चीरा और टांके के दिल को दुरुस्त किया जाएगा। हृदय की धमनी में रुकावट की समस्या से पीड़ित रोगियों का संस्थान में इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी और आईवीएल विधि से ऑपरेशन होगा। इसके लिए मरीज को लाखों रुपये खर्च नहीं करने होंगे। कॉर्डियोलॉजी में निशुल्क ऑपरेशन होगा।

हृदय की धमनी में ब्लॉकेज की समस्या से पीड़ित रोगियों को अब ओपन हार्ट सर्जरी करने की जरूरत नहीं होगी। न ही ऐसे रोगियों को इलाज कराने के लिए निजी अस्पतालों में आठ से 10 लाख रुपये खर्च करने होंगे। प्रदेश में पहली बार कॉर्डियोलॉजी संस्थान में धमनियों में रुकावट की समस्या से पीड़ित रोगियों का इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी और आईवीएल विधि से निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। संस्थान के प्रो. अवधेश शर्मा ने बताया कि दिल की धमनी में कैल्शियम का जमाव होने से परत सख्त हो जाती है और इससे अंदर बैलून फूल नहीं पाता। तब स्टंट लगाने में दिक्कत आती है। अभी तक इसका एक मात्र इलाज ओपन हार्ट सर्जरी था। लेकिन अब आईवीएल विधि से बैलून डालकर रोगियों को शॉक वेव दिया जाएगा, जिससे नली मुलायम होगी और परत टूट जाएगी। तब आसानी से स्टंट लग जाएगा। इसमें कैल्शियम की परत उसी तरह तोड़ी जाती है, जिस तरह शॉक वेव से किडनी की पथरी को तोड़ा जाता है। इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी का सेटअप 10 लाख रुपये का पड़ता है। बैलून सवा लाख रुपये में आता है। कॉर्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रो.राकेश वर्मा ने बताया कि संस्थान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आईवीएल विधि से इलाज कर रही है। इस विधि से ऑपरेशन में केजीएमयू व एसजीपीजीआई लखनऊ में फीस निर्धारित है। लेकिन कॉर्डियोलॉजी संस्थान में इसका इलाज निशुल्क होगा।



### डायबिटीज व किडनी रोगियों को अधिक दिक्कत

कॉर्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रो .राकेश वर्मा ने बताया कि हृदय की धमनी में कैल्शियम का जमाव ज्यादातर डायबिटीज ग्रस्त हृदय रोगियों और किडनी रोगियों को होता है। अधिक उम्र के रोगियों को भी यह समस्या होती है। अभी तक ऐसे रोगियों की ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है। ऐसे में रोगी को अस्पताल में कई दिनों तक रुकना पड़ता है और खून चढ़ाने की भी जरूरत पड़ती है। आईवीएल विधि से इलाज करना आसान होगा। वहीं, कई रोगी ब्लॉकेज के बावजूद वर्षों बाद अस्पताल आते हैं तो एंजियोग्राफी में धमनी ब्लॉकेज का पता चलता है। ऐसे मरीजों की धमनी की नली में भी कैल्शियम की परत जम जाती है। आईवीएल विधि से पहले नली में जमे कैल्शियम की परत को तोड़ा जाता है। उसके बाद नसों के मुलायम होने के बाद स्टंट डाला जाता है।

# अधिकतर उद्यमी नहीं दे रहे हैं औद्योगिक विकास का आंकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब उद्यमियों को नोटिस के साथ फोटो खिंचानी पड़ेगी होगा जुर्माना भी

**अमृत विचार।** उद्यमी अपने यहां के आंकड़ा देने से बच रहे हैं। इससे औद्योगिक विकास का आंकड़ों का आकलन करने में समस्या सामने आ रही है। विभिन्न इकाइयों के उत्पादकता का ग्राफ भी नहीं बन रहा है। उद्यमियों को विभाग की ओर से भेजी गई नोटिस के बाद उनपर जुर्माना लगाए जाने की तैयारी है।

सांख्यिकी विभाग की ओर से उद्यमियों का लिया जाने वाला डाटा राज्य की आय निर्धारित करने में किया जाता है। इस डाटा के लिए उद्यमियों को सांख्यिकी विभाग की ओर से दो बार रिमाइंडर दिया जा चुका है। इसके बावजूद उद्यमी आंकड़ों को साझा करने में आनाकानी कर रहे हैं। फिलहाल सांख्यिकी विभाग वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के जरिए औद्योगिक आंकड़े संकलित कर रहा है। इसमें तीन स्तर से डाटा जुटाया जाता है। विभाग ने शहर के 285 उद्योगों से बैलेंस शीट, रॉ मटीरियल, लेबर अटेंडेंस की डिटेल्स की हार्ड और - सॉफ्ट कॉपी मांगी थी। इसके लिए उद्योगों को बीते 20 जनवरी को नोटिस भेजा गया था। नोटिस ज्यादातर उद्यमियों ने रिसीव नहीं किया। इसके बाद अब15 मई को रिमाइंडर गया है। पहली बार नोटिस को ज्यादातर उद्यमियों ने रिसीव नहीं किया। लिहाजा, इस बार विभाग हाथों-हाथ नोटिस का रिमाइंडर रिसीव करा रहा है। इसके साथ ही उसकी फोटो खींची जा रही है। उद्यमियों की ओर से डाटा दिए जाने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है। पूरे मामले पर जिला अर्थ एवं को संख्याधिकारी चित्रा दुबे ने बताया कि नोटिस रिसीव होने के बाद यदि अंतिम तारीख तक डाटा उद्योग नहीं देते हैं, तो उनसे हर रोज एक हजार रुपये की दर से जुर्माना वसूल किया जाएगा।

# फैशन डिजाइनर की हत्या में आईआईटी छात्र को उम्रकैद

लखनऊ, विधि संवाददाता



● 2008 का चर्चित मामला आईआईटी कैंपस में मिला था कंकाल

**अमृत विचार।** मुंबई के फैशन डिजाइनर की हत्या करने के मामले में आईआईटी कानपुर के छात्र राहुल वर्मा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अनुरोध मिश्रा ने दोषसिद्ध करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसके साथ ही अभियुक्त पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

सीबीआई की ओर से बताया गया कि 22/23 अगस्त 2008 को वादी सूर्य कुमार बाजपेयी ने शक जताया था कि कुछ दिनों पहले आईआईटी कैम्पस कानपुर में मिला कंकाल उनके पुत्र का था। वादी की आशंका के बाद खून व हड्डियों की डीएनए जांच कराई गई जिसमें यह पता चला कि मृतक वादी का ही पुत्र था। अदालत को बताया गया कि मृतक आदेश वाजपेई फैशन डिजाइनिंग का काम फ्रीलांसिंग तरीके से करता था। वह आईपीएस अरुण गुप्ता की पत्नी के संपर्क में आया तथा लखनऊ में उनके साथ व्यवसाय करना शुरू कर दिया। अभियोजन के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट अज्ञात में 20 अगस्त 2008 को थाना मूलगंज जनपद कानपुर में दर्ज कराई गई थी जिसमें वादी ने कहा था कि 3 अगस्त 2008 को उसका पुत्र आदेश बाजपेई मुंबई से लखनऊ ट्रेन द्वारा व्यवसायिक काम से आया था तथा 10 अगस्त 2008 की दोपहर आदेश उसके मामा के घर एक बजे लखनऊ मिलने आया। उसके बाद 13 अगस्त 2008 को रात करीब दस बजे विवेक त्रिवेदी से कहा कि वह उसे मूलगंज चौराहे पर छोड़ दे जहां पर कोई उससे मिलने के लिए खड़ा है।

इसके बाद विवेक त्रिवेदी आदेश को मूलगंज चौराहे पर छोड़ने गए जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला।अदालत को बताया गया कि 17 दिसंबर 2009 को वादी सूर्य कुमार वाजपेई ने प्रार्थना पत्र देखकर राहुल वर्मा पर शक जताया था। यह भी बताया गया कि अभियुक्त की पहचान विवेक त्रिवेदी के अलावा पुलिस अधिकारियों एवं आईआईटी अधिकारियों के समक्ष कराई गई थी। जहां पर सभी लोगों ने उसे पहचाना तथा विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मृतक को आरोपी राहुल वर्मा घटना वाले दिन मूलगंज चौराहे से अपने साथ ले गया था। विशेष अभियोजन अधिकारी सीबीआई द्वारा कहा गया कि आदेश बाजपेई की हत्या करने के बाद आरोपी ने उसके शरीर के टुकड़ों को आईआईटी कानपुर कैंपस में छुपाया था तथा घटना के दिन हत्या करने के पूर्व वह उसे अपने हॉस्टल भी ले गया था।

### गैरइरादतन हत्या में दो को सात साल कैद

■ **कानपुर।** बुधवार को एडीजे 14 की कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल कैद की सजा सुनाई। दोषियों ने वर्ष 2020 में ग्वालटोली थानाक्षेत्र निवासी युवक की हाथों में लोहे के पंच पहन कर पिटाई की थी। चार माह इलाज के बाद युवक की मौत हो गई थी। ग्वालटोली निवासी रामजानकी ने बताया कि 29 अप्रैल 2020 की रात नौ बजे उनका बेटा मोहित मोहल्ले में गया था। तभी मोहल्ले में रहने वाले हीनू उर्फ यूसुफ व फैसल ने उसकी सुलभ शौचालय के पास लोहे के पंच पहन कर पिटाई कर दी थी, जिस कारण मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित परिजनों ने ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा घायल को इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब चार माह तक इलाज के बाद 31 अगस्त 2020 को मोहित की मौत हो गई थी। पीएम रिपोर्ट में सेप्टीसीमिया के कारण मौत होने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमें में गैर इरादतन हत्या की धारा में बढ़ोतरी की कर एडीजे 14 की कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजीसी शिवभगवान गोस्वामी ने बताया कि अभियोजन की ओर से पीड़िता की मां, साक्षी माया समेत आठ गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने आरोपी हीनू व फैसल को दोषी मानते हुए सात-सात साल का कारावास व 16-16 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

# महिला और युवक ने फांसी लगाई, मौत

संवाददाता, रसूलाबाद



नेहा।



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बुधवार को एक महिला व युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के पाल नगर मोहल्ला निवासी चंद्र प्रकाश (35) बुधवार की सुबह अपने घर से खेतों की तरफ जाने की बात कहकर साइकिल से निकला था, लेकिन वह खेतों न जाकर रसूलाबाद आ गया। उसने यहां से प्लास्टिक की रस्सी खरीदी और उसे लेकर मलखानपुर बम्बी के पास एक मेड़ पर नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बंबा नहाने जा रहे एक लड़के ने पेड़ से युवक का लटका हुआ शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त के प्रयास किए तो उसकी पहचान पालनगर निवासी चंद्रप्रकाश के रूप में हुई। पति की मौत से पत्नी विनीता बदहवाश हो गई, जबकि पुत्री नेहा, संध्या, प्रांशी पुत्र सुमित मां गयावती का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सुभाष नगर निवासी नेहा (20) ने मकान के अंदर पड़े टीनशेड से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार की सुबह ससुर रामप्रकाश बर्फ बेचने के लिए फेरी पर निकल गया था। पति अजय प्लंबरिंग का कार्य करने के लिए निकल गया था। दोपहर में पति जब घर वापस आया तो उसने अपनी पत्नी को दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकते हुए देखा।

# ग्रीनपार्क के पास कार में मिला युवक का सड़ा शव

## परमट में यूनियन बैंक के सामने खड़ी थी कार, चार-पांच दिन पुराना था शव, देश शाम हो सकी शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ग्रीन पार्क के बाहर भीड़ लगाए लोग। अमृत विचार



यश सोनवानी से कार के बारे में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में ग्रीन पार्क के पास दीवार से सटी खड़ी कार से युवक का अर्द्धनग्न सड़ा शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने कार की नंबर प्लेट की आधार पर ऑनर को सूचना दी। देर शाम शव की शिनाख्त हो गई।

परमट निवासी यश सोनवानी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता प्रेमप्रकाश डिफेंस से सेवानिवृत्त हैं। बीमार होने के चलते घर पर आराम कर रहे हैं। कार मां ऊषा के नाम है। पिता के बीमार होने के चलते 10 दिन पहले गाड़ी को ग्रीनपार्क के बगल में यूनियन बैंक के सामने खड़ा कर दिया था। बीच-बीच में वह कार को दूर से खड़ा देखकर चले जाते थे। बुधवार शाम पांच बजे पुलिस ने कार में शव पड़ा होने की जानकारी दी।

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि शव की शिनाख्त 30 वर्षीय अतुल निवासी जिला उन्नाव असीवन बेहटा बुजुर्ग गांव के रूप में हुई है। वह ऑटो चलाता था और शराब का लती था। परिजनों ने बताया कि वह गांव की एक युवती को लेकर भाग गया था, जिसके बाद घर नहीं आता था। परिजनों ने बताया कि वे लोग गांव से अपनी जमीन जायदाद बेचकर लुधियाना शिफ्ट हो गए हैं। थाना प्रभारी का कहना था कि शव लगभग चार से पांच दिन पुराना लग रहा है, इस कारण दुर्गंध उठने लगी थी। पोस्टमार्टम से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

● मृतक के परिजन बोले-युवती को लेकर भाग गया था, तब से नहीं आता था गांव

### इंजीनियर ने दी पुलिस को जानकारी

■ जियो के जूनियर इंजीनियर राहुल कुमार ने पुलिस को बताया कि ग्रीन पार्क के एक नंबर गेट की इंट्री स्थल के ठीक बगल में उनकी कंपनी का जनरेटर लगा हुआ है। उसकी बैट्री खराब हो गई थी। जिसे वह बदलने के लिए अपने साथी कर्मचारी आशीष के साथ वहां पहुंचे थे। तभी कार के पास से तेज दुर्गंध आने लगी। इस पर जानकारी डायल 100 को दी।

### आसपास के लोगों से की पूछताछ खंगाले सीसीटीवी

■ एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह और कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने आसपास के सभी दुकानदारों से पूछताछ की। जिस भी अपार्टमेंट और दुकान में सीसीटीवी लगे थे, उन्हें खंगालना शुरू कर दिया।

### कार का खराब था लॉक

■ कार मालिक के बेटे यश सोनवानी ने पुलिस को बताया कि वह सालों से अपनी कार को ग्रीन पार्क के एक नंबर गेट के बाहर ही पार्क करते थे। बताया कि कार का ड्राइवर सीट का लॉक खराब था। युवक कार के अंदर क्यों गया, यह पता नहीं।

# गोली से महिला की मौत में दो लोगों को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



● सीसामऊ थानाक्षेत्र की घटना, मायके में लगी थी गोली

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में मायके में मनीषा यादव की गोली लगने से हुई मौत के बाद पुलिस ने साक्ष्य मिटाने और पुलिस को गुमराह करने में संजय यादव और केस के वादी विशाल यादव को जेल भेज दिया है।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि दो दिन पहले सीसामऊ में घर की सफाई करते समय एक झोला बच्ची ने ऊपर से नीचे फेंका था। झोले में लोडेड तमंचा रखा था, झोला नीचे गिरने से फायर हो गया और गोली मनीषा के जा धंसी थी। मनीषा को उनके भाई विशाल यादव और परिवार वाले लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे, जहां सरिया से चोट लगने की बात बताई। अस्पताल से पुलिस को पीआई भेजी गई। कुछ ही देर में मनीषा की मौत हो गई थी।

पोस्टमार्टम में मनीषा के शरीर से 315 बोर की गोली मिली थी। पुलिस ने मौके पर सफाई करा रही बच्ची के बयान दर्ज किए और मनीषा के भाई विशाल यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जब घर के फर्श की जांच की तो बेंजाडीन टेस्ट में साक्ष्य मिटाने की बात सामने आई। वहीं तमंचे के विषय में जानकारी करने पर पता चला कि विशाल को तमंचा उसके मामा हीरू ने दिया था, जिनकी मौत हो चुकी है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि विशाल और उसके भाई संजय के खिलाफ आर्म्स एक्ट, गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य मिटाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।



सीएचसी का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ। अमृत विचार

### सीएचसी में डिप्टी सीएमओ को मिली गंदगी

**राजपुर।** सलेमपुर सीएचसी का बुधवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने औचक निरीक्षण किया। परिसर में फैली गंदगी और सीएचसी में मरीजों के लिए ओआरएस का घोल नहीं मिलने पर डिप्टी सीएमओ ने नाराजगी जाहिर की। राजपुर के सलेमपुर सीएचसी के निरीक्षण में डिप्टी सीएमओ को अस्पताल परिसर बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियां मिलीं। दवा कक्ष में दवाइयों के रखरखाव दुरुस्त नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में ओआरएस का घोल नहीं मिला। उन्होंने सीएचसी में मौजूद ड्यूटी डाक्टर ध्रुव सिंह को फटकार लगाई। दोपहर एक बजे तक अस्पताल में 24 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें एक मरीज डायरिया का था, जिसका इलाज किया गया। डिप्टी सीएमओ ने मरीजों की बीमारी और इलाज की जानकारी ली। कूड़ा निस्तारण का समुचित प्रबंध न होने पर समस्या का जल्द समाधान करने का निर्देश दिए। वहीं राजपुर पीएचसी में 113 मरीज आए। मरीजों को मेडिकल परीक्षण के बाद दवा दी गई, जिसमें 30 मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के आए मरीजों का उपचार के साथ हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताए। निरीक्षण के दौरान राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, बीसीपीएम आकाश कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नर ने देखी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



निरीक्षण के दौरान मातहतों को निर्देश देते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार सड़क पर उतर आए। बुधवार को सबसे पहले सुबह रेव मोती से लेकर हैलट पुल और उसके बाद काकादेव की तरफ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों और सभी व्यापारी संगठन से बात करने के बाद यातायात व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार निरीक्षण के दौरान कई व्यापारियों और दुकानदारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने रीजेंसी अस्पताल से पहले सड़क पर नालों की सफाई में निकाली गई सिल्ट पड़ी देखी तो खुद ही नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को फोटो खींचकर तत्काल नगर आयुक्त शिवशरपप्पा जीएन को कार्रवाई के लिए भेजा। इसके साथ ही रेव मोती मॉल से रावतपुर क्रॉसिंग के बीच बाएं ओर की पटरी पर ऑटो व ई-रिक्शा के लिए अस्थाई स्टैंड बनाए जाने के लिए कहा। बेतरतीब खड़े ऑटो, ई रिक्शा व टेंपो से लगने वाले जाम से निजात मिल सके। सड़क किनारे लगने वाले दस्तावेज़ लेखकों के अस्थाई बस्तों, ठेला दुकानदारों को गोल चौराहा के नीचे सुव्यवस्थित रूप से स्थानंतरण करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान डीसीपी सेंट्रल आरएस गौचम, एसीपी सेंट्रल शिखर, प्रभारी निरीक्षक काकादेव केपी गौड़ शामिल रहे।

### वाहन चेकिंग और छींटाकशी के दो मामले दर्ज

एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान टेंपो, ई रिक्शा और ऑटो में छींटाकशी करने में दो मुकदमे दर्ज किए गए। ग्वालटोली के परमट में पहला मामला दर्ज किया गया जिसमें चंदारी निवासी ऊधम को गिरफ्तार किया गया। वहीं तलाक महल निवासी कासिफ को फूलमती मंदिर के पास आने जाने वाली युवतियों से अभद्रता करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस ने सीसामऊ पर चेकिंग के दौरान गलत दिशा से आ रहे एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

## सार-संक्षेप

### आफिस में पंखा-एसी खुला न छोड़ें

**कानपुर।** डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को विकास भवन में विभागों में कार्यरत कर्मचारियों से कहा कि गर्मी में बिजली का लोड बढ़ जाता है। इसलिए बिजली की बर्बादी से बचने की जरूरत है। जब कार्यालय में बैठे हैं, बिजली का इस्तेमाल करें। कार्यालय से बाहर निकलने पर एसी, पंखा, कंप्यूटर, प्रिंटर आदि बंद करना न भूलें।

### लेन-देन के विवाद में युवक को बेल्टों से पीटा

**कानपुर।** बाबूपुरवा निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि वह शनिवार सुबह पांच बजे गुड़गांव से वापस आए थे। दोपहर में वह सामान खरीदने बाजार गए थे। रास्ते में निखिल पटेल, हर्षित कुमार और दो अन्य लोगों ने पैसों के लेन-देन को लेकर उनकी बेल्ट से पिटाई कर दी। थाना प्रभारी बाबूपुरवा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, घायल

**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को उल्टी दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। गोविंद नगर निवासी गोविंद त्रिवेदी ने बताया कि मंगलवार शाम को वह अपनी बाइक से शास्त्री चौक से सचान चौराहे की ओर जा रहे थे। बर्रा हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार में उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने अज्ञात कार सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटा

**कानपुर।** जूही नहरिया निवासी आशा गुप्ता ने मोहल्ले के युवक के खिलाफ किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि वह अपनी मां के घर पर रहतीं हैं। सोमवार दोपहर वह काम से जा रही थीं तो मोहल्ले में रहने वाला आकाश उन्हें गालियां देने लगा, विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें लाठी डंडे से पीटा। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

तैयारी

27 विभागों के जिम्मे 42,87,700 पोधरोपण का लक्ष्य, वृक्ष बनने तक करनी होगी देखरेख

# पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान से बढ़ाएंगे हरियाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




बैठक में विभागीय अधिकारियों को दी गई पौधरोपण की जिम्मेदारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर को हराभरा बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान से शहर में हरियाली आएगी। इसके तहत 27 विभागों के जिम्मे 42,87,700 पौधरोपण का लक्ष्य है। पौधरोपण के साथ ही पौध को वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी भी विभागों की होगी।

जिला वृक्षारोपण समिति और जिले के 27 विभाग इस बार पौधरोपण की तैयारी में जुट गए हैं। विभागों को भारी भरकम 42,87,700 पोधरोपण का लक्ष्य भी मिला है। विभागों को सख्त हिदायत है कि पौधरोपण कार्यक्रम में सभी विभागों को निर्धारित प्रारूप का पालन करना है। जैसे पौधरोपण के लिए स्थान, रोपित की जाने वाली प्रजातियों के नाम सभी पहले से निर्धारित होने चाहिए। उससे पहले बीते साल कराए गए पौधरोपण की स्थलवार सफलता प्रतिशत रिपोर्ट और पौधरोपण स्थल की सूचना उपलब्ध करा दी जाए।

पौधरोपण से पहले सभी विभाग स्थलवार विवरण विभाग को उपलब्ध करा दें। इस संबंध में दिशा निर्देश सीडीओ सुधीर कुमार, प्रभागीय निदेशक दिव्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, उपयुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि अरुण चौधरी को दिए गए हैं।

### विभागों को दिया गया लक्ष्य

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस बार वन विभाग को 14,30,900, ग्राम विकास विभाग को 14,70,000, कृषि विभाग को 3,54,500, पंचायत राज विभाग को 1,50,000 नगर विकास विभाग को 1,68,000, उद्यान विभाग को 2,43,500 पौध रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है।

### नोडल अधिकारी नामित किए जाएं

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि पौधरोपण से पहले सभी विभाग माइक्रो प्लान तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें। इसके साथ ही पौधरोपण से संबंधित एक-एक नोडल अधिकारी सभी विभाग नामित करें। जिससे पौधरोपण अभियान में कोई रुकावट न आए।

### बारिश से पहले खोदें गड्ढे

इस बार अधिकारियों को सख्त आदेश हैं कि पौधरोपण कार्यक्रम में सभी विभाग निर्धारित प्रारूप का पालन करें। जगह, पौध की प्रजाति निर्धारित करते हुए चयनित स्थान पर बारिश से पहले गड्ढा खुदाई चालू हो जानी चाहिए। जिसका विभाग से संबंधित नामित अधिकारी निरीक्षण करेगा।

# वीर रस की कविताओं से भरा जोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कवि सम्मेलन का उद्घाटन करते गौरव चौहान और राम भदावर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विनायकपुर सेवा समिति की ओर से बुधवार को गुरुदेव पैलेस के पास महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव मनाया गया। कवि राम भदावर व गौरव चौहान की वीर रस की कविताओं ने आम जनमानस में जोश भर दिया। कार्यक्रम परिसर में महाराणा प्रताप के जयकारे लगे।

महाराणा प्रताप के विचारों को उनके जन्मोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से फैलाने का काम किया गया। महाराणा कितनी वीरता से मुगलों से लड़े और उन्हें लोहे का चना चबवाया, इस पर मौजूद लोगों को बताया गया। मुख्य वक्ता विवेक सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीरों की ही देन है कि हिंदू धर्म, संस्कृति व सभ्यता बची है। ऐसे वीर योद्धाओं की देन है कि हम सम्मान व अपने धर्म के साथ जी रहे है। जन्मोत्सव कार्यक्रम में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप ग्रुप के गौरव भदौरिया ने सम्मानित किया।

संतोष सिंह चौहान, डॉक्टर मनीष सिंह को भी समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। बुजुर्गों का सम्मान कवि गौरव चौहान, राम भदावर ने किया। कार्यक्रम में सौरभ सिंह, महेंद्र सिंह तोमर, सचिन तोमर, आयुष बसमार, अभिजीत चंदेल, अवधेश सिंह, शैलेंद्र भदौरिया, विनय ठाकुर, प्रियांश चौहान, शिवा परमार, राज चौहान, देवू चौहान, आर्यन ठाकुर, अजय सिंह, रिक्की तोमर, शिवम परिहार आदि रहे।

# अंधेरनगरी: स्कूलों में टैबलेट बांट दिए और सिम दिए ही नहीं

## सिम न होने से 50 फीसदी शिक्षकों ने उपयोग ही नहीं किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शुरू हुई नई टैबलेट योजना का 50 फीसदी शिक्षकों ने उपयोग ही नहीं किया क्योंकि उन्हें सिम ही नहीं दिए गए। 50 फीसदी शिक्षकों ने अपने निजी सिम से काम शुरू किया। अब विभाग की ओर से शिक्षकों को दो सौ रुपया प्रति महीना सिम के लिए दिया जाएगा।

पिछले शैक्षणिक सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों के सभी कार्य टैबलेट पर किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। माना जा रहा था कि इस हाईटेक सुविधा के जुड़ने से हर स्कूल में 13 तरह की सूचनाएं सिर्फ टैबलेट से ही तुरंत और सुरक्षित रूप से रोजाना अपडेट की जा सकेंगी। इसके लिए जिले के 1543 स्कूलों में 2915 टैबलेट शिक्षकों को जारी किए गए थे। टैबलेट के स्कूल पहुंचने के बाद शिक्षिकों ने इन्हें अलमारी में बंद करके रख दिया। विभाग की ओर से पूछताछ पर बताया कि इसे चलाने के लिए उनके पास सिम ही नहीं है। इसपर विभाग ने सभी स्कूलों को हर महीने दो सौ रुपये का बजट सिम के लिए देने का फैसला किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्या का समाधान कर दिया गया है। अब उन्हें प्रति टेबलेट दो सौ रुपये प्रति महीने बजट के रूप में मिलेगा। 16 जून से पूरी तरह से सभी स्कूलों में शिक्षक टैबलेट पर रोजाना के आंकड़ें भेजना शुरू कर देंगे।



**2975** टैबलेट पूरे जिले में स्कूलों को दिए

**1543** स्कूलों में नवंबर में भेजे टैबलेट

**200** रुपये महीना अब मिलेगा बजट

**13** तरह की सूचनाएं भेजी जानी हैं

● बेसिक शिक्षा विभाग अब दो सौ रुपये प्रति महीना देगा भत्ता

### दिया था प्रशिक्षण

टैबलेट आने के बाद जिले में सभी स्कूलों से दो शिक्षकों को टैबलेट चलाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका था। चार चरणों में दिए गए प्रशिक्षण में शिक्षकों को सूचनाएं भेजने और रखरखाव संबंधी टिप्स दिए गए थे। इस दौरान शिक्षकों ने टैबलेट को चलाने के लिए बजट की मांग की थी।

### भेजी सूचनाएं पोर्टल पर अपडेट होंगी

टैबलेट के जरिए शिक्षकों को हर स्कूल से 13 तरह की सूचनाएं रोजाना भेजनी हैं। इन सूचनाओं में एमडीएम, छात्र उपस्थिति, बच्चों की ओर से की जाने वाली गतिविधियां, शिक्षकों की हाजिरी सहित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं शामिल हैं। यह सूचनाएं शिक्षकों को तय समय के भीतर भेजनी है। शिक्षकों की ओर से सूचनाएं भेजने पर तुरंत ही विभाग के पोर्टल पर अपडेट हो जाएंगी।

## फीस वापसी पर किया सत्याग्रह

**कानपुर।** किदवई नगर में गुरुवार को न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में अभिभावकों ने 15 प्रतिशत फीस वापसी को लेकर झुनझुना बजाओ सत्याग्रह किया। मुख्यमंत्री से पूछा कि उच्च न्यायालय और सरकार के आदेश को कुछ बड़े निजी स्कूल के मालिक दिखावटी झुनझुने की तरह ले रहे हैं और ऐसे निजी स्कूल मालिकों के यहां बुलडोजर कब चलेगा। क्या सरकार के आदेश निजी स्कूलों मालिकों के लिए झुनझुना या मजाक हैं। क्या निजी स्कूल उच्च न्यायालय से और कानून व सरकार से भी ऊपर हैं। चार मई को शिकायत करने पर 16 मई को जवाब मिला कि अभी तक केवल 14 स्कूलों ने कार्यवाही हुई है। मांग है कि तत्काल मुख्यमंत्री और कानपुर के जिलाधिकारी हस्तक्षेप कर आदेश को न मानने वाले निजी स्कूलों पर सख्त कार्यवाही कर अभिभावकों को उनका 15 प्रतिशत फीस वापस दिलवाएं। इस दौरान ऋषिराज अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव, मो.साकिफ कुरैशी, काले खान, सरफराज अहमद, रितेश गुप्ता, रजत अग्रवाल रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** शादी का झांसा देकर आरोपी ने युवती के साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी की पीड़िता ने बर्रा थाने में आरोपी के खिलाफ बर्रा थाने में दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

बर्रा निवासिनी युवती ने बताया की अमेठी के कमरौली थानाक्षेत्र के जगदीशपुर निवासी रवि शुक्ला ने पिता से वर्ष 2018 में वादा किया था कि वह उससे शादी करेगा। इसी आधार पर आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी टालता रहा। पीड़िता के मुताबिक वह बीते दो मई को रवि के पिता छोटे लाल शुक्ला के पास शादी की बात लेकर पहुंची थी। जिस पर उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि रवि अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता है। इसकी शिकायत वह आईजीआरएस पर भी कर चुकी है। जिस पर विधिक कार्रवाई करने की बात कहकर विवेचना समाप्त कर दी गई।

बर्रा थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर रवि शुक्ला के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पीड़िता बोली- पिता ने किया था शादी का वादा

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के पिता उसके पिता के मित्र थे, जिस पर पीड़िता के पिता ने उसकी शादी आरोपी के साथ तय की थी। पिता की मौत के बाद आरोपी के पिता बात से पलट गए। पीड़िता ने बताया कि बीते दो मई को वह आरोपी के पिता से बात करने पहुँची तो उन्होंने शादी करने से मना कर दिया।

## कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर महिला की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थाना क्षेत्र के वाजिदपुर शेखपुर मार्ग पर बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शे में सवार महिला की मौत हो गई। जबकि चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

वाजिदपुर गांव निवासी लंबू ई रिक्शा चालक है। वह बुधवार रात करीब 11 बजे रिक्शे में शेखपुर से सवारी वाजिदपुर निवासी 45 वर्षीय सुनीता, सूरज, राकेश, प्रकाश और रिंकू को बैठाकर वाजिदपुर आ रहा था। सभी शेखपुर स्थित उस्मानी लेदर में काम करते हैं।

ई रिक्शा जैसे ही वाजिदपुर के बदलापुर पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे सभी घायल हो गए। घटना के दौरान कार चालक कार छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गम्भीर हालत के चलते सुनीता को हैलेट रेफर किया गया। जहां पर उसकी मौत हो गयी।



पुराने गंगा पुल पर हादसे को दावत देता अधूरा पैचवर्क। अमृत विचार

## रोलर स्केटिंग में युवल ने जीते दो स्वर्ण पदक

**कानपुर।** जीडी गोयनका स्कूल के छात्र युवल राठौड़ ने प्रथम जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 500 मीटर इन लाइन और 1000 मीटर इन लाइन में दो गोल्ड जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया है। इससे पहले 19 मई को गौरव मेमोरियल स्कूल में आयोजित हुई रोलर स्केटिंग आमंत्रण प्रतियोगिता में भी युवल ने अपना दबदबा कायम रखा। युवल ने इससे पहले भी सीबीएसई की ईस्ट जोन में 300 मीटर और 500 मीटर में गोल्ड जीतकर नेशनल के लिए अपना स्थान बनाया। पदक जीतने पर जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका दत्त ने मेडल पहना कर युवल का उत्साहवर्धन किया। चेयरमैन डॉ. चंदन अग्रवाल ने युवल को बधाई दी है।



प्रधानाचार्या मोनिका दत्त के साथ पदक विजेता युवल।

# गैर इरादतन हत्या में दस साल कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● घाटमपुर कोतवाली के चंदनपुर में 15 साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदनपुर में करीब 15 साल पहले घर के बाहर सोते समय एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने और फिर इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने के मामले में अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 31 जुलाई 2009 को उसके पिता लालाराम घर के बाहर लेटे थे उसी दौरान रात में गांग के जय सिंह अपने दो साथियों के साथ आया और उसके पिता को मारा पीटा जिससे उनके शरीर में गंभीर चोटें आई उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी जय सिंह व उसके साथी राजाराम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज चतुर्थ दुर्गेश की अदालत में चल रही थी। दौरान मुकदमा आरोपी राजाराम की मौत हो जाने पर उसका नाम प्रथक कर जय सिंह के खिलाफ मुकदमा की सुनवाई चल रही थी।

बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी जय सिंह को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर पचास हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक साल के अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

## जाजमऊ के गड्ढों को कंक्रीट से भरकर डामरीकरण भूल गया एनएचएआई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 15 दिन बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं किया

**अमृत विचार।** जाजमऊ के पुराने गंगा पुल की स्लैब का हिस्सा गिरने के बाद एनएचएआई सिर्फ गड्ढे.को क्रकीट से भरकर भूल गया है। मरम्मत को 15 दिन होने के बाद भी अभी तक सड़क का डमरीकरण नहीं कराया गया है। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन सवारों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा है।

जाजमऊ के पुराने गंगापुल पर शुरूआत में स्लैब का कुछ हिस्सा बीती सात मई की देर रात गिर गया था। जिससे पुल के किनारे सड़क पर गड्ढा हो गया था। जिसके बाद यातायात पुलिस कर्मियों ने सावधानी के तौर पर गड्ढे के पास बेरीकेडिंग लगा दी थी। जिसके बाद एनएचएआई ने पुल के नीचे सफाई करवाई। साथ ही गड्ढे.की मरम्मत के लिए खोदाई कर उसमें क्रकीट भर दिया। जिसके बाद गड्ढे.की सीमेंट से ढलाई के बाद डमरीकरण का कार्य होना है। लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी एनएचएआई अभी तक मरम्मत का कार्य पूरा नहीं करा पाया है। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन सवारों को समस्या को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। पुल पर रोजाना घण्टों के हिसाब से वाहनों की कतार लगी रहती है। वहीं भारी वाहनों को भी गड्ढे.से दूर होकर गुजरने पड़ता है। जिस कारण पुल पर यातायात भी प्रभावित होता है। एनएचएआई अधिकारी अर्जुन ढांगे ने बताया कि आचार संहिता के कारण काम प्रभावित हो रहा है, जिस कारण मेंटीनेंस का काम प्रभावित हो रहा है। जल्द ही काम पूरा करा लिया जाएगा।



पुल से बाहर निकली सरिया।

## दीपू को आजमगढ़ की जिम्मेदारी

**कानपुर।** भाजपा उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में बुधवार को पदाधिकारियों को आजमगढ़ के लिए प्रदेश नेतृत्व ने रवाना किया। भाजपा ने छठवें एवं सातवें चरण के मतदान के दृष्टिगत सभी विधायकों, सांसदों, महापौरों को अलग-अलग लोकसभा वार जिम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे को आजमगढ़ लोकसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बुधवार को साथी जिले के पदाधिकारी महामंत्री अवधेश सोनकर, कार्यालय मंत्री रोहित साहू, अरुण पाल, विजय मिश्रा, रमाशंकर अग्रहरि, गौरव द्विवेदी, योगेंद्र शर्मा आजमगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। कानपुर महानगर उत्तर के जिला मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि आजमगढ़ के बाद 25 मई को गाजीपुर लोकसभा के लिए सभी कूच करेंगे।

# हादसे में सर्जन भी जाएगा जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गंगाबैराज में युवक को पिता की कार से मारी थी टक्कर

● नाबालिग को वाहन देने के आरोप में पिता पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में गंगा बैराज पर पिछले वर्ष लापरवाही से कार से रौंदकर दो नाबालिगों को हादसे में मौतंकी नींद सुलाने वाला डॉक्टर का बेटा दोस्तों और गवाहों के बयानों से पुलिस के चंगुल में फंस गया। अब पुलिस आरोपी के सड़क हादसा करने के एक और मामले में पिता के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है। जल्द ही आरोपी नाबालिग का सर्जन पिता भी जेल भेजा जाएगा।

29 अक्टूबर 2023 को गंगा बैराज स्थित मैगी प्वाइंट पर दो नाबालिगों को कार से रौंद दिया था। विवेचना में तत्कालीन थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज ने आरोपी और उसके कार सवार साथियों को दो दिन थाने पर रखने के बाद छोड़ दिया था। पुलिस ने तर्क दिया था कि गाड़ी नाबालिग नहीं चला रहा था बल्कि ड्राइवर मौजूद था जो फरार हो गया था। मामले में पुलिस समेत एक बजरंगदल के कार्यकर्ता पर रुपये का लेनदेन कर मामला शांत कराने का आरोप था। जिसकी जांच एडीसीपी सेंट्रल ने की थी। हालांकि जांच रिपोर्ट में रुपये के लेनदेन का आरोप गलत पाया गया था।

### एडिशनल सीपी ने लिया संज्ञान

सर्जन के इसी बेटे ने बीते माह बर्रा में एक युवक को टक्कर मार दी थी। लेकिन बर्रा पुलिस ने इस मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं की। जिसपर एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने मामले का संज्ञान लिया और बैराज प्रकरण की एक बार फिर से जांच खोल दी। इस बार यह जांच एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने की। एसीपी ने कार सवार डॉक्टर के दोस्तों और मैगी दुकान मालिक व घटनास्थल पर मौजूद लोगों के दोबारा बयान कराये तो मामले में डॉक्टर के बेटे का दोषी होना सामने आया। लगभग नौ गवाहों और साक्ष्यों को आधार बनाकर पुलिस ने कार्रवाई की और मंगलवार को आरोपी को घर से गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

### साक्ष्य जुटाने के बाद होगी कार्रवाई

एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया बैराज हादसे में डॉक्टर के बेटे द्वारा कार चलाने के साक्ष्य और गवाह मिले हैं। बर्रा में बीते माह हुए हादसे में भी डॉक्टर का बेटा कार चलाने की जानकारी मिली है। यह कार भी डॉक्टर के नाम होने की जानकारी सामने आई है। एडिशनल सीपी के मुताबिक मामले में विभिन्न साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। साक्ष्य संकलन के बाद बेटे के बाद पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## बाइक सवार की टक्कर से बच्चे का हाथ टूटा

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में बाइक सवार युवक ने बच्चे की साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे का पैर टूट गया। बच्चे के पिता ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। राजेन्द्र नगर निवासी श्याम जी अवस्थी ने बताया कि 16 मई शाम को उनका श्रेष्ठ (12) साइकिल चला रहा था।




बक्तौरीपुरवा तिराहे के पास गली में एक तेज रफ्तार बाइक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसका दायां पैर टूट गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**जनसमस्या** टेक्सटाइल मिल कंपाउंड स्थित नगर निगम कालोनी में दूषित जल की सप्लाई

# लक्ष्मीपुरवा के नल उगल रहे जहर, जनता हो रही बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लक्ष्मीपुरवा स्थित टेक्सटाइल मिल कंपाउंड के पास बसी नगर निगम कालोनी में सीवरयुक्त बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। जिससे यहां रहने वाली पांच हजार से ज्यादा आबादी परेशान है। गंदा पानी पीने से यहां अधिकतर लोग पेट की बीमारियों से ग्रसित हैं। नाला-नालियों के बीच से होकर निकली पेयजल लाइनों के क्षतिग्रस्त होने की वजह से क्षेत्र में समस्या है।

लक्ष्मीपुरवा स्थित नगर निगम कालोनी 25 नम्बर क्वार्टर हाता में नाला-नाली में सीवर भराव के बीच से पेयजल पाइप लाइनें निकली हैं। जिससे सरकारी नलों से निकलने वाला सीवरयुक्त पानी पीने को स्थानीय मजबूर हैं। 85 वर्षीय दुर्गा देवी ने बताया कि बस्ती में रहने वाले अधिकांश लोग पेट की बीमारी से ग्रस्त हैं। क्षेत्र में लगभग सभी हैंडपम्प खराब पड़े हैं। मंगल प्रसाद, रितेश, अरुण, संजीव और रामरती ने बताया कि सरकारी नल से दूषित पेयजल की आपूर्ति की समस्या कई बार महापौर प्रमिला पांडेय और अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ।



सीवर के ऊपर से जा रही पेयजल लाइनें। अमृत विचार



नलों से आता काला पानी।



खराब पड़े हैंडपंप।

● हैंडपंप खराब, पांच हजार लोग गंदे पानी से परेशान, पेट की बीमारी से ग्रसित

### जूही में भी दूषित पानी की सप्लाई

जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में दूषित जलापूर्ति से लोग परेशान हैं। मेट्रो ने पहले पानी की लाइन डाली इसके बाद सीवर लाइन डालने का कार्य किया। पेयजल लाइन को सीवर चैंबर के ऊपर से निकाल दिया गया जिससे क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।

### पीने का पानी खरीदना पड़ता है

अजय ने बताया कि यह समस्या बहुत पुरानी है। जलकल, नगर निगम, क्षेत्र के पार्षद से कह-कहकर थक गये कोई समाधान आज तक नहीं हुआ है। पानी खरीदकर पी रहे हैं।

"जलकल की लाइन ठीक है। लोगों ने खुद ही अवैध रूप से कनेक्शन कराए हैं। प्राइवेट ठेकेदारों से लाइन नालियों के बीच से होकर गुजार दी गईं। अगर पाइप टूटा होगा तो गंदा पानी आयेगा। इसमें जलकल की कोई गलती नहीं है।

– एके त्रिपाठी, जलकल महाप्रबंधक

## न्यू कानपुर सिटी की जमीन बेचने के लिए किया प्रोत्साहित

**कानपुर।** केडीए अधिकारियों ने एक बार फिर काश्तकारों के पास पहुंचकर प्राधिकरण को भूमि विक्रय किये जाने के लिये प्रोत्साहित किया। बुधवार को योजना के तहत सिंहपुर कछार, गंगपुर चकबदा, हिन्दूपुर व सम्भरपुर ग्रामों से संबंधित भू-स्वामियों से वार्ता की और उनको योजना के फायदे गिनाए। केडीए वीसी के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक (जोन-1) डॉ. रवि प्रताप सिंह द्वारा नायब तहसीलदार व अमीनों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भू-स्वामियों को कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर में प्रतिदिन आयोजित कैम्प के बारे में भी जानकारी दी, और कहा कि अधिक से अधिक काश्तकार सहमति के आधार पर भूमि विक्रय के लिये अपनी सहमति प्रदान करें ताकि जल्द योजना की बाधाओं को दूर किया जा सके। इस दौरान काश्तकारों ने कई तरह से सवाल भी टीम से पूछे। केडीए कि टीम लगातार जमीन को खरीद रही है, बची लगभग 20 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है।




ट्राफी के साथ विजेता टीमें। अमृत विचार

## दीनदयाल और सनातन धर्म अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● दो दिवसीय जोन-बी शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अमृत विचार।** नारामऊ स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल में बुधवार को दो दिवसीय केएसएस जोन-बी शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 12 सीबीएसई स्कूलों के 100 बालकों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को अंतिम दिन प्रतियोगिता में फाइनल राउंड के मुकाबले खेले गए।

फाइनल मुकाबले के बाद बालक वर्ग में 10 अंक के साथ पं० दीनदयाल उपाध्याय प्रथम, सात अंक के साथ नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर द्वितीय, छह अंक के साथ श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर तृतीय स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में नौ अंक के साथ श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर प्रथम, आठ अंक के साथ डीपीएस आजाद नगर द्वितीय, पांच अंक के साथ नर्चर इंटरनेशनल बिठूर रोड तृतीय रहा। विशेष अतिथि स्कूल के चेयरमैन सुशील कुमार अग्रवाल थे।

असिस्टेंट डायरेक्टर इशू कौशिक, स्कूल के वाइस चेयरमैन देवांग राज तयाल ने सभी विजेता टीमों व बोर्ड विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या आसिफा रिजवान, क्रीड़ा अध्यापक अखिलेश सिंह जाटव कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव, चीफ ऑर्बिटर कुसुम शर्मा, सत्येंद्र सिंह रहे।

# मदनवापुर बना 'मक्खीपुर', टूट रहे शादी के रिश्ते

## मक्खियों के झुंड की वजह से गांव वालों का खाना-सोना हराम, ग्रामीण बोले, प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो करेंगे पलायन

बालाजी अवस्थी, भीतरगांव

**अमृत विचार।** नर्वल तहसील के भीतरगांव विकास खण्ड क्षेत्र के विरसिंहपुर ग्राम पंचायत का मजरा मदनवापुरवा एक अजीब मुसीबत से जूझ रहा है। जी हां, इस गांव की सबसे बड़ी मुसीबत मक्खियां हैं, जिनकी वजह से लोग यहां आयोजित होने वाले भोज कार्यक्रम में आने से कतराते हैं। इतना ही नहीं, इस में लोग शादी का रिश्ता करने को तैयार नहीं होते। अब तो लोग मदनवापुरवा को 'मक्खीपुर' कहने लगे हैं।

एक हजार की आबादी वाले इस गांव के हर घर में मक्खियों का इस कदर झुंड हावी है, जिसके कारण लोग खाना भी नहीं खा पाते हैं। गांव वाले कहते हैं कि अगर मक्खियों से छुटकारा दिलाने के लिए जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो लोग गांव से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। मक्खियों के आतंक से परेशान विरसिंहपुर ग्राम पंचायत के मजरा मदनवापुरवा के लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर इस समस्या से वे कैसे छुटकारा पाएं।

घर में खाने का सामान हो या पीने का पानी, हर जगह मक्खियां ही मक्खियां भिनभिनाती हैं, जिससे गांव वाले आसानी से खाना तक नहीं खा पाते और इसी वजह से लोग अक्सर उल्टी-दस्त से भी परेशान रहते हैं। मक्खियों की भिनभिनाहट से लोग खुले में गहरी नींद भी नहीं सो पाते हैं। लोगों का कहना है कि भगाने पर भी मक्खियां भागती नहीं हैं और आसपास ही मंडराती रहती हैं, जिससे खासी मुसीबत है।


घर के सामान में मक्खियों का झुंड।


बाल्टी में भिनभिनातीं मक्खियां।


पोल्ट्री फार्म हाउस में नाराजगी जताते गांव के लोग। अमृत विचार

### प्रधान बोले, शर्मिंदगी महसूस होती

ग्रामीणों का कहना है कि सावधानी बरतने के बाद भी खाने में मक्खियां गिर जाती हैं। मक्खियों की वजह से कई बार बच्चे खाना भी नहीं खाते हैं। गांव के प्रधान मोनू अवस्थी का कहना है कि जब भी गांव में सामाजिक भोज का कार्यक्रम होता है तो दूसरे गांवों के लोग मक्खियां होने की बात करते हैं और कार्यक्रम में आने से परहेज करते हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदा होना पड़ता है। अगर यही स्थिति रही तो गांव में शादी के रिश्ते होना भी बंद हो जाएंगे।

### मक्खियों से फैलतीं कई तरह की बीमारियां

भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष तिवारी का कहना है कि मक्खियों से विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। मक्खियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम तैयार है, लेकिन जब तक मुर्गी फार्म हाउस का कोई उपाय नहीं किया गया, तब तक इससे निपट पाना मुश्किल है। उनका कहना है कि मुर्गी फार्म हाउस पशुपालन विभाग के अधीन है, विभाग को कारगर कदम उठाना चाहिए।

### पोल्ट्री फार्म हाउस बना मक्खियों की वजह

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बड़ा पोल्ट्री फॉर्म है, जिसकी वजह से मक्खियां आती हैं। पोल्ट्री फार्म में मक्खियों का डेरा है। गंदगी और चूजों के मरने की वजह से मक्खियां भिनभिनाती हैं। मौजूदा समय में मक्खियां इतना ज्यादा बढ़ चुकी हैं कि गांव के हर घर में उनका डेरा है। घरों के फर्श से लेकर हर सामान में मक्खियों की काली परत दिखती है।

### डीएम तक पहुंच चुकी मक्खियों की आवाज

गांव के लोग कई बार तहसील और जिला प्रशासन तक इसकी शिकायत कर चुके हैं। इस समस्या की डीएम, एसडीएम तक आवाज उठा चुके हैं। जांच के आदेश भी हुए, लेकिन जांच होने के बजाय ठंडे बस्ते में चली गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस समस्या से छुटकारा नहीं मिला तो गांव से पलायन को मजबूर हो जाएंगे।

# कॉलेज प्रबंधक सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, घाटमपुर

- इंटरमीडिएट की छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़
- प्रवेश पत्र में फोटो छोड़कर सारा बायोडाटा गलत दर्ज

**अमृत विचार:** एचएलएस इंटर कॉलेज देवमनपुर की एक छात्रा के प्रवेश पत्र में फोटो छोड़कर सारा बायोडाटा गलत दर्ज होने से छात्रा डिप्रेशन में चली गई। पिता की ओर से शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधक सहित चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बरीपाल गांव निवासी विजय शंकर त्रिपाठी की बेटी श्रेया एचएलएस इंटर कॉलेज देवमनपुर में कक्षा दो से पढ़ती चली आ रही है। श्रेया इसी विद्यालय से कक्षा 11 में भी पढ़ाई की। वर्ष 2022 में जब 11वीं का प्रवेश पत्र आया तो श्रेया की फोटो छोड़कर सारी सूचनाएं गलत थीं। इसकी शिकायत छात्रा ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य और क्लास टीचर से की। विद्यालय के प्रबंधक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। प्रबंधक ने संशोधन कर परीक्षा दिला दी और लिपिकीय त्रुटि होने की दुहाई देते हुए ठीक कराने का आश्वासन दिया। पिता के मुताबिक वर्ष 2023 में जब 12वीं का प्रवेश पत्र आया तो उसमें भी सारी गड़बड़ियां थीं। प्रधानाचार्य ने आश्वासन देकर गलत प्रवेश पत्र पर ही परीक्षा दिलवा दी। दोनों मार्कशीट पर गलत नाम, पता सही करने को लेकर छात्रा को बार-बार स्कूल बुलाकर परेशान किया गया। पिता का आरोप है कि प्रबंधक ने उन्हें धमकी भी दी। अब पिता की तहरीर पर घाटमपुर थाने में प्रबंधक, प्रधानाचार्य ऋतुराज कटियार, क्लास टीचर अनिल प्रजापति, विष्णुकांत वाजपेई के खिलाफ जालसाजी व धमकाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी में लगे पंखे और कूलर

अमृत विचार
असर


संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भीषण गर्मी के बीच नवजात के साथ प्रसूता के फर्श पर लेटे होने की खबर छपने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंखे और कूलर लगाने का काम शुरू हो गया। पंखे-कूलर लगने से मरीजों, खासकर प्रसूताओं को खासी राहत मिली है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार की शाम गर्मी से तप रहे वार्ड में व्याकुल एक जच्चा को जब गर्मी बर्दाश्त नहीं हुई तो वह चंद घंटे पहले जन्मे बच्चे को लेकर लाबी की फर्श पर ही लेट गई थी। अस्पताल प्रशासन इससे बेखबर रहा। तक्सीमपुर निवासी गोविंद की पत्नी सोनाबाई और उसके नवजात बच्चे की फर्श पर लेटे फोटो अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद बुधवार को अस्पताल प्रशासन हरकत में आया।

बुधवार को सुबह से ही अस्पताल में पंखा और कूलर लगाने का काम शुरू हो गया। दिन भर चले काम में अस्पताल की पहली मंजिल पर 11 पंखे और तीन कूलर लगवा दिए गए हैं। सीएचसी के अधीक्षक डॉ.नीरज सचान का कहना है कि मरीजों को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा रहा था, इसलिए अभी कूलर नहीं लग सके थे। वार्ड में सिर्फ पंखों का ही सहारा लिया जा रहा था। आज ही गर्मी से राहत देने के लिए सारे इंतजाम कर दिए गए हैं।


बिधनू सीएचसी में कूलर सेट करता इलेक्ट्रीशियन। अमृत विचार


पंखे भी लगाए गए। अमृत विचार

# ट्रक ने स्कूटी सवार दंपति को मारी टक्कर, गंभीर

संवाददाता, घाटमपुर

**रफ्तार की मार**

- गंभीर हालत में घायल पति-पत्नी कानपुर हैलट अस्पताल रेफर
- पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया, ट्रक जब्त

**अमृत विचार:** पतारा कस्बे में स्कूटी सवार दंपति को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दंपति सड़क पर गिर गए। गिरने से महिला के बाएं हाथ से ट्रक का पहिया निकल गया, जिससे पति-पत्नी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां गंभीर हालत देखकर उन्हें कानपुर रेफर किया गया है।

बेहुटा गांव के रहने वाले रामचंद्र सचान का बेचा अंकुर सचान (31) अपनी पत्नी दिव्या सचान (28) को लेकर स्कूटी से कानपुर जा रहे थे। शाम करीब सात बजे पतारा कस्बे में चौराहा के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दंपति सड़क पर गिर गए। इस दौरान ट्रक का पहिया दिव्या सचान के बाएं हाथ में चढ़ गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना पर पहुंची पतारा पुलिस चौकी के सिपाहियों ने दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, सड़क हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि ट्रक और चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक को बचाने में पलटी गाड़ी, हाईवे पर बिखरे आम

संवाददाता, सरसौल

**थमी रफ्तार**

- हादसे में गाड़ी का चालक हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती
- मंगलवार को यहीं से कुछ दूरी पर चार महिलाओं की हुई थी मौत

**अमृत विचार:** बुधवार को महाराजपुर में प्रयागराज हाईवे पर आम से लदा एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटने से हाईवे पर चारो ओर आम बिखर गए। गनीमत रही कि पिकअप चालक और उसमें बैठा एक व्यक्ति बाल-बाल बच गए।

प्रयागराज निवासी आम व्यापारी पप्पू बुधवार सुबह चकरपुर मंडी से आम लेकर पिकअप से प्रयागराज की ओर जा रहा था। हाथीपुर गांव के सामने एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और पिकअप हाईवे पर पलट गई। दुर्घटना में चालक चुन्नीलाल घायल हो गया। पुलिस ने हाईवे से पिकअप हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारु करवाया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। महाराजपुर एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाइक सवार को बचाने में पिकअप पलटी थी। ड्राइवर और व्यापारी दोनों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।


प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर के पास पलटी गाड़ी और बिखरा आम। अमृत विचार

# आत्महत्या में पत्नी व सास-ससुर पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिधनू

- मारपीट से आहत होकर खुदकुशी करने का आरोप
- तीनों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के सेनिया गांव के बाहर बगीचे में मंगलवार शाम ससुराल से लौटे युवक के जहर खाने और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी, सास, ससुर के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज समेत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सेनिया गांव निवासी किसान रामसजीवन के 26 वर्षीय बेटे शिवम कुशवाह का मंगलवार शाम गांव के बाहर बगीचे में नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे फंदे पर शव लटका मिला था। शिवम के मोबाइल में फांसी लगाने से पहले जहरीला पदार्थ खाने का वीडियो मिला था। पिता ने बताया कि बहू रीना शादी के बाद से दो दिन रुकने के बाद मायके चली जाती थी। मंगलवार सुबह बहू रीना दवा के बहाने बेटे को लेकर मायके गई थी, जहां से उसने वापस लौटने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि साथ चलने का दबाव बनाने पर रीना ने अपने माता- पिता के साथ मिलकर गालीगलौज करते हुए बेटे की पिटाई की की थी। पत्नी रीना ने बेटे से कहीं जाकर मर जाने को बोला था, जिससे आहत होकर बेटे ने आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि पिता की तहरीर पर पत्नी, सास, ससुर समेत छह ससुरालीजनों पर केस दर्ज किया गया है। पत्नी समेत आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# कुंदौली में ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली गांव के बाहर मंदिर और बगल के क्लीनिक का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। दानपात्र में रकम न मिलने पर सिलेंडर ले गए। मामले की तहरीर साढ़ थाने में दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

कुंदौली गांव के बाहर आनंद धाम मंदिर में मंगलवार की देर रात ताला तोड़कर चोरी का किया प्रयास किया गया। मंदिर के दानपत्र में रकम नहीं थी। धर्मशाला का ताला तोड़कर एक गैस सिलेंडर ले गए। चोरों ने सभी जगह खोजबीन की, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। उधर, डॉक्टर धीरेंद्र सुबह पांच बजे जब अपनी क्लीनिक पहुंचे तो मंदिर व धर्मशाला का ताला टूटा देख साढ़ पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर छानबीन की। धर्मशाला के मालिक ने बताया कि चोर सिर्फ सिलेंडर ले गए हैं, जिसकी तहरीर साढ़ थाने में दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

# ताला तोड़कर लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के नवेड़ी गांव में मंगलवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। बुधवार सुबह जब परिवार के लोग जागे तो सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। घाटमपुर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

मामला घाटमपुर थाना क्षेत्र के नवेड़ी गांव का है। गांव के विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 21 मई को सुबह करीब पांच बजे जागा तो गैलरी का दरवाजा खुला पड़ा था। घर के दोनों कमरों में सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के बाला, गले का माला, पायल, बिछिया एक जोड़ी, बच्चों के हाथ के चूड़ा सहित घर में 2500 नकद चोरी हो गए।

पीड़ित विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि मोहल्ले में अपनी मामी के यहां आया घाटमपुर निवासी रामू सिंह पुत्र शिवकरण सिंह मंगलवार की शाम को गांव में ही था। बुधवार की सुबह चोरी का मामला सामने के बाद वह फरार हो गया। उसे पूरी आशंका है कि रामू सिंह ने ही वारदात को अंजाम दिया है। उसने रामू सिंह के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली इंसपेक्टर प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि चोरी की घटना को लेकर तहरीर मिली है। पुलिस की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर प्रारंभिक रूप से छानबीन की है। पीड़ित की ओर से जिस शख्स पर आशंका जताई जा रही है, उससे पूछताछ करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


नवेड़ी गांव में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**छानबीन शुरू**

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नवेड़ी गांव में हुई वारदात
- मकान मालिक ने पड़ोसी के एक रिश्तेदार पर जताई आशंका

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, बिधनू

- हमीरपुर हाईवे पर कठेरुआ के पास ट्रक ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** हमीरपुर रोड पर कठेरुआ गांव के पास बुधवार शाम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से भाग निकला।

कठारा गजापुर निवासी 40 वर्षीय दिनेश सविता बुधवार शाम को नौबस्ता काम से जा रहे थे। कठेरुआ गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**बिकरू कांड** मायके में भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग, थाने से चंद कदम दूर मकान से बेखबर पुलिस

# मनु पांडेय की तलाश में मंधना पहुंची चौबेपुर पुलिस

संवाददाता, चौबेपुर

- अदालत से गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद तलाश तेज
- मनु पांडेय की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार।** चर्चित बिकरू कांड में लंबे समय बाद आरोपी बनाई गई प्रेम प्रकाश पांडे की बहू व शशिकांत की पत्नी मनु की संपत्ति की तलाश में जुटी पुलिस को अभी तक थाने से चंद कदम दूर उसके मकान के बाबत कोई जानकारी नहीं हो सकी है। इधर, बुधवार को पुलिस ने उसके मायके मंधना जाकर छानबीन की, लेकिन मनु का कुछ पता नहीं लग सका।

बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 की रात कुख्यात विकास दुबे और उसके साथियों ने पुलिस पर उस समय ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं, जब पुलिस टीम एक मामले को लेकर उसके घर पर दबिश देने गई थी। घटना में तत्कालीन बिल्हौर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र मिश्रा समेत आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। सीओ की हत्या मनु पांडेय के घर के आंगन में की गई थी। तब घटना की प्रत्यक्षदर्शी मनु पांडेय के कई ऑडियो वायरल होने के बावजूद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी।

इधर, कुछ समय पहले उसके खिलाफ अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद धारा 82 की कार्रवाई की गई। अब पुलिस उसकी संपत्तियों की कुर्की की तैयारी में जुटी है, लेकिन हैरत की बात है कि पुलिस को अभी तक बिकरू के अलावा उसकी संपत्तियों के बाबत कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

अपने खिलाफ अदालत से कार्रवाई की भनक लगते ही मनु पांडेय पुलिस की नजरों से ओझल हो गई है। गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद से चौबेपुर पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है, मगर वह पकड़ से दूर है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मनु की तलाश और छानबीन के लिए बुधवार को पुलिस टीम उसके मायके मंधना गई थी, लेकिन कुछ पता नहीं लग पाया। मनु की संपत्तियों के बाबत जानकारी जुटाई जा रही है, जल्द ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।


चौबेपुर में थाने से चंद कदम दूर स्थित मनु पांडेय का मकान। अमृत विचार

### कांड के पहले चौबेपुर में बनवाया था मकान

बिकरू कांड से दो महीने पहले ही मनु पांडेय के पति शशिकांत पांडेय ने चौबेपुर में बेला क्रॉसिंग के पास साईं कॉलेज के बगल में नया मकान बनवाया था। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मकान में लंबे समय से ताला ही बंद है। बिकरू कांड के बाद मकान में कोई काम नहीं हुआ। हैरत की बात है कि थाने से चंद कदम दूर स्थित मकान के बारे में पुलिस को अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

# किशोरी से मारपीट पुलिस से शिकायत

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसीपी को प्रार्थना पत्र दे बताया कि मंगलवार उसकी बेटी खेत पर चारा लेने गई थी, तभी अकेला पाकर गांव के साहिल, जावेद व परवेज ने उसके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की।

महिला के अनुसार आरोपी ताड़ी उतारकर अवैध तरीके से बेचने का काम करते हैं। किशोरी को अकेला पाकर दबोच लिया और विरोध करने पर मारपीट की। शोर सुन खेतों पर मौजूद लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। किशोरी की मां ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की, लेकिन पुलिस ने न ही किशोरी का मेडिकल कराया और न ही कोई कार्रवाई की। एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बस में घुसी कार, दो की मौत, तीन लोग हुए घायल

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास के कोयली खेड़ा गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता औरास, उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास थानाक्षेत्र के कोयली खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार रोड किनारे खड़ी रोडवेज बस में घुस गई। इसमें कार चालक व एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार सवार तीन महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिये गए।

लखनऊ जिले के थाना दुबग्गा अंतर्गत सिकरौरी निवासी लुकमान (40) पुत्र असीद अपनी कैंसर पीड़ित मां मेहर जहां का इलाज कराने दिल्ली गए थे। वहां से लौटते समय बुधवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से कोयली खेड़ा


लुकमान।


मारूफ।

गांव के पास मथुरा डिपो की रोडवेज बस में उनकी कार पीछे से घुस गई। इसमें कार सवार पांच लोग अंदर फंस गए। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर औरास सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने लुकमान व कार चालक मारूफ (32) पुत्र इशरत निवासी गांव मलगई थाना ठठिया थाना जिला कन्नौज हाल पता सिकरौर थाना दुबग्गा लखनऊ को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सिकरौरी गांव निवासी शबीना, रुही व मेहर जहां को डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे।


क्षतिग्रस्त कार को हटाती क्रेन। अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती घायल महिला।

### यूपीडा कर्मियों की लापरवाही आई सामने

एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में दो युवकों की मौत से परिजन बेहाल रहे। उन्होंने यूपीडा कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बस अगर खराब हुई थी तो उसे क्रेन से हटाकर सर्विस लेन पर खड़ा कराना चाहिए था। इसके लिए पेट्रोलिंग की जाती है। लेकिन कर्मी सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। हादसे का शिकार हुए लुकमान खेती कराते थे। उसी कमाई से उन्होंने बिल्डिंग बनवाई थी। मां को कैंसर होने के बाद वह अक्सर उन्हें दिल्ली दिखाने ले जाते थे। पांच भाईयों में बड़े होने से परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। उनकी मौत से पत्नी जुल्सी व चार बच्चों व पिता आशिदअली सहित अन्य परिजन बेहाल हैं।

# सड़क हादसों में एक की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गदनखेड़ा में खड़े डंपर में टकराया ट्रक
- पुरवा व बांगरमऊ क्षेत्र में भी हुए हादसे

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत गदनखेड़ा चौराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक आगे खड़े डंपर से टकरा गया। इसमें ट्रक चालक की मौत हो गई। वहीं, पुरवा व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों तीन व्यक्तियों को चोटें आई। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कानपुर जिले के थाना कल्याणपुर बारा सिरोही गांव निवासी अनिल मिश्र (55) ट्रक चालक थे। इसी से वह अपने परिवार की जीविका चलाते थे। मंगलवार देररात वह ट्रक लेकर कानपुर से लखनऊ जा रहे थे। तभी गदनखेड़ा चौराहा से पास हाईवे किनारे खड़े डंपर में

**केस 01**

उनका ट्रक पीछे से घुस गया। टक्कर इतनी तेज थी कि अनिल स्टेयरिंग में फंस गया। आवाज सुन लोग दौड़े और उसे निकालने के प्रयास के साथ पुलिस को सूचना दी। ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से जेसीबी से उसे खीचंकर फैलाकर चालक को बाहर निकाला गया। सांसे चलती देख उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब से मिले मोबाइल व आधार कार्ड की मदद से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर पास की चौकी में खड़ा कराया। दिवंगत अनिल दो भाईयों में बड़ा था। बेटे की मौत से मां मुन्नी देवी, पत्नी सीमा, बेटा शिवम, बेटी आशना व रिया बेहाल रही।। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र धौरहरा निवासी करुणा शंकर तिवारी (58) किसी काम से बाइक से पुरवा आए थे। जहां कस्बे के मिर्री

**केस 02**

चौराहा के पास गिट्टी लदे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें करुणा गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां उसे गंभीर देख प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ भाग निकला। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर को कोतवाली में खड़ा कराया गया है।

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैदापुर निवासी सुभाष पुत्र शिवशंकर उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित एक कारखाने में काम करता है। बुधवार को वह बाइक से किसी बांगरमऊ रहे थे। तभी हरियाली पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती

**केस 03**

कराया गया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के ही गांव खैरहन निवासी अनिल पुत्र श्रीराम बुधवार को बांगरमऊ की बाजार आ रहे थे। तभी एक्सप्रेस-वे अंडरपास के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

# 12,460 सहायक शिक्षक भर्ती के चयनितों को आवंटित होंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को जारी किए पत्र

**अमृत विचार।** शासन 12460 परिषदीय सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यालयों का आवंटन करेगा। इसलिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर मानव संपदा पोर्टल को अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शहरी व ग्रामीण विद्यालयों के नाम सहित कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों और छात्र-छात्राओं की संख्या का उल्लेख किया जाना है।

उच्चाधिकारी ने विद्यालय व ब्लाक क्षेत्र का नाम और यूडीआईएसई कोड का सही अंकन करने को कहा है। साथ ही स्पष्ट किया जाना है कि विद्यालय ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में संचालित है। विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं की मौजूद संख्या भी पोर्टल पर दर्शानी है। विद्यालयों में तैनात प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षमित्र व अनुदेशकों की सही संख्या दर्ज की जानी है और शिक्षकों का पदनाम व कैडर का उल्लेख भी करना है। इसी तरह एकल व बंद विद्यालयों का अंकन भी पोर्टल पर किया जाना है। संविलियन प्रक्रिया के तहत विद्यालयों को संविलियन सही होने की बात सुनिश्चित करते हुए इनका सही यूडीआईएसई कोड उपलब्ध कराया जाए। संविलियन प्रक्रिया के बाद उच्च व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक होने की स्थिति में प्राईमरी के प्रधानाध्यापक को सहायक अध्यापक के रूप में अंकित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सचिव ने पोर्टल को 30 मई तक अपडेट करने पर जोर दिया है। उन्होंने पोर्टल पर पूर्व में उपलब्ध आंकड़ों को अपडेट न किए जाने से भर्ती प्रक्रिया के तहत विद्यालय आवंटित करने को कठिन बताया है, जिससे बाद में संशोधन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कहा कि पोर्टल अपडेट न होने से संबंधित जिलों में शिक्षकों की तैनाती न हो पाने उत्तरदायी बीएसए को ठहराया जाएगा। इसलिए निर्धारित समय पर मानव संपदा पोर्टल को अपडेट कराना जरूरी है।

# परिवार पालने को कूड़े के ढेर में तलाश रहे पेट का जुगाड़

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** परिस्थितियों ने जहां अशिक्षित ग्रामीण महिलाओं को घर की देहरी लांघ कर जीविकोपार्जन के लिए मेहनत-मशक्कत करने को मजबूर कर रखा है। वहीं बड़ी संख्या में कम उम्र के बच्चे शहर में जगह-जगह कबाड़ बीनते दिखाई देते हैं। महिलाएं पूरे दिन मेहनत कर जहां तीन-चार सौ रुपए की दिहाड़ी तैयार कर लेती हैं। वहीं बच्चे भी परिवारों के गुजारे के लिए डेढ़-दो सौ रुपए प्रतिदिन की पूंजी जुटा लेते हैं।

शहर के आसपास के मुकुंदखेड़ा, हुसैननगर, अब्बासबाग, भतावां, सिंघूपुर व आदि गांवों की महिलाएं जहां बारियों (सब्जी के खेतों) में खटती हैं। वहीं दोपहर बाद तोड़ी गई उपज लेकर शहर की अलग-अलग फुटकर सब्जी मंडियों में


उपज बेचने के बाद ठेलिया लेकर घर जाती महिला। अमृत विचार


कूड़े के ढेर से जरूरत का सामान एकत्र करता नाबालिग बच्चा। अमृत विचार

पहुंचकर दुकान लगाकर बेचती हैं। कुछ महिलाओं ने उपज को बाजार पहुंचाने के लिए हाथ ठेलिया तैयार करा रखे हैं। इसी तरह शहर के अकरमपुर, मोतीनगर, बाबूगंज, कृष्णानगर, लोकनगर व ईदगाह आदि मोहल्लों की महिलाएं भी परिवारों की आय का जरिया बनी हैं। इन्हें कामकाजी महिलाओं की श्रेणी में भले नहीं गिना जा रहा है, लेकिन वह परिवारों के भरण-पोषण के लिए जबर्दस्त मेहनत करते हुए स्वावलंबी जीवन बिता रही हैं। बताया कि कोविड के बाद आई महंगाई के चलते उन्हें घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्योंकि मेहनत-मजदूरी करने वाले पुरुष सदस्यों की कमाई से गृहस्थी चलाना मुश्किल था। शहर में सैकड़ों नाबालिग बच्चे अलग-अलग मोहल्लों में घूमते हुए बोरियों में प्लास्टिक की बोतले सहित कबाड़ में बिकने वाली अन्य वस्तुएं एकत्र करते रहते हैं। आमतौर पर ग्रुप में दिखने वाले बच्चों के मुताबिक वह सुबह आठ बजे से पूरे दिन घूमते हुए कबाड़ इकट्ठा कर थोक कारोबारियों के यहां बेचना शुरू कर देते हैं। पूरे दिन में आराम से डेढ़-दो सौ रुपए घर ले जाते हैं, जबकि दिनभर में 40-50 रुपए खाने-पीने में खर्च भी हो जाते हैं।

### श्रमायुक्त के अधिकार में नहीं है कार्रवाई

सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने बताया कि स्वेच्छा से कबाड़ बीनने वाले बच्चों पर बाल श्रम अधिनियम नहीं लागू होता है। इसीलिए विभागीय टीमें कभी इन्हें नहीं छेड़ती हैं।

# 18 सवालों से जाना जाएगा स्कूल छोड़ने का कारण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- अगले माह होना है घर-घर जाकर शिक्षा से वंचितों का सर्वे

**अमृत विचार।** आउट आफ स्कूल (शिक्षा से वंचित) छह से 14 वर्ष आयु के बच्चों का सर्वे करने वाले परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं परिवार के लोगों से बच्चों के स्कूल न जा पाने का कारण जानने के लिए 18 सवाल करेंगे। साथ ही परिवार के मुखिया की शिक्षा सहित व्यवसाय की जानकारी भी लेंगे।

डीजी स्कूल शिक्षा ने सभी बीएसए को भेजी गई नमूना प्रति में तमाम कालम तैयार करा रखे हैं। इसमें बच्चे का स्कूल न जा पाने का कारण जानने पर जोर दिया जाएगा। इसीलिए घुमा-फिराकर 18 बिंदुओं में आकड़े एकत्र किए जाएंगे। सर्वे करने वाले शिक्षक पूछेंगे कि क्या बच्चा घर के कार्यों में लगा रहता है। अगला सवाल होगा कि क्या वह रेलवे या बस स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर कचरा बीनने जाता है? तीसरे सवाल में बच्चे के घरेलू नौकर के तौर पर कार्य करने की जानकारी मांगी जाएगी। इसी तरह ईंट भट्ठा, खदान, गैराज, फैक्ट्री आदि में काम करने या सीखने जाने संबंधी सवाल भी बच्चे के परिवार से किए जाएंगे। बच्चों के कृषि कार्य करने या पुस्तैनी दस्तकारी व्यवसाय में लगे होने के सवाल भी सर्वे करने वाले शिक्षक पूछेंगे। होटल-ढाबों में काम करने, छोटे भाई-बहन की देखभाल करने और विद्यालय दूर होने की वजह से स्कूल न जा पाने वाले बच्चों का सर्वे भी किया जाएगा।

# लापता युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी एक युवक एक सप्ताह पहले कोर्ट में पेशी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। बुधवार को युवक की मां क्षेत्रीय लोगों के साथ कोतवाली पहुंची और बेटे की हत्या की आशंका जताते हुये पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने एक युवक को पूछताछ के लिये उठाया है।

चंपापुरवा निवासी कमला देवी ने बताया कि उनका 25 वर्षीय बेटा अजय उर्फ छोटू 16 मई को कचेहरी पेशी पर जाने की बात कहकर निकला था। शाम तक घर न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं


गंगाघाट थाने में लापता युवक के परिजन। अमृत विचार

- पुलिस ने एक युवक को पूछताछ के लिये बैठाया

चला। जिस पर गंगाघाट कोतवाली पहुंच कर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक सप्ताह होने पर भी बेटा घर नहीं आया तो उसकी मां ने बेटे की हत्या की आंशका जातते हुये बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पहुंची। जहां पुलिस से को बेटे की हत्या होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। जहां उसने एक युवक पर शक जाहिर किया। जिस पर पुलिस ने युवक को पूछताछ के लिये उठाया है। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। एक युवक को पूछताछ के लिये बुलाया गया है। जल्द ही लापता का पता लगाया जायेगा।

# युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर लगाई आग

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- चिकित्सकों के मुताबिक, वह 75 फीसदी झुलसा
- गंभीर हालात में जिला अस्पताल रेफर किया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर कट्टर निवासी एक युवक के शरीर में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई। उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

फरीदपुर कट्टर गांव निवासी एक युवक ने बुधवार सुबह अपने घर में था। तभी संदिग्ध परिस्थिति के चलते उसके शरीर में अचानक आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगा। लपटें व धुआं देख परिजन दौड़े और कंबल-रजाई आदि से ढककर किसी तरह आग बुझाई। किंतु तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार वह करीब 75 फीसदी झुलस गया है और शरीर से मिट्टी के तेल की बदबू आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार विमल की परिवार के ही किसी सदस्य से कहासुनी हुई थी।

नाराजगी में उसने ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। हालांकि भाई ने बताया कि घर की कोठरी में आग लग गई थी। गृहस्थी का सामान निकालने के लिए विमल कोठरी में घुसा था।

**अव्यवस्था**

## शहर के कूड़ाघरों पर भोजन तलाशते हैं गोवंश, जिम्मेदार बोले, पॉलीथिन से नहीं हुई एक भी मौत

# गोवंश को नहीं मिल रहा चारा-पानी, खा रहे पॉलीथिन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर में गौशाला व कान्हा गौशाला संचालित हैं। इसी तरह आसपास गांवों में भी गौशालाएं स्थापित हैं। बावजूद इसके शहर के मुख्य मार्गों व गलियों में गोवंश घूमते रहते हैं।

शहर में गोवंश को पेट भरने के लिए चारा नहीं मिलता है। मजबूरन वे पालीथिन खाकर मौत बुला बैठते हैं। मरने वाले अन्ना गोवंश का पोस्टमार्टम भी नहीं होता। इसलिए सरकारी आकड़ों में बीते पांच माह में किसी गौवंश की पालीथिन खाने से मौत न होने का दावा भी किया जाता है। हनुमंत जीवाश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी बताते हैं कि हाल में मृत मिले तीन सांड़ की पीएम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई। जो पालीथिन खाने से ही होता है।

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सरकार गौशालाओं के निर्माण कराकर गौवंश को संरक्षण देने का दावा करती है। लेकिन, हकीकत यह है कि इन गौशालाओं में रहने वाले गौवंश भूखे रहकर तिल-तिल मरने को मजबूर हैं। छुट्टा घूमने वाले गौवंश किसानों की बड़ी सिरदर्दी बने हैं। रास्ता रुकने व उनसे टकराकर घायल होने वाले शहरी भी समस्या से आजिज होकर नाराजगी जताते हैं। शहरी कूड़ाघर गौवंश के स्थाई ठिकाना बने हुए हैं। लोग सब्जी आदि काटने के बाद छिलका सहित अन्य सामान पालीथिन में भरकर बाहर फेंक देते हैं। जिसे जल्दबाजी में भूखे गौवंश उसे खा लेते हैं। इसके बाद प्रायः पालीथिन उनकी आंतों में फंस जाती है। जिससे गौवंश का निधन हो जाता है।

**पालीथिन से नहीं हुई किसी गोवंश की मौतः सीवीओ-** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) शिवमूर्ति प्रसाद कहते हैं कि पालीथिन को गौवंश हजम नहीं कर पाते। इसलिए गोबर के साथ पालीथिन बाहर निकल जाती है। वह दावा करते हैं कि उनके पांच माह के कार्यकाल में अब तक किसी गौवंश की मृत्यु पालीथिन खाने से नहीं हुई है। आमतौर पर गौवंश का पीएम नहीं होता है। नगर निकाय या ग्राम पंचायत द्वारा उनके शव ऐसे ही दफनाये जाते हैं। मेडिकोलीगल की जरूरत होने पर ही पीएम होता है।


मोतीनगर में कूड़े में बिखरी पॉलीथिन के बीच जुगाली करते गोवंश। अमृत विचार

### बदइंतजामी से हर साल होती है सैकड़ों मौतः अखिलेश

इस संबंध में हनुमंत जीवाश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी दावा करते हैं कि बदइंतजामी के चलते हर साल सैकड़ों गौवंश भूख व पालीथिन खाकर मौत के शिकार होते हैं। वह सरकारी गौशालाओं द्वारा इसकी सुनियोजित साजिश करार देते हैं। जहां गौवंश का लगातार भूखे रखकर मौत हो जाती है। वह दावा करते हैं कि वर्तमान समय शहर में मौजूद गौवंश की संख्या के बराबर बीते कुछ वर्षों में मौत का शिकार हो चुके हैं।

# आरोपी जेठ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- प्रताड़ना से ऊबकर दो बेटों को जहर खिलाकर मां ने लगाई थी फांसी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस ने दिवंगत छोटे भाई की पत्नी को प्रताड़ित कर बच्चे सहित आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले जेठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी घटना में दो जेठ व एक देवरानी भी आरोपी है।

बता सदर कोतवाली अंतर्गत पटकापुर गांव निवासी सोमवती पत्नी स्व.संतकुमार ने सोमवार शाम अपने बड़े बेटे अंश व छोटे सुधीर को जहरीला पदार्थ खिलाने ले बाद खुद फांसी लगा ली थी। इसमें सोमवती व अंश की मौत हो गई थी। बड़ा बेटा सुधीर अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। फिलहाल उसकी हालत में सुधार है। घटना के बाद पहुंचे मायके वालों ने मृतका के तीनों जेठ व एक देवरानी पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। बिहार थानांतर्गत चिकंदरपुर गांव निवासी पिता शिवशंकर की तहरीर पर पुलिस ने चारों पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मामले की जांच कर रही थी। मुखबिर से मिली सूचना पर दरोगा अरविंद पांडेय ने बुधवार दबिश देकर प्रकाश यादव पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी पटकापुर को इसके घर से पकड़ लिया। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि आरोपी प्रकाश को कोर्ट में पेश किया गया। उसे जेल भेजा गया है।


प्रकाश।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर पालिका परिषद के एक सभासद ने संबंधित ठेकेदार पर सीसी मार्ग निर्माण में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। सभासद ने चेयरमैन व ईओ को शिकायतीपत्र देकर निर्माण पर रोक लगाने और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

पालिका परिषद के वार्ड-19 गढ़ी व सरोजनी नगर के सभासद राहुल शुक्ला ने चेयरमैन रामजी गुप्ता व ईओ मोनिका उमराव को दिये शिकायती पत्र में कहा कि पालिका से संबद्ध निर्माण कंपनी आरके इंटरप्राइजेज द्वारा स्टेशन रोड स्थित अरविंद तिवारी के मकान से चुन्नू के मकान तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। कंपनी द्वारा ईंट-गिट्टी की कुटाई कराए बिना मार्ग की ढलाई की जा रही है और ढलाई के लिए बाक्स भी नहीं बनाया गया है। इसके अलावा निर्माण में मानक के विपरीत मौरंग, गिट्टी व सीमेंट का मसाला प्रयोग हो रहा है।

# हाईवे पर लगा आठ किमी जाम, गर्मी में बिलबिलाए लोग

## सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जाम में फंसे रहे वाहन सवार, दो थाना क्षेत्रों की पुलिस करती रही मशक्कत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



हाइवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार


भोर के समय नवीन पुल से निकलते भारी वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित बदरका बाईपास के पास बुधवार सुबह मौरंग लदे डंपर और ट्रक खड़े हो गये। जिससे मार्ग संकरा हो गया और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में जाजमऊ पुल से लेकर गहरा तक लंबा जाम लग गया। जाम में फंसे लोग गर्मी में बिलबिला उठे। वहीं हाईवे पर पानी के लिये परेशान रहे। दोपहर बाद जाम हट सका। जिसके बाद आने जाने वाले लोगों ने राहत की सांस ली।

सुबह लगभग ग्यारह बजे बदरका चौराहे के पास मौरंग व गिट्टी लगे डंपर और ट्रक आड़े तिरछे खड़े कर दिये। जिससे पीछे से आने वाले बड़े वाहन रुक-रुक कर निकले। सुबह के समय वाहनों का भार अधिक होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में जाजमऊ पुल से लेकर गहरा तक करीब आठ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम को देख गंगाघाट कोतवाली और अचलगंज पुलिस पहुंची। जहां जाम हटवाने के लिये पुलिस खासी मशक्कत करती रही। इसके बावजूद जाम नहीं हटा। जिससे लंबी दूरी की बसें, एम्बुलेंस, दोपहिया, चौपहिया, ट्रक, डंपर, लोडर के अलावा अन्य वाहन सवार जाम में फंसे रहे। तेज धूप होने के कारण वाहन सवार व्याकुल हो गये। वहीं पानी के लिये इधर उधर भटकते रहे। दोपहर दो बजे के बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका। जिसके बाद वाहन सवारों ने राहत की सांस ली।

## नवीन पुल से रात भर धड़ल्ले से निकल रहे भारी वाहन

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- भारी वाहनों के निकलने से पुल पर हुआ बड़ा गड्ढा
- नवीन पुल से हल्के वाहनों के निकलने की है अनुमति

**अमृत विचार।** वर्ष 2021 में पुराना यातायात पुल बंद होने के कारण शुक्लागंज से कानपुर आने जाने के लिये नवीन पुल ही एक मात्र साधन है। जिस कारण रोजाना पीक ऑवर में भीषण जाम लग रहा है। वहीं कानपुर पुलिस निजी हितों के चलते मध्य रात्रि से भोर पहर तक धड़ल्ले से ओवरलोड ट्रक, डंपरों को नवीन पुल से गुजार रही है। वहीं नवीन पुल पर एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। जो भारी वाहनों के निकलने से दिनों दिन बड़ा होता जा रहा है।

नवीन पुल से हल्के वाहनों के निकलने की अनुमति है। इसके बावजूद कानपुर से रोजाना मध्य रात्रि से लेकर भोरपहर के बीच कानपुर पुलिस अपनी निजी हितों को देखते हुये ट्रक, डंपर, रोडवेज बसों के अलावा अन्य भारी वाहनों को गुजार रही है। जिसका कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो भी वॉयरल हो चुका है। इसके बावजूद कानपुर और उन्नाव के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि नवीन पुल पर एक साल से एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। जिसे कई बार पीडब्ल्यूडी ने भरवाया है लेकिन भारी वाहनों के निकलने से गड्ढा दिनों दिन बड़ा होता जा रहा है। भारी वाहनों के निकलने से पुल कमजोर भी हो सकता है। जिससे आने वाले दिनों में शुक्लागंजवासियों को कानपुर आने जाने के लिये भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। वहीं सुबह से लेकर देर रात तक ई बसें भी नवीन पुल से निकल रही हैं।

### रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग के जाम से आजिज हैं शहरवासी

**उन्नाव।** गुड्स ट्रेन की आवाजाही बढ़ने से शहर स्थित रायबरेली रेलवे क्रासिंग पर बार-बार जाम की स्थिति बनती है। इसके बाद भी यहां ओवरब्रिज स्वीकृत न होने से स्थानीय बाशिंदों सहित गैर राज्यों के भारी वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों खासकर निर्वाचित होने वाले सांसद को वरीयता से फ्लाई ओवर मंजूर कराना चाहिए। कुछ दशकों पहले तक इस रेल रूट पर एकमात्र ऊंचाहार सहित दो एक्सप्रेस ट्रेन और तीन पैसेंजर गाड़ियां आवागमन करती थीं। हालांकि कोविड काल में बंद हुई एक पैसेंजर ट्रेन की आवाजाही अभी नहीं शुरू हो सकी है, लेकिन गुड्स ट्रेनों का परिचालन बढ़ गया है। यात्री ट्रेन का समय तय होने से लोग इसी आधार पर समय निर्धारित कर घरों से निकलते थे, लेकिन मालगाड़ियों का समय निर्धारित नहीं रहता। इससे क्रासिंग पर पहुंचने पर गेट बंद मिलता है। शहर की इस सड़क पर न सिर्फ स्थानीय बाशिंदों का आवागमन रहता है, बल्कि पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू एंड कश्मीर व हिमांचल आदि राज्यों सहित प्रदेश के पश्चिमी व पूर्वी जिलों के बीच भाड़ा ढोने वाले भारी वाहनों की आवाजाही भी रहती है। इससे रेलवे फाटक बंद होते ही दोनों ओर लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं। ट्रेन पास होने में विलंब लगने पर रेलवे क्रासिंग पर एक तरफ पार्क व्यू तक तो दूसरी ओर बाईपास तिराहा तक जाम लगा रहता है। क्रासिंग के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बने होने से भारी वाहन चालक गाड़ी खराब होने के भय से काफी धीमी गति से आगे बढ़ते हैं। इससे क्रासिंग का गेट खुलने के बाद जाम समाप्त होने में काफी समय लगता है।



रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर जाम में फंसे वाहन।

## ट्रांसफार्मर जला, बिजली आपूर्ति गड़बड़ाई


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता बिजली कर्मी। अमृत विचार


फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर की विद्युत व्यवस्था इन दिनों बेपटरी हो गई है। जिस कारण गर्मी में शुक्लागंजवासियों को बिना बिजली के खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं ताबड़तोड़ फाल्ट होने के कारण बिजली कर्मी भी मरम्मत करने में परेशान दिख रहे हैं। बुधवार को ओवरलोड होने के कारण डॉकतार कॉलोनी में रखा ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया। इसी तरह अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही।

नगर के डॉकतार कॉलोनी में रखे 400 केवीए का ट्रांसफार्मर बुधवार दोपहर करीब एक बजे ओवरलोड होने के कारण धू धू कर जल गई। आग की लपटें देख आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। जिस पर क्षेत्र की आपूर्ति बंद कराई गई। जिसके बाद पालिका के टैंकर से किसी तरह आग बुझाई गई। इस दौरान करीब चार सौ घरों की बिजली तीन बजे तक गुल रही। इसी तरह रहमत नगर में सुबह दस बजे 100 केवीए ट्रांसफार्मर का एक फेस चला गया। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर कर्मचारी पहुंचे और फाल्ट खोजने के लिए फीडर 2 को बंद कराया गया। दोपहर दो बजे के मरम्मत होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं आदर्श नगर में 100 केवीए ट्रांसफार्मर की एलटी रात बारह बजे कट गई। बिजली कर्मियों ने शाम चार बजे मरम्मत कार्य करने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू कराई। वहीं सर्वोदय नगर में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से दोपहर बारह बजे से चार बजे तक बिजली गुल रही। इसके अलावा मिश्रा कालोनी में भी एचटी लाइन से कबूतर टकराने के कारण फीडर 4 आधे घंटे तक बंद रही। वहीं अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने के कारण घंटों बिजली गायब रही।

## दहेज हत्या के आरोपी पिता पुत्र चढ़े पुलिस के हत्थे

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


पुलिस गिरफ्त में आरोपी पति व ससुर।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग स्थित कैलाश विहार कालोनी में विवाहिता की मौत होने पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। उसी मामले में पति और ससुर वांछित चल रहे थे। बुधवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही दो आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि सुल्तानपुर के थाना लम्भुआ के जाटूपुर निवासी अवनीश सिंह की बेटी प्रीती का विवाह गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग स्थित कैलाश विहार में रहने वाले अमित सिंह पुत्र हर गोविंद सिंह के साथ 5 दिसंबर 2023 को हुआ था। मृतका के भाई नवनीत ने आरोप लगाया था कि दहेज में कार और दो लाख रुपये न देने पर 20 मई को ससुरालियों ने उसकी बहन की हत्या कर दी थी। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति पति अमित के अलावा ससुर हर गोविंद, सास मिथलेश व देवर रोहित सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। चारों दर्ज मुकदमें वांछित चल रहे थे। बुधवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी पति अमित और ससुर हर गोविंद को आजाद मार्ग कैलाश विहार के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## करंट की चपेट में आई महिला, मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत पानी भरने के लिए मोटर का प्लग चालू करने गई महिला करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों की नजर पड़ने पर वह उसे एक निजी क्लीनिक ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा हैदराबाद निवासी रज्जन सिंह पेशे से राजगीर मिस्त्री है। इसी काम से वह अपने परिवार का खर्च चलाता था। उसके घर में पानी भरने के लिए हैंडपंप में मोटर पड़ी है। बुधवार को उसकी पत्नी सुनीता पानी भरने के लिए पहुंची और मोटर स्विच चालू किया। इसी दौरान कहीं से तार कटा होने की वजह से वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। इसे छटपटाते देख परिजन दौड़े और मेन स्विच बंद कर पास के एक निजी डाक्टर के क्लिनिक में पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## सार-संक्षेप


गांव में मौजूद वन विभाग की टीम। अमृत विचार

### तेंदुआ की तलाश में वन विभाग की टीमें सक्रिय

**औरास।** थानाक्षेत्र के कुठली गांव में ग्रामीणों द्वारा चार दिन पूर्व तेंदुआ देखे जाने की चर्चा तेजी से उठी थी। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका। जबकि, वन विभाग द्वारा गांव के आसपास 14 कैमरे भी लगवाए गए हैं और तेंदुए को पकड़ने के लिए दिन रात टीमें सक्रिय हैं। टीम ने पिंजरा भी रखवाया है। लेकिन, चार दिन बाद भी विभागीय अधिकारियों के हाथ कुछ नहीं लगा है। ग्रामीणों के अनुसार, देखा गया जानवर तेंदुआ ही था और वह अभी इसी क्षेत्र में है। लेकिन वन अधिकारियों का कहना है कि अगर वह तेंदुआ था भी तो वह कहीं और जा चुका है। इसे लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी राजवीर सिंह सेंगर ने बताया कि कुठली गांव में वन विभाग की टीम मौजूद है। लगातार कैमरों की मदद से निगरानी रखी जा रही है।

### पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट की दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के डॉकतार कॉलोनी मोहल्ले में पांच दिन पहले अज्ञात चोरों ने घर का सामान पार कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। डॉकतार कॉलोनी निवासी अनुज पुरी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 18 मई की रात वह कमरे में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोरों ने छत पर रखे तीन मोबाइल, एक फर्राटा पंखा व प्रेस पार कर दिया था। जानकारी होने पर उसने पुलिस से शिकायत भी की थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### विद्युत उपकरण ठीक कर रहा युवक झुलसा, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अमीरपुर नेवादा निवासी सत्यम (35) पुत्र शिवाकांत बुधवार को अपने घर में घरेलू विद्युत उपकरण दुरुस्त कर रहा था। तभी अचानक वह तेज़ करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मामा श्रवण कुमार आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नशीला पदार्थ पिला कर घर से नकदी और जेवर चुराए

**बांगरमऊ उन्नाव।** होमगार्ड की अचानक मौत के बाद दामाद ने अपनी सास और दो सालों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद घर में रखे माल-जेवर चोरी करने के साथ ही अपनी साली को भी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मृतक होमगार्ड की विधवा ने अपने दामाद के खिलाफ घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बता दे कि कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले होमगार्ड की बीमारी के चलते 12 मई को मृत्यु हो गई थी। मौत की खबर मिलते ही बड़ी बेटी और दामाद घर पहुँचे। तभी दामाद ने बीते 17 मई की रात मृतक की पत्नी और दोनों बेटों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उन्हें बेहोश कर दिया था और घर में रखा बीस हजार रुपए नगदी सहित सोने-चांदी के जेवर लेकर भाग निकला था। साथ ही दामाद अपनी छोटी साली को भी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। तब से मां और दोनों बेटों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कोतवाली पहुंच कर घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी। तहरीर में दामाद और बड़ी पुत्री पर बीस हजार रुपए और सोने चांदी के जेवर चोरी करने और उसकी छोटी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि तहरीर मिली है।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू

**उन्नाव।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए भारत सरकार की साइट चालू हो गई है। उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष टीजी सीतारमन ने संयुक्त रूप से इसकी शुरुआत की है। शिक्षण और सीखने की प्रभावशीलता, अनुसंधान एवं नवाचार आधारित प्रवृष्टियों पर विचार किया जाएगा। इसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.अवार्डस.गोव. इन पर आनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों की आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्हें संस्थान का नियमित संकाय संबंध होना होना चाहिए।

## बुद्ध पूर्णिमा को लेकर नगर पालिका ने घाटों की कराई सफाई

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव


घाटों की सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार


ऋषि नगर में सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा स्नान को देखते हुये पालिका ने बुधवार को नगर के सभी घाटों की साफ सफाई कराई। जहां पालिका की ओर से घाटों की समतलीकरण भी कराया गया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी घाटों पर मुस्तैद रहेगा।

बुद्ध पूर्णिमा को देखते हुये बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने नगर के सभी घाटों का जायजा लिया। जिसके बाद मिश्रा कॉलोनी से लेकर बालूघाट तक अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, रेलवे पुल के नीचे, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही स्नानार्थियों के लिए सभी घाटों पर चेंजिंग रुम, पानी का टैंकर, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं गहरे पानी में कोई न जा सके। इसके लिये पालिका की ओर से गोताखोर और नावें भी लगवाई गई हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि सभी घाटों पर पुलिस तैनात रहेगी।

- आज मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ के घाटों पर होगा स्नान

### वेक्टर जनित रोगों को लेकर ऋषि नगर में चली झाड़ू

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर पालिका अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये बुधवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 7 ऋषि नगर पहुंचे। जहां कर्मियों ने साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये पिछले कई दिनों से अभियान चला रहा है। उसी को देखते हुये बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 7 ऋषि नगर मोहल्ले में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने मोहल्ले की सभी गलियों में वृहद स्तर से साफ सफाई की। इसके साथ ही नाला-नालियों में जमी सिल्ट को साफ किया। वहीं मच्छरों को देखते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

**आयोजन** | छह वर्ष पूरे होने पर राजधानी मार्ग पर श्री श्याम महोत्सव

## 'नैया डगमग डोली जाए, बिन मांझी तू ही पार लगाए'

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


श्याम महोत्सव के दौरान हुआ बाबा का श्रृंगार। अमृत विचार


भजन के दौरान झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्याम बाबा के आगमन के छह वर्ष पूरे होने पर राजधानी मार्ग स्थित नेहरू नगर के सामने मंगलवार रात श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित और गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ। जिसके बाद भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से समां बांध दी। जिसे सुनने के लिये पूरी रात भक्त बैठे रहे और श्याम बाबा के गीतों पर झूमते रहे।

जयपुर से आये आयुष सोनवानी ने बाबा यह नैया डगमग डोली जाए, बिन मांझी तू ही पार लगाए। जिसके बाद शाहजहांपुर से आये शुभम रंगीला ने भटकते भटकते प्रभु में तो हारा मुझको लगा ले अपनी चरण चाकरी में मुझे तू लगा ले भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कानपुर से आए अभिषेक शुक्ला ने अपनी प्रस्तुति देते हुए खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है। विष्णु मिश्रा ब्रज रसिक ने भजनों के साथ कई भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही भजनों के माध्यम से भक्तों का मन मोह लिया। इसके अलावा अनुज अलबेला, किरन गुप्ता, हरीश शुक्ला ने भी अपने गीत प्रस्तुत किये। वहीं श्री श्याम आराधना म्यूजिकल गुरप ने म्यूजिक से सबका मन मोह लिया। भजनों का सिलसिला मंगला आरती तक चलता रहा। इस दौरान श्याम बाबा को गजरा अर्पण कर महा आरती की गई। इस दौरान कीर्तन में भक्तों का तांता लगा रहा। इस मौके पर अयोजक अभिलाषा मिश्रा, मनोज मिश्रा के अलावा सैकड़ों श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

- भजनों का सिलसिला मंगला आरती तक चलता रहा

## तमंचे सहित दो लोग गिरफ्तार किए गए

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उनके पास से बिना वैध कागजात की बाइक भी बरामद हुई। जिसे पुलिस ने सीज किया है।

आसीवन थाना में तैनात दरोगा महेन्द्र सिंह ने बताया कि वे फोर्स के साथ मुशीगंज पेट्रोलपंप के पास बुधवार को चेकिंग कर रहे थे। तभी वहां से निकले बाइक सवार सूरज पुत्र लल्लन सिंह निवासी गांव रतनागढ़ी थाना माखी व रजत पुत्र गीरेन्द्र सिंह निवासी गांव सफई थाना बिधनू जिला कानपुर नगर को रोका गया। संदिग्ध लगने पर उनकी जामातलाशी ली गई तो उनके पास एक-एक तमंचा बरामद हुआ। जिस पर उन्हें गिरफ्तार करने के साथ बाइक को एमवी एक्ट में सीज किया गया। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## चोरी की योजना बनाने में दो को मिली सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- गैंगस्टर कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद आया फैसला

**अमृत विचार।** घर के बाहर बंधे बकरा, बकरी चोरी करने की योजना बनाते पकड़े गए दो आरोपियों को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी करार देते हुए 18-18 माह की सजा सुनाई है। उन पर 10-10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि बारासगवर थानांतर्गत तत्कालीन एचसीपी गयाबक्श यादव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह फोर्स के साथ 16 अक्टूबर-2017 की रात गस्त पर थे। तभी करीब 12 बजे सूचना मिली कि कस्बा के बाहर खेतों में बैठे लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। इस पर दबिश देकर संजय लोध व जंगली पासी निवासी आजाद नगर गंगाघाट कोतवाली को पकड़ा था। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह घर के बाहर बंधे बकरा, बकरी चोरी करने की योजना बना रहे थे। उन्हें जेल भेजने के बाद आईओ संजय पाल ने 21 फरवरी-2018 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट में बुधवार को पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलें सुनने के बाद एडीजे जयवीर सिंह नागर ने संजय व जंगली को 18-18 माह की सजा 10-10 हजार के जुर्माने के भी आदेश दिये हैं। जुर्माना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# आरोपियों के मोबाइल खोलेंगे वीडीओ की हत्या के राज

वीडीओ हत्याकांड

**पुलिस ने मोबाइल फोन जांच के लिए भेजे, निकाली जाएगी कॉल रिकॉर्डिंग**

**बेटी बोली-नहीं है पछतावा, पूरे परिवार को खत्म करने की थी योजना**

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम विकास अधिकारी की हत्या का राज उनकी बेटी का मोबाइल खोलेगा। पुलिस ने उसका नंबर सर्विलांस पर लगाया तो आखिरी कॉल प्रेमी की ही निकली। अब पुलिस कॉल रिकार्डिंग निकलवाएगी, जिससे पता चलेगा कि उन दोनों के बीच क्या बात हुई थी? जिस पर उसने अपने पिता को ही मार डाला। वैसे पुलिस हिरासत में बेटी का कहना था कि उसकी योजना पूरे परिवार को खत्म करने की थी, वह कई दिनों से प्रयास कर रही थी।


अजयपाल राजपूत


वीडीओ के दरवाजे पर बैठे परिजन व रिश्तेदार। अमृत विचार

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर में ग्राम विकास अधिकारी अजयपाल राजपूत की हत्या में नामजद उनकी बेटी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन कब्जे में लिए हैं। दोनों के नंबरों की जब कॉल डिटेल निकलवाई गई तो आखिरी बातचीत उन्हीं दोनों के बीच हुई थी। अब पुलिस उस बातचीत की रिकॉर्डिंग निकलवा रही है, जिससे पता चल सके कि आखिर दोनों के बीच क्या बात हुई थी? पुलिस हिरासत में दोनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। बेटी का कहना था कि उसने पूरे परिवार को खत्म करने की योजना बनाई थी, लेकिन भाई सिद्धार्थ के जाग जाने से वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकी। अपने प्यार को परवान चढ़ाने के लिए उसने इस कृत्य को अंजाम दिया है, जिस पर उसे कोई पछतावा नहीं है। उसके चेहरे पर पछतावे के कोई निशान नहीं थे।

ग्राम विकास अधिकारी हत्याकांड में नामजद उनकी बेटी और प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



**-अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक**

### चाचा ने बेटी को बताया निर्दोष

ग्राम विकास अधिकारी अजयपाल राजपूत के छोटे भाई रामनिवास पुलिस में सिपाही हैं। उन्होंने आरोपी बेटी को निर्दोष बताते हुए कहा कि अकेली लड़की आरी के ब्लेड से हत्या कैसे कर सकती है? जरूर उसके साथ कोई और रहा होगा। उनके भाई की हत्या में रहस्य बना हुआ है, जिस पर पुलिस को सही तरीके से विवेचना करनी होगी। जिस लड़के ने नींद की गोलियां लाकर दीं, वह हत्या भी कर सकता है।

# डंपर की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की मौत

- **हरदोई रोड बख्सीपुर्वा गांव के सामने हुई दुर्घटना**
- **बाइक से दोनों हरदोई रोड पर स्थित जरारे जा रहे थे**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गांव बख्सीपुर्वा के सामने अनियंत्रित डंपर की टक्कर बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। रिश्ते में दोनों चचेरे भाई बताए गए हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुमटिया निवासी चचेरे भाई बेचेलाल (40) पुत्र छोटे लाल व कल्लू (40) पुत्र गंगाराम दोपहर के समय एक ही बाइक पर सवार होकर हरदोई जनपद के गांव जरारे की बाजार से खरीददारी करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हरदोई रोड पर स्थित सदर कोतवाली के गांव बख्सीपुर्वा के सामने पहुंची, उसी समय तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों दूर जा गिरे। दुर्घटना में बेचेलाल का पैर टूट गया वहीं, कल्लू के अंदरूनी चोट आने से वह बेहोश हो गया। दोनों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा भेज दिया गया। यहां उपचार के दौरान कल्लू की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल बेचेलाल को कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय बेचेलाल की रास्ते में मौत हो गई। परिजन रास्ते से ही शव लेकर लौटआए। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## बहू की हत्या में ससुर ने किया आत्मसमर्पण

**तिर्वा, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर शव को तालाब में दफन करने के मामले में फरार चल रहा ससुर कोर्ट में हाजिर हो गया।

थाना ठठिया क्षेत्र के कौलैपुर्वा गांव निवासी शीलू पुत्र राकेश ने अपनी पत्नी निक्की की हत्या कर दी थी। इसके बाद पिता राकेश, भाई रेसू के सहयोग से उसके शव को गांव के बाहर तालाब में दफन कर दिया था। मृतका के पिता कलमबाग थाना बराहारा कोठी जनपद पूर्णिया (बिहार) निवासी हरिमोहनराम पुत्र बुधो राम की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर, देवर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस मृतका के पति को तत्काल पकड़ कर जेल भेजने के बाद ससुर व देवर की तलाश में जुट गई। पुलिस की लगातार दबिश से परेशान ससुर राकेश ने मंगलवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

# अवैध ताड़ी पकड़ने गई पुलिस और आबकारी टीम पर हमला

**पथराव कर सरकारी जीप तोड़ी, दो सिपाही घायल, मौके से दो हमलावर गिरफ्तार**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को अवैध ताड़ी उतार रहे माफिया के यहां छापा मारने पहुंची पुलिस व आबकारी टीम पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने पथराव कर आबकारी विभाग की जीप तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। इस दौरान दो सिपाहियों को घायल कर वर्दी भी फाड़ डाली। हमले के बाद मौके से भाग रहे दो हमलावरो को पुलिस ने दबोच लिया। आबकारी विभाग के दरोगा ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव भूलनपुर में अवैध रूप से ताड़ी उतारने की सूचना मिली थी। जिस पर आबकारी के दरोगा राजेश चौबे, सचिन, कुमार गौरव क्षेत्रीय थाना कमालगंज पुलिस के साथ छापेमारी करने गए थे। ताडी माफिया के लोगों ने टीम पर लाठी-डंडे व पथराव कर दो सिपाहियों को घायल कर दिया। सरकारी जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आबकारी अधिकारी ने बताया आरोपियों के खिलाफ दरोगा सचिन ने थाना कमालगंज में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। मौके से हमला करने वालों में सुखपाल, देव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में इन लोगों ने प्रभुदयाल और 4-5 अन्य लोगों के नाम बताए हैं, जो हमले में शामिल थे। पुलिस फरार हमलावरों की तलाश में कई जगह दबिश दे रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पुलिस और आबकारी टीम पर हमला करने वालों की खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। व्यवस्था पर हमला किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमले में घायल सिपाहियों ने बुधवार को डॉक्टर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।


थाना कमालगंज में रिपोर्ट दर्ज कराते आबकारी विभाग के दरोगा। अमृत विचार

- **कमालगंज थाना क्षेत्र के भूलनपुर गांव में हुई वारदात सिपाहियों की वर्दी फाड़ी**

## फतेहपुर से दिल्ली बलिया, मथुरा की रोडवेज सेवा बंद

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में फतेहपुर डिपो की बसें लगने से अब जनपद से दिल्ली, बलिया, मथुरा रूट की सेवा में कटौती की गई है। चुनाव ड्यूटी में फोर्स को लाने-ले जाने के लिए बसों को भेजा जा रहा है। फतेहपुर डिपो से 40 बसों की मांग की गई है, जिनमें चार बसें पहले ही रवाना हो गई हैं। मंगलवार सुबह 13 बसों को चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन भेजा गया। कानपुर प्रयागराज रूट की आठ, दिल्ली की दो, बलिया की दो व मथुरा रूट की एक बस को भेजा गया है। इसके चलते डिपो से दिल्ली, बलिया, मथुरा की सेवा फिलहाल बाधित रहेगी। और रूट की बस सेवाएं प्रभावित होगी। डिपो से बुधवार को 11 बसों को भेजा गया है। इसी तरह 27 मई को 11 बसें और भी चुनाव में भेजी जानी हैं। डिपो से 117 बसों का संचालन हो रहा था। चार बसें पहले ही चुनाव ड्यूटी में भेज दी गई। 13 बसें और जाने से अब स्टाप से 110 बसों की संचालन हो रहा है। एआरएम सहायक सुरेश चन्द्र यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में 17 बसें डिपो से गई हैं। दिल्ली, मथुरा, बलिया की सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

# बर्खास्त प्रिंसिपल के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

- **स्वामी रामानन्द बालिका इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक की ओर से लिखाई गई रिपोर्ट**

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस नें बर्खास्त प्रधानाचार्य के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज बना कालेज को फर्जी नियुक्ति पत्र देने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित स्वामी रामानन्द बालिका इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक विनीत अग्निहोत्री ने प्रीती चतुर्वेदी निवासी अवस्थी स्पार्टस लोहाई रोड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज करायी गयी एफआईआर के अनुसार प्रीती चतुर्वेदी साल 2016 से विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य थी। वह लगातार वित्तीय अनिमियतताये शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अशिष्ट व्यवहार करती चली आ रही थी। और उन पर अनुशासनहीनता के भी काफी आरोप सामने आये। 21 अप्रैल 2022 को प्रबन्ध समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में उनको अनुशासनहीनता के आरोपों के कारण निलम्बित कर दिया गया। और पत्रावली अनुमोदन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में भेजी दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बर्खास्त प्रधानाचार्य प्रीती चतुर्वेदी के लगाये गये आरोपों को सही पाते हुए उनके निलंबन का अनुमोदन किया। जिसके बाद निलंबित प्रधानाचार्य को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। उनके द्वारा दिये गये जबावों में कोई बल न होने के कारण जांच समिति ने जांचोपरान्त उन पर लगे आरोपों की पुष्टि की। प्रबन्ध समिति ने दी गयी रिपोर्ट के आधार पर प्रीती चतुर्वेदी की सेवा समाप्त करने का निर्णय प्रबन्ध समिति द्वारा सर्व सम्मत्ति से लिया गया और उनकी सेवा समाप्ति के अनुमोदन हेतु पत्रावली उत्तर प्रदेश माध्यमिक सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज को भेज दी गयी।



सचिव उत्तर प्रदेश मध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज द्वारा दोनों पक्षों को समक्ष बुलाकर अपना अपना पक्ष रखने का मौका देने के उपरान्त सुनवाई पूर्ण करके निर्णय सुरक्षित रख लिया। 10 अगस्त 2023 को सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र विद्यालय में प्राप्त हुआ। जिसके अनुसार प्रबन्ध समिति के सेवा समाप्ति की सारी कार्यवाही को अमान्य कर दिया गया। जब पत्र की जांच की गयी तो वह फर्जी निकला। जिसमें एफआई दर्ज करनें के आदेश दिये। पुलिस नें रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तालाब में नहाते समय तीन बच्चे डूबे, एक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तीन बच्चे तालाब में नहा रहे थे। तभी एक बालक गहराई में जाकर डूब गया। चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। कस्बा समधन के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मुस्तकीम का पुत्र एहतशाम (11) अपने साथी इमरान (8) व शाकिर (11) के साथ ईदगाह के निकट स्थित तालाब में नहाने गया था। एहतशाम तालाब की गहराई में डूबने लगा और दलदल में फंस गया। बालक को बाहर निकाल कर लोग निजी चिकित्सक के यहां ले गए।

# गोकशी, लूट, चोरी के 14 आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

- **डीएम के आदेश के बाद अलग-अलग थानों में रिपोर्ट**

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने डीएम के आदेश पर 14 कुख्यातों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अपराधी अवैध मौरंग खनन, गोकशी, लूट, चोरियों के आरोपी हैं।

सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि थाने के सोहदमऊ निवासी सैफउल्ला, इजुरा बुजुर्ग निवासी अख्तर, मोहम्मद इरफान, पप्पू, इबरान उर्फ बंटा, रायबरेली जिला ऊंचाहार बभनपुर भीटा निवासी मोहम्मद इरसाद, खखरेरू के हसमत अली, थरियांव थाने के धर्मदासपुर निवासी वीर सिंह उर्फ लोटन सिंह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यह गिरोह वाहन चोरी, लूट, नकबजनी करते हैं। पुलिस ने गैंग के सदस्यों को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। गैंग का लीडर सैफउल्ला है। खखरेरू पुलिस ने कोट गांव के मोहम्मद सफी उर्फ कल्लू और उसके भाई आदिल उर्फ अदू, ओरहा निवासी साहब उर्फ सहाबुद्दीन पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। गैंग का लीडर मोहम्मद सफी उर्फ कल्लू है। तीनों 18 मई 2022 को चंदनमऊ गांव से तमंचा फैक्टरी के साथ पकड़े गए थे। आरोपियों पर 11 मई 2023 को यमुना नदी से अवैध मौरंग खनन और डंप करने का मुकदमा हुआ था। मुकदमों में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

## युवक ने पुलिस की वर्दी में बनाई रील

**औरैया।** जनपद में पुलिस की वर्दी पहनकर रील बनाने का अब ट्रेंड बनता जा रहा है। कुछ दिन पहले पुलिस कर्मी द्वारा बनाई रील वायरल हुई थी। अब एक युवक का पुलिस की वर्दी पहनकर "कनपटी पर कट्टा तना रहेगा दबदबा था दबदबा है, दबदबा बना रहेगा" गाने के साथ सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। सबसे बड़ी बात पुलिस की वर्दी में युवक के पुलिस में न होने की भी जानकारी दी गई। एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया कि थाना परिसर के अंदर दिबियापुर निवासी जयकेश यादव ने उड़ाया पुलिस की वर्दी का मजाक। वायरल वीडियो में पुलिस की वर्दी पहने हुए युवक पुलिस विभाग में किसी भी पद पर तैनात नही हैं। अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# अधिशाषी अभियंता से नाराज कर्मचारियों ने मांगा स्थानांतरण

- **वसूली, अभद्रता करने का आरोप लगाया, एक आडियो भी वायरल हुआ**

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर बिजली डिवीजन की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह की कार्यशैली से नाराज बिजली विभाग के सभी कर्मचारी व अधिकारी नाराज हैं। उन्होंने धरना दिया। उन्होंने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को पत्र भेजकर सामूहिक रूप से स्थानांतरित किए जाने की मांग की। आरोप है कि अधिशासी अभियंता, अवर अभियंताओं से हर माह पांच-पांच हजार रुपये वसूली देने का दबाव बना रही हैं और अभद्र तरीके से बात कर रही हैं। बातचीत से जुड़ा एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता ने आरोपी अधिशासी अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति की है।कर्मियों ने आरोप लगाया है कि दिबियापुर के उप खंड अधिकारी अनुराग पांडे से उन्होंने ऑफिस में बड़े ही गलत तरीके से बात की। बिजली विभाग के अधिकारी से अभद्रता की। अभद्र तरीके से बातचीत का भी एक ऑडियो वायरल हुआ है। नेहा सिंह पर आरोप है कि वह कर्मचारियों से कार्यालय से बाहर जाने के लिए कह रहीं हैं। दिबियापुर डिवीजन सहित जिले के अन्य डिवीजन के एसडीओ, जेई के साथ ही समस्त कर्मचारियों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है और कहा है कि उन सभी का सामूहिक रूप से स्थानांतरण किया जाए। धरने में उपखंड अधिकारी उपेंद्र सिंह, अनुराग पांडे, मनोज कुमार वर्मा, ऋषभ सिंह, अवर अभियंता विजय सिंह,राजेश कुमार,प्रदीप कुमार,नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। अधीक्षण अभियंता बृजमोहन ने बताया दिबियापुर की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उच्च अधिकारियों के आदेश मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


मतदान केंद्रों में लगी महिलाओं की कतार। (फाइल फोटो)

# सांसद चुनने में पुरुषों से आगे निकलीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण में मतदान के बाद जहां जिला निर्वाचन और उम्मीदवारों व समर्थकों ने थोड़ी राहत महसूस की है, वहीं लोकतंत्र के भाग्य विधाता कहे जाने वाले मतदाताओं को भी चुनावी टेंशन से मुक्ति मिल गई है। जनपद की चार विधानसभा सीटों पर कुल 60 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

यहां पुरुषों 57.67 फीसदी पुरुषों और 61.77 फीसदी महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लिया। जबकि जिले के कुल 45 ट्रांसजेंडर मतदाताओं में से महज 17 ने ही लोकतंत्र के महापर्व में भाग लिया। कुल मिलाकर यहां भी महिलाओं ने बाजी मार ली और पुरुषों के सापेक्ष करीब 4 फीसदी अधिक महिलाओं ने मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाई है।हमेशा मूंछों का दम दिखाने पुरुष आखिरकार लोकसभा चुनाव के मतदान में नारी शक्ति से पिछड़ ही गए। चुनाव लड़ रहे प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की बात करें तो भाजपा और बसपा ने जहां मर्दों पर अपना भरोसा जताया था, वहीं सपा-कांग्रेस के इंडिया गठबंधन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। मतदान के दौरान पोलिंग बूथों पर भी तपती दोपहरी और सूरज की तल्खी के बावजूद महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें उनके उत्साह की गवाही दे रहीं थीं। जनपद की चार विधानसभा सीटों पर कुल 13 लाख 33 हजार 439 मतदाताओं में 7 लाख 25 हजार 639 पुरुष और 6 लाख 7 हजार 773 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि जिले में कुल 45 ट्रांसजेंडर मतदाता भी मौजूद हैं।

मतदान के बाद प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 4 लाख 18 हजार 467 पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं कुल 3 लाख 75 हजार 416 महिलाएं भी लोकतंत्र के महापर्व की भागीदारी बनी। जबकि कुल 17 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने भी मतदान में हिस्सा लिया। मतदान करने वाले पुरुषों के सापेक्ष करीब 4 फीसदी अधिक महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लेकर मूछों पर ताव देने वाले मर्दों को पीछे धकेलने का काम किया है। खास बात यह भी है कि जिले के चुनाव की कमान भी जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के हवाले ही है। ऐसे में महिलाओं का उत्साह के साथ मतदान करने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। अब 4 जून को मतों की गणना के बाद हार-जीत का फैसला हो सकेगा।

**चुनाव मंथन** — थर्ड जेंडर ने दिखाई सुस्ती, 56 में महज 10 ने किया मताधिकार का प्रयोग

# वोट डालने में पुरुषों से पीछे नहीं रही 'नारी शक्ति'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चुनाव के चौथे चरण में वोट डालने में महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं रहीं। नारी शक्ति ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जहां 61.83 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया तो 60.68 फीसद महिलाओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, थर्ड जेंडर्स ने मतदान में सुस्ती दिखाई और जिले में 56 में महज 10 लोगों ने मतदान किया, जो केवल 17.86 प्रतिशत है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 13 मई को 1519 बूथों पर मतदान हुआ था। मतदान के बाद यदि वोटिंग के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो सभी बूथों पर पुरुषों के सापेक्ष महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। जिले में 6,87,876 पुरुष मतदाताओं में 4,25,320 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार 6,02,459 महिलाओं में 3,65,580 ने वोट डाला। देखा जाए तो महिलाएं पुरुषों की तुलना में 1.15 प्रतिशत कम महिलाओं ने मतदान किया। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदान को देखा जाए तो छिबरामऊ में 20 में से 4, तिर्वा में 22 में से 4 और कन्नौज में 14 में से दो लोगों ने मतदान किया है। जबकि इस बार चुनाव आयोग व जिला प्रशासन ने मतदाता सूची में थर्ड जेंडर को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया था और मतदाता जागरूकता अभियान के तहत थर्ड जेंडर को भी मतदान के प्रति जागरूक किया गया था।


कन्नौज के एक बूथ पर वोट डालती महिला (फाइल फोटो)।

**60.68** प्रतिशत महिलाओं ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों में किया मतदान

**61.83** प्रतिशत पुरुषों ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों में किया मतदान

**विधानसभा क्षेत्रवार मतदान की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| छिबरामऊ | 1,53,817 | 1,32,849 | 58.86 |
| तिर्वा | 1,28,070 | 1,08,459 | 62.03 |
| कन्नौज सदर | 1,43,433 | 1,24,272 | 62.23 |
| योग | 4,25,320 | 3,65,580 | 61.29 |

जिले में मतदान की स्थिति अन्य जिलों की अपेक्षा बेहतर रही है। महिलाओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत है। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को सबसे अधिक जागरूक किया गया था।



**-आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

## वन विभाग ने अवैध कब्जा रुकवाया

**महेवा, इटावा।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत अंदावा में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम चकरनगर से की है। वन विभाग के अधिकारियों ने भी स्थलीय निरीक्षण कर कार्य को बंद कराया। ग्राम अंदावा निवासी उदयवीर सिंह व राजेश कुमार ने उपजिलाधिकारी चकरनगर को दिए प्रार्थना पत्र में शिकायत की कि गांव के ही नामजद लोग अपनी निजी जमीन से लगी वन विभाग की करीब एक एकड़ जमीन को गत मंगलवार को जे सी बी से समतलीकरण कराकर टीन शेड आदि डालने का कार्य करा रहे हैं। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी चकरनगर सहित वनविभाग के उच्चाधिकारियों से की गई।

अनारभ्या भवन्त्यर्था : केचित्रित्यं तथाऽगता : ।
कृत : पुरुषकारो हि भवेद् येषु निरर्थक : ॥

साधारण और बेकार के कामों से बचना चाहिए, क्योंकि उद्देश्यहीन कार्य करने से उन पर लगी मेहनत भी बर्बाद हो जाती है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग सख्त

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चरण में आठ राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 889 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार के दौरान अमर्यादित एवं भड़काऊ भाषा के प्रयोग पर भारत के चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस से जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से परहेज करने को कहा है। आयोग ने भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए भी कहा जो समाज को विभाजित कर सकते हैं। आयोग ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में टिप्पणी की है कि उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों की बातों में एक पैटर्न दिखता है और उससे ऐसे आख्यान सृजित होते हैं, जो आदर्श चुनाव संहिता अवधि के बाद भी घातक हो सकते हैं। साथ ही कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। रक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में संभावित विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है।

बुधवार को चुनाव आयोग ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेताओं को चुनाव रैली और प्रेस वार्ता के दौरान भाषा में संयम बरतने और मर्यादा रखने के लिए नोट जारी किया है। इससे पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल के तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय की तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी के लिए निंदा की और उन्हें 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से यह भी कहा कि वह पार्टी की ओर से सभी उम्मीदवारों और प्रचारकों को एक सलाह जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान अवधि के दौरान ऐसी चूक दोबारा न हो। चुनाव आयोग ने ठीक ही कहा कि राजनीतिक दल भारतीय मतदाता के गुणवत्ता पूर्ण चुनावी अनुभव की जो विरासत है उसे कमजोर करने की कोशिश न करें। वास्तव में चुनाव आते जाते रहते हैं परंतु भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक तानेबाने की रक्षा इन सबसे बढ़कर है। भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को चुनावों में प्रभावित नहीं किया जा सकता। भाषा पर संयम न बरतने के चलते मतदाता के बीच गलत संदेश जाता है और राजनीतिक दलों की छवि भी खराब होती है। इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों के नेताओं को राजनीतिक शुचिता व मर्यादा का पालन करना चाहिए ताकि लोकतंत्र एवं चुनाव की गरिमा कलंकित न होने पाए।

# लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है।

लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन मनुष्य और मनुष्यता की प्रतिष्ठा है। समष्टि की प्रतिष्ठा है, समष्टि के कितने ही सोपान हो सकते हैं-व्यक्ति की सीमा से बाहर निकलें तो मोहल्ला भी समष्टि है, उसके आगे समुदाय है, जाति है, जाति से बाहर वृहत्तर समाज है। गांव है, जनपद है फिर प्रदेश है, फिर राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र। उसके आगे विश्वचेतना है। लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन विश्वव्यापी चैतन्य शक्ति का साक्षात्कार करना है, जिसे महाकवि जयशंकर प्रसाद के शब्दों में विश्वचेतना कह सकते हैं। यहां यह स्पष्ट है कि किसी सबल राष्ट्र अथवा वहां के राष्ट्रपति की आवाज विश्वचेतना की आवाज नहीं है, वह सबल राजसत्ता की आवाज है।

विश्वचेतना सामान्यजन की चेतना है, सामान्य जन अर्थात् विश्वचेतना के अध्ययन में समष्टि की वही क्रमिकता है-मोहल्ला, समुदाय, जाति, वृहत्तर समाज, गांव, जनपद, प्रदेश और फिर राष्ट्र तथा उसके आगे विश्वचेतना। लोकवार्ता के अध्ययन की बेसिक रीडर तो गांव और गली ही है, किंतु उसकी दिशा और प्रयोजन विश्वचेतना ही है। गली वाला भी मनुष्य है और उस सबल राष्ट्र का राष्ट्रपति भी मनुष्य है। लोकवार्ता उस समानता या एकता के सूत्र का अनुसंधान है। लोकवार्ता के अध्ययन के अनेक स्कूल (संप्रदाय) बने हैं, लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन स्वयं मनुष्य को जानना है, आदमी के भीतर बैठे एक और आदमी को जानना, संस्कृति की गति और प्रक्रियाओं को समझना। जनपदीय फिर अंतर्जनपदीय, फिर अंतर्प्रदेशीय, राष्ट्रीय और फिर अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में मनुष्य और समष्टि का अध्ययन। हमें आदमी के भीतर के आदमी की पहचान करनी है।

लोकवार्ता का सूत्र है विशेष से सामान्य। सामान्य मनुष्य भी मनुष्य है। बड़े-बड़े आलोचक हीनता बोध से ग्रस्त हैं-हम जंगली हैं और वे लोग बहुत विकसित हैं। उनकी विचारधारा वैश्विक है और हम कूपमंडूक हैं। इस हीनता बोध का कारण मनुष्य की सत्ता से अपरिचय है। मनुष्य और मनुष्य में समानताएं भी हैं और विविधता भी हैं। यह विविधता आनुवंशिक भी हैं और परिवेशगत भी हैं। विविधता में भी एकता के सूत्र हैं, उनकी खोज करना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। विश्व की जनता का सम्मिलन और जन सहयोग। जातीय स्मृतियों में आनुवंशिक तत्व है। वाचिक परंपरा जातीय स्मृति के इन तत्वों से एक मनोवैज्ञानिक परिवेश की रचना करती है। भारत के लोकजीवन की गहराई में जन-गण की मैत्री और सामंजस्य की शक्तियां किस प्रकार सक्रिय हैं, प्रांतभेद, मजहब, वर्ग विषमता और विविधताओं के गर्भ में मनुष्य की संवेदना कितनी प्राणवान है। जनमानस और मुनिमानस का द्वंद्व चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। शास्त्र पर लोक का प्रभाव तथा लोक पर शास्त्र का प्रभाव समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है।

> सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है। सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न का एक नाम सामंती भी है, किंतु वह उसका एक रूप है। महत्परिवर्तनं क्रांतिः, परिवर्तन और क्रांति होती हैं और होंगी भी, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि परिवर्तन का जन्म परंपरा के गर्भ से होता है। इसलिए परंपरा अथवा मनुष्य जीवन की निरंतरता लोकवार्ता के अध्ययन का आधारभूत सूत्र है। जातीय अस्मिता की पहचान और सामूहिक स्मृतियों की परंपरा को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। संस्कृतियां किस प्रकार मिल जाती हैं, किस प्रकार बिछुड़ जाती हैं, किस प्रकार लीन और विलीन हो जाती हैं? उनके द्वंद्व और समायोजन की प्रक्रिया को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। लोकवार्ता के अध्ययन का एक प्रयोजन यह भी है कि हम इस बात को समझ लें कि किताब या शास्त्र के बाहर भी ज्ञान विज्ञान की परंपरा है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करना लोकसंस्कृति के अध्ययन का एक प्रयोजन है। लोकवार्ता लोकमानस और लोकजीवन को जानने का प्रयोजन यह भी है कि देश में शासक और शासित के जीवन में सम और ताल को खोजा जा सके। लोक प्रशासन लोक का प्रशासन बने जिसमें लोक की भूमिका हो। लोकवार्ता का लोकतंत्र राजमहल में रहने वाले और गांव की झोंपड़ी में रहने वाले इंसान को एक ही तराजू से तोलता है।

लोकवार्ता के आंगन की परिधियां उतनी ही बड़ी हैं जितनी कि मानव जीवन के विस्तार और मानव जीवन की संभावनाएं हैं। जीवन के लिए जैसे दसों दिशाएं खुली हुई हैं, वैसे ही लोकवार्ता के आंगन की सभी दिशाएं भी खुली हुई हैं, क्योंकि अंततः लोकवार्ता का अध्ययन मनुष्य और मनुष्य जीवन का अध्ययन है। यह लोकवार्ता के अध्येता पर है कि वह किस प्रयोजन से मनुष्य और मनुष्य जीवन को जानना चाहता है? मनुष्य का अध्ययन करने वाले अनुशासनों में लोकविज्ञान अधुनातन और विकासशील अनुशासन है। लोकवार्ता का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को सबसे पहले अपने पढ़े लिखे होने का अभिमान छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि किताबी सिद्धांतों का आग्रह यहां काम नहीं आता। लोकवार्ता का कोई निर्धारित व्याकरण नहीं है। लोक की अभिव्यक्तियां अनगढ़ होती हैं। उन पर निरंतर विभिन्न वर्गों, विभिन्न संस्कृतियों की तह चढ़ती चली जाती है। लोकवार्ता का अध्ययन अंतर अनुशासनिक अध्ययन है, लोकवार्ता में मानवशास्त्र है, इतिहास है, समाजशास्त्र है, मनोविज्ञान है, भाषा विज्ञान है, नीतिविज्ञान है, साहित्यशास्त्र काव्यशास्त्र है, सौंदर्य विज्ञान है, कला है, संगीत है, लोकमंच है।

लोकसंस्कृति के अध्ययन का प्रयोजन देशज चिंतन और लोकजीवन को समझना है। विद्वानों या नेताओं के दृष्टिकोण का महत्व वहीं तक है, जहां उनके व्यक्ति की सीमा टूट गई है, जहां उनके अपने निजी हानि-लाभ का हिसाब जीवित है, वहां आकर उनके मत का समाज के लिए कोई महत्व नहीं है। विचार का जन्म देशकाल में होता है। बड़े से बड़ा विचारक अपने देशकाल की ही व्याख्या करता है गांधीवाद, राष्ट्रवाद या मार्क्सवाद का महत्व उसी स्थिति में है, जिस स्थिति में उसे पचाया जा चुका है, उसे सनातन की तरह प्रतिपादित करना एक तरह का रूढ़िवाद है। जिस देश और जिस काल में हम जीवित हैं, वह हमारी समस्या का भी आधार है और समाधान का भी। अनुकरण या होड़ से समाधान न पहले कभी निकल सका है और न आगे कभी निकलेगा। अनुकरण या होड़ से हम चलना सीख सकते हैं, परंतु चलने के लिए पैर अपने होंगे और रास्ता भी अपना ही होगा। समस्या का विश्लेषण भी लोकजीवन में ही हो सकता है और समाधान के विचार भी लोकजीवन में से ही निकलेंगे।

बुद्ध हों या महावीर, कबीर हों अथवा महात्मा गांधी, इनके विचार किसी पुस्तक में से नहीं आए, लोकजीवन में से ही निकले, समष्टिमन, समष्टि मेधा। उस जमाने में भारत की लोकसंस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी। हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सबकुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी, जीवन दर्शन भी, भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी-अपनी चिंता।

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है। ऐसी स्थिति में समष्टि भाव और समष्टि मेधा की खोज इतनी महत्वपूर्ण हो गई है जितनी आज से पहले कभी नहीं थी।

## प्रसंगवश

# पानी कम हो या ज्यादा नुकसानदेह

> ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है।

बताने की जरूरत नहीं है कि मई की शुरुआत के साथ देश में तापमान बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के कई इलाकों में लू का भी दौर चल पड़ा है। धूप की तपिश से बचने के लिए शरीर को डिहाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी हो जाता है। गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएंगें तो निर्जलीकरण समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव कर सकेंगे। एक व्यक्ति को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है। व्यक्ति की उम्र क्या है? वह क्या खाता-पीता है? इन सभी बातों की बहुत अहम भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए एक बच्चे को हर रोज औसतन 0.8 से एक लीटर पानी पीने की आवश्यकता होती है। वहीं एक व्यस्क की बात करें तो उन्हें दिनभर में तीन-चार लीटर पानी जरूर पीने की सलाह दी जाती है। वैसे यह देश काल परिस्थिति पर भी निर्भर करता है। सामान्यत सर्दी के मुकाबले गर्मियों में लोगों को अधिक पानी पीने की जरूरत महसूस होती है। पानी को एक सांस में पीने की जगह घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति भी बेहतर होती है। एक बात और गर्मियों के मौसम में फ्रिज का पानी पीने का मन तो बहुत करता है, लेकिन फ्रीज का ठंडा पानी पीना काफी हद तक नजरअंदाज करें तो बेहतर है। काफी ठंडा पानी पीने से शरीर की अग्नि कम हो जाती है। इससे भूख प्रभावित होती है और शरीर में एंडो टॉक्सिंस रिलीज होना शुरू होते हैं, इसलिए अगर किसी प्रकार का डायट फॉलो नहीं कर रहे है तो सादा पानी या गुनगुना पानी ही पीने को प्राथमिकता दें। गर्मियों में अगर आप दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पिएंगे तो डिहाइड्रेटेशन की वजह से किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पानी की कमी की वजह से इलेक्ट्रोलाईट बैलेंस भी बिगड़ सकता है।

ऐसे में इन सभी चीजों से बचने के लिए लोगों को समय-समय पर ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहना चाहिए। डायबिटीज और किडनी स्टोन के मरीजों को शरीर में पानी की कमी होने नहीं देनी चाहिए, पानी पीते रहना चाहिए। कहने के लिए तो हम कहते हैं कि जल है तो जीवन है, लेकिन कई बार यही जल जीवन को तबाह कर देता है। इसलिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना शरीर के लिए नुकसानदायक भी बहुत है। शरीर में जरूरत से ज्यादा पानी की मौजूदगी किडनी पर जोर आजमाइश करती है। गुर्दे पर दबाव बढ़ाती है। लगातार इस दशा के बने रहने पर गुर्दा फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। गुर्दे के मरीजों को अधिक मात्रा में पानी पीने से परहेज करना चाहिए। अधिक मात्रा में पानी पीने से शरीर के जरूरी लवण बाहर निकल जाते है, प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है जिसकी वजह से हाईपोनेट्रोनेपिया की समस्या आ जाती है।



डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है और हृदयाघात की वजह बन जाती है। ज्यादा पानी पीने से बेचैनी, थकान, चक्कर आना, मितली, रक्तचाप कम होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। मसल्स टिश्यूज टूटने और दिमाग डैमेज होने की संभावना बढ़ जाती है। बार-बार पेशाब की समस्या होने लगती है, पेशाब की थैली कमजोर पड़ जाती है।

# प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति प्रकृति प्रदत्त गुण



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

> संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

सामान्य व्यक्ति धर्मों, धार्मिक किताबों, अवतारों, परंपराओं, संतों, महापुरुषों, गुरुओं आदि के प्रभाव में अनजाने में बचपन से आता-जाता है। बचपन में जब बच्चे का मन साफ और जिज्ञासु होता है, तब अनजाने में उसके मन को प्रदूषित कर दिया जाता है और जिज्ञासा की प्रवृत्ति को विकलांग या मार दिया जाता है। उसको इस प्रभाव में लाते हैं उसके सबसे बड़े हितैषी, यानी उसके माता-पिता, उसके परिवार के लोग, उसका परिवेश, उसका समाज, उसकी शिक्षा, उसके गुरु। युवा होते-होते वह इस प्रभाव की जकड़ में ऐसा आ जाता है कि फिर यह जकड़न जीवन में कभी कम या समाप्त नहीं हो पाती, कई बार तो बढ़ जाती है। इस प्रभाव की शक्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियां भी व्यक्ति को इस प्रभाव से कभी मुक्त नहीं कर पातीं। इसके विपरीत इस प्रभाव को व्यक्ति 'दैवीय कृपा' और 'सच्चा ज्ञान' मानने लगता है।

ऐसी स्थिति में इस प्रभाव के स्रोतों पर विचार करने और संदेह करने के विषय में वह कभी सोच ही नहीं पाता है। संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है। धर्मशास्त्रों, अवतारों, संतों, गुरुओं आदि पर विश्वास लाने की शिक्षा उसे औपचारिक शिक्षा से भी पहले दी जाने लगती है। धीरे-धीरे आस्था और श्रद्धा को वह बड़ा सद्गुण समझने लगता है। शास्त्रों से 'संशयात्मा विनश्यति' जैसे हवाले देकर उसे संशय करने से डराया जाता है और उसकी प्रश्नाकुलता को नष्ट कर दिया जाता है। इसी प्रभाव में अंधविश्वास, पाखंड, कर्मकांड, झाड़फूंक, टोना-टोटका, जादू-टोना, ज्योतिष, वास्तु, शुभ-अशुभ विचार, पाप-पुण्य आदि, उसके जीवन में समाहित जाते हैं।

क्या, क्यों, कैसे, कब, कहां, आदि प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति बच्चों में जन्म से होती है। चंचलता, कौतूहल, जिज्ञासा और उत्सुकता बच्चों में प्रकृति प्रदत्त गुण होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण वे दुनिया का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस प्रकार प्राप्त ज्ञान से वे जीवन जीते हैं। मगर पीढ़ियों से हमने बच्चों की इस मूलप्रवृत्ति को दबाने और नष्ट करने का प्रयास किया है। आज जो बच्चों के माता-पिता, नानी-नाना, दादी-बाबा आदि पारिवारिक लोग हैं, उनकी की भी इस मूलप्रवृत्ति को उनके बचपन में नष्ट किया गया है। वे भी संदेह न करने और विश्वास करने की सीख लेकर बड़े हुए हैं। यही विश्वास समय के साथ दृढ़तर होकर आस्था और श्रद्धा में बदल जाता है। अनुशासन की महत्ता उन्हें भी खूब बताई जाती है, विरोध और विद्रोह को अनादर और अपमान समझा जाता है। ऐसा व्यक्ति मानकर चलता है कि ईश्वर ने दुनिया बनाई है और क्योंकि वह पूर्ण है, इसलिए यह दुनिया भी पूर्ण है और इसमें सुधार परिष्कार करने के विषय में सोचना बनाने वाले की क्षमता पर संदेह करना है। ऐसा संदेह घोर पाप है। इस दुनिया को वही अपनी मर्जी से चला रहा है। पत्ता भी उसकी मर्जी से ही हिलता है। हमारा ही नहीं सभी, जड़ वस्तुओं तक का भाग्य उसने पहले से ही नियत कर दिया गया है, जो चल रहा है, वह बदल नहीं सकता। सब कुछ पहले से नियत है।

यों वह मानता है कि प्रकृति में सब कुछ परिवर्तनशील है, परंतु वह परिवर्तन का बड़ा सीमित अर्थ करता है। धर्म, उसकी पुस्तकों, अवतारों, गुरुओं, आदि के ज्ञान को लेकर वह परिवर्तन की आवश्यकता नहीं महसूस करता। इनके वह प्रकृति के शाश्वत सिद्धांत से परे मानता है। ऐसा करने के लिए वह इन्हें दैवीय मानने लगता है। इसी प्रभाव में जीवन में हुए विकास भी वह नहीं देख पाता, जबकि विकास के परिणामस्वरूप हुए नवीनतम आविष्कारों का सुख खूब भोगता है, उसका पाखंड यहीं नहीं रुकता। विकास के विपरीत पतन पर वह अधिक विश्वास करता है। वह कहता है पहले आदर्श स्थिति थी, अब पतन हो रहा है। इसी उद्देश्य से वह युगों की कल्पना करता है।

आदिमकाल, पत्थरकाल, ताम्रकाल, लौहकाल आदि इतिहास और जीवन में समय के साथ हुआ विकास उसे दिखाई नहीं पड़ता। इसकी वजह है, बचपन में प्रदूषित हुई दृष्टि। विकलांग दृष्टि और प्रदूषित चिंतन प्रक्रिया की वजह से सत्य को देखना उसके लिए संभव नहीं होता।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत और नरमी

गामा पहलवान हमारे यहां मुहावरे की तरह इस्तेमाल होते हैं। जैसे माइकल जेक्सन, रफी, तानसेन वगैरह। यह सब एक नाम से ज्यादा मुहावरे हो चुके थे। किसी को थिरकते देखा तो कहा बहुत माइकल जैक्सन मत बनो, गाते सुना, तो कहा रफी मत बनो। कोई ने संगीत पर हाथ फेरा तो बोल उठे, अच्छा-अच्छा बड़े तानसेन न बनो।

ठीक वैसे ही कोई अगर अपनी जिस्मानी ताकत दिखाता है तो उसे हम लोग कह देते, देखो बड़े गामा बन रहे हैं। गामा हमारी जुबानों पर थे बिना यह जाने की वह है क्या। मुझे कुश्ती ज्यादा पसंद नहीं मगर यह याद है। जब बाबा जान ने कहा की गामा ने बंटवारे के वक्त खुद पाकिस्तान में खड़े होकर बहुत से हिंदुओं की जान बचाई। अपने खर्चे से उन्हें हिफाजत के साथ हिंदुस्तान भेजा। बाबाजान की बात से गामा में दिलचस्पी पैदा हुई। आगे जाना तो यहां तक एक परिवार के लिए अपनी कुश्ती का सामान तक उन्होंने गिरवीं रख दिया। गामा ने कहा था कि काश हमारा जिस्म और बड़ा होता तो उसकी नाप के कपड़े बड़े होते, जो ज्यादा लोगों के जिस्म ढंकने के काम आते हैं। अपने घर का अनाज तक जाने वालों को देकर खुद हफ़्तों कुछ नहीं खाया। महीनों दिन-रात अपनी गली की रखवाली करता रहा। यह दुनिया का मशहूर पहलवान गामा।

गामा ने कह रखा था कि उसकी गली के हिंदुओं को अगर कोई हाथ भी लगाएगा तो उसे गामा से भिड़ना होगा, गामा महीनों अपनी गली की रखवाली करते रहे, दुनिया का मशहूर पहलवान अपनी गली में दंगाइयों से हिफाजत करने को रात-रात जागता रहता। वह जो बंटने का दर्द गामा ने झेला था, वह दूसरों के हिस्से में नहीं आने देना चाहते थे।



हफीज किदवई
लेखक

23 मई को गामा ने दुनिया को अलविदा कहा था। इनका पूरा नाम गुलाम मोहम्मद बख्श था। गामा जिंदगी में कभी नहीं हारे। उनकी जिंदगी के बहुत से किस्से सुने जो अभी वैसे ही याद हैं। उनको क्या लिखें सिवाए इसके की आपकी प्रतिभा का क्षेत्र कोई भी हो अगर उसमें मोहब्बत और नरमी उतर आए तो आप दुनिया के दिलों पर राज करेंगे...

-फेसबुक वॉल से

# जीवन को संवारने वाले हैं बुद्ध के सिद्धांत

> तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है।

गणतंत्र के महापर्व चुनाव के मध्य में बुद्ध पूर्णिमा का अवसर लोकतंत्र को समझने के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को समझना जरूरी है। सिद्धार्थ का जन्म 563 ईसा पूर्व के आसपास का माना जाता है, उनके पिता शाक्य शुद्धोदन राजा थे। शुद्धोदन के साथ-साथ भद्दिय और दंडपाणि को भी शाक्यों का राजा कहा गया है। शाक्यों के प्रजातंत्र की गणसंस्था जैसे अब की पार्लियामेंट या सीनेट को लिच्छविगण की भांति राजा कहा जाता था। गौतम बुद्ध के जीवन की अद्भुत घटनाएं हैं, उनका जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसीलिए पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा गया है। उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही उनका परिनिर्वाण हुआ।

अंतिम शिष्य सुभद्र परिव्राजक को उपदेश देने के पश्चात कुशीनगर में शालवृक्षों के नीचे कहा भिक्षुओं मैं तुम्हें स्मरण करा रहा हूं, सभी संस्कार अनित्य हैं, अप्रमादपूर्वक अपने लक्ष्य में लगे रहो। इसीलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध के अनुयायी त्रिविध पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। असित ऋषि के दर्शन के आग्रह पर बालक सिद्धार्थ को उनकी गोद में दिया गया तब उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली और कहा यह बालक तीन लोकों का स्वामी बनेगा और कीर्ति असीमित बढ़ेगी, अत्यंत विद्वान और दीर्घायु होगा। ऐसी ही भविष्यवाणी नामकरण के समय ज्योतिषी व पुरोहितों ने भी की थी। असित ऋषि की भविष्यवाणी शत प्रतिशत सच हुई, उन्होंने कहा था यह बालक सम्यक संबुद्ध होगा। लोक कल्याण के लिए अपना धर्मचक्र प्रवर्तित करेगा, जो इस संसार में पहले कहीं कुछ नहीं हुआ, सद्धर्म द्वारा आदि में कल्याण कारक, मध्य में कल्याण कारक और अंत में भी कल्याण कारक होगा। हुआ भी वैसा ही, भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्म चक्र परिवर्तनाय अंकित है और कई देशों के संविधान की प्रस्तावना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारंभ है, जब उन्हें बोधिज्ञान प्राप्त हुआ तो सर्वप्रथम उन्होंने पंच भिक्खुओं को उपदेश देना उचित समझा, जो उन्हें निरंजना नदी पर उनके साथ थे और उनके भोजन ग्रहण करने से पथ भृष्ट समझ छोड़ आए थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है। यह मध्यम मार्ग साधक को अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाला, बुद्धि देने वाला, ज्ञान देने वाला और निर्वाण तक पहुंचा देने वाला है। यह मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ आष्टांगिक मार्ग हैं।

# कम होती घरेलू बचत

तीन साल में 9 लाख करोड़ रुपए घटी भारतीय परिवारों की सेविंग्स, 50 साल में सबसे कम घरेलू सेविंग में भारी गिरावट एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। आम भारतीय छोटी-छोटी पूंजी बचाकर अपना भविष्य सुरक्षित देखना चाहता है। एक भारतीय बचत इसलिए भी करता है कि वित्तीय भविष्य अप्रत्याशित है, यह बचत आम संतोष भी देती है। सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू बचत में भारी गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में यह बचत 23.29 लाख करोड़ थी, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 17.13 लाख करोड़ रह गई और वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ पर आ गिरी है। भारत जैसे देश में यह गिरावट अप्रत्याशित कही जा सकती है। हालांकि अब क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने कहा है कि 2023-24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि रोजगार न मिलने और महंगाई के कारण छोटी घरेलू बचत कम हो सकती है, जबकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसा म्यूचुअल फंड में निवेश के कारण हुआ है, क्योंकि इस दौरान म्यूचुअल फंड निवेश तीन गुना बढ़ा है। दोनों ही स्थितियों को अच्छा नहीं माना जा सकता, अभी कुछ दिन पूर्व ही मुख्य वित्तीय सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सीआईआई की वार्षिक बैठक में घरेलू बचत को वायदा और विकल्प कारोबार में निवेश के प्रति आगाह किया, उन्होंने इस पर पुनः विचार करने की बात कही है, उन्होंने यह भी कहा कि वायदा कारोबार में निवेश करने के लिए अध्ययन और जानकारी की जरूरत होती है। उनका यह कथन भी तर्क पूर्ण है कि 1997-98 की एशिया की मंदी से हमें बचाने में इस बचत का भी काफी योगदान रहा था। ध्यान रहे छोटी-छोटी घरेलू बचत आत्मसंतोष और शांति तो देती ही हैं, यह बचत बुरे वक्त में साथ भी देती है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# राम पर पढ़ाई कर डिग्री डिप्लोमा लेंगे विद्यार्थी

## अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदला, अन्य विवि में भी होगा अध्ययन

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- नया नाम अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान होगा पांच एकड़ में बनेगा नया भवन

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या शोध संस्थान का नाम अब अंतरराष्ट्रीय रामायण और वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। नए नाम का रजिस्ट्रेशन होने के बाद विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया जाएगा। उसके बाद विश्वविद्यालयों में भी रामायण कालीन पात्रों और स्थानों पर शोध किए जाएंगे। संस्था में भी छात्र राम के चरित्र का अध्ययन कर डिग्री, डिप्लोमा लेंगे और शोध करेंगे। इसके लिए नया भवन बनाया जाएगा।

पिछले तीन दशक में अयोध्या शोध संस्थान ने ऐसे तमाम देशों से रिश्ता मजबूत कर लिया है, जहां पर रामलीलाएं होती हैं। उन देशों के लोग राम को अपने आराध्य के रूप में देखते हैं। इंडोनेशिया, कम्बोडिया और मारीशस की मंडलियां तो कई बार अयोध्या आकर अलग अंदाज में रामलीला का मंचन करती हैं। देश से भी रामलीला की मंडलियां विदेशों में जाती हैं।

> नए केन्द्र में बिन्दुवार शोध का कार्यक्रम चलेंगे। यहां राम से संबंधित हर पहलू पर शोध किया जायेगा। रामायण के पात्रों और राम से संबंधित स्थानों पर शोध पत्र तैयार किये जाएंगे।
>
> -आशुतोष द्विवेदी, प्रभारी रामायण कॉन्क्लेव

अयोध्या शोध संस्थान ने कई देशों में होने वाली रामलीला पर पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इसके अलावा कई देशों में रामायण के संबंध में अध्ययन भी कराया है। अयोध्या शोध संस्थान तुलसी स्मारक भवन में होने से यहां के पुस्तकालय में बड़ी संख्या में शोधार्थी आने लगे हैं। इन शोधार्थियों की वजह से भी विभिन्न देशों के साथ भारत के रिश्ते प्रगाढ़ हुए हैं। बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग को अयोध्या शोध संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने और संस्थान के नाम के साथ वैदिक शब्द जोड़ने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदलकर अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। संस्थान के विशेष शोध केन्द्र के लिए नया भवन भी बनाया जाएगा। इसके लिए अयोध्या में साढ़े पांच एकड़ जमीन तलाश की जा रही है। इस भूमि पर प्रशासनिक भवन, संग्रहालय, पुस्तकालय और छात्रावास बनाया जाएगा। यहां पर नियमित कक्षाएं भी चलेंगी। जिनमें डिप्लोमा, डिग्री के लिए अध्ययन के साथ शोध भी किए जाएंगे।

# मैदान से लेकर पहाड़ तक खूब पड़ीं बौछारें

हल्द्वानी/नैनीताल/लालकुआं

- मैदानी इलाकों में सुबह बारिश दोपहर में पड़ी गर्मी

**अमृत विचार।** नैनीताल जिले में बुधवार को कई जगहों पर बारिश की हल्की बौछारें पड़ीं। मैदानी इलाकों में सुबह के समय मौसम सुहावना हो गया, लेकिन दोपहर होने के साथ ही फिर से प्रचंड गर्मी पड़ने लगी। नैनीताल में बारिश से तापमान में काफी कमी आई है।

हल्द्वानी में मुखानी, गौलापार, मानपुर पश्चिम, देवलचौड़, तीनपानी आदि इलाकों में सुबह के समय करीब 10 मिनट तक लगातार बारिश हुई। सुबह के समय बारिश से गर्मी का प्रकोप कुछ शांत हुआ। हालांकि कुछ देर बाद ही बादल हट गए और पूर्वाह्न से गर्मी फिर से शुरू हो गई। दोपहर के समय लू फिर से चलने लगी। अधिकतम तापमान 37.2 और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 15.2 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा करीब तीन डिग्री कम चल रहा है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मैदानी इलाकों में अभी लोगों को गर्मी से जूझना ही पड़ेगा। इधर, पहाड़ी इलाकों में बारिश जारी है। बागेश्वर के सामा में 27 मिमी, पिथौरागढ़ में 23.9 मिमी, डीडीहाट में 19 मिमी, बेरीनाग में 14.6 मिमी, धारचूला में 10.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इधर, नैनीताल में बुधवार को सुबह से गुनगुनी धूप थी, लेकिन दोपहर बाद आधे घंटे तक तेज बारिश हुई।

### भीमताल में गिरे ओले मौसम हुआ सुहाना

**भीमताल।** भीमताल में बुधवार की सांय पांच बजे बारिश के साथ दस मिनट तक ओलावृष्टि हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं होने से मल्लीताल ब्लॉक रोड औद्योगिक क्षेत्र के मोटर मार्ग में पानी भर गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ दिन पूर्व नगर के ड्रेनेज सिस्टम में सुधार की मांग को लेकर समाजसेवी पूरन बृजवासी ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था, इसके बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# 12वीं तक गरीब बेटियों की शिक्षा हुई निःशुल्क

- सत्र 2024-25 में 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में इंटरमीडिएट तक पढ़ाई व आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार।** गरीब बेटियों को इंटरमीडिएट तक निःशुल्क शिक्षा मिल सके इसके लिए अब 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बनकर पूरी तरह से तैयार हैं। विभाग ने यहां प्रवेश भी शुरू कर दिए हैं। जुलाई माह तक अभी 49 विद्यालय और तैयार हो जायेंगे फिर ये संख्या 300 हो जायेगी। केजीबीवी में इंटर तक पढ़ाई शुरू हो सके इसके लिए, 2019-20 से कोशिश जारी है। इसमें 680 विद्यालयों को इंटरमीडिएट तक किया जाना है।

राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि जो विद्यालय तैयार हो चुके हैं। वहां इंटरमीडिएट तक पढ़ाई शैक्षिक सत्र 2024-25 में कराई जायेगी। बता दें कि पूरे प्रदेश में 746 केजीबीवी का संचालन होता है, इसमें 680 विद्यालय इंटरमीडिएट तक अपग्रेड किए जाने हैं। बता दें कि केजीबीवी पिछड़े ब्लॉकों व नगरीय क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। यहां अभी तक बालिकाओं को कक्षा छह से आठ तक की निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती था। कक्षा आठ के बाद लड़कियों के आगे पढ़ाई का विकल्प नहीं रहता था लेकिन अब 12वीं तक पढ़ाई आसान होगी।

**फ्री शिक्षा के साथ रहना और खाना भी :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कक्षा 6 से कक्षा 12 की औपचारिक शिक्षा योग्य छात्राओं को दी जाती है। इसके लिए किसी भी प्रकार शुल्क विद्यालय द्वारा नहीं लिया जाता है। साथ ही, छात्राओं को आवासीय सुविधा, पौष्टिक आहार, ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे - तेल, साबुन, शैम्पू, तौलिया, मंजन, बेडिंग, स्लीपर, जूता-मोजा, स्वेटर जैसी सुविधाएं प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त, संबंधित राज्य सरकार द्वारा 100 रुपये प्रतिमाह की दर से सालाना 1200 रुपये छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से दिया जाता है, जो कि उनकी अन्य जरूरतों के लिए होता है।

### दो मॉडल पर हुआ काम

- जहां तीन किमी के अंदर माध्यमिक शिक्षा के कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल हैं। वहां केजीबीवी परिसर में ही हॉस्टल तैयार किया गया है। लड़कियां यहां निःशुल्क रह कर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।
- जहां आसपास माध्यमिक स्कूल नहीं है, वहां केजीबीवी परिसर में ही एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल तैयार किया गया है। 510 केजीबीवी को उच्चीकृत करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

### खाली पदों पर नियुक्ति के आदेश

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मौजूदा समय में 980 शैक्षिक पद खाली चल रहे हैं। वहीं 510 गैर शैक्षिक पद भी भरने की जरूरत है। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। ऐसे में जिला समन्वयकों की जिम्मेदारी तय की गई है कि खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए।

# 8.952 सीजीपीए के साथ पलक प्रवीन रहीं टॉप पर

कुमारगंज (अयोध्या)

- कृषि विवि के नतीजे घोषित आरुषी द्वितीय, श्रेया राव तृतीय

**अमृत विचारः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक अंतिम वर्ष के सभी पांच महाविद्यालयों का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया गया। नतीजों में इंजीनियरिंग कॉलेज अंबेडकरनगर के पलक प्रवीन ने सर्वाधिक 8.952 सीजीपीए के साथ विवि में टॉप किया। वहीं सामुदायिक विज्ञान की आरुषी पांडेय 8.867 सीजीपीए के साथ द्वितीय व मत्सियिकी महाविद्यालय की श्रेया राव 8.81 सीजीपीए के साथ ततीय रहीं। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश के चारों कृषि विश्वविद्यालयों के साथ-साथ देशभर में स्नातक अंतिम वर्ष का रिजल्ट घोषित करने में कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या अव्वल रहा। कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि समय से पूर्व रिजल्ट घोषित होने से छात्र-छात्राएं शिक्षण संस्थानों में अगले सत्र में प्रवेश ले सकेंगे और समय से पूर्व रिजल्ट घोषित करने के लिए कुलपति डॉ. सिंह ने शिक्षकों व कुलसचिव कार्यालय को बधाई दी।

कृषि महाविद्यालय मुख्य परिसर की आस्था सिंह 8.792 सीजीपीए के साथ महाविद्यालय में प्रथम, वैशाली सिंह 8.567 सीजीपीए के साथ दूसरे व रमन पटेल 8.501 सीजीपीए तृतीय रहे। मात्सियकी महाविद्यालय की श्रेया राव ने 8.810 सीजीपीए के साथ प्रथम, मो. मेराज 8.521 के साथ द्वितीय व आकृति श्रीवास्तव 8.179 सीजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

# अखिलेश यादव की जनसभा आज राजा भैया समर्थकों ने झोंकी ताकत

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को जीआईसी मैदान पर चुनावी जनसभा में आ रहे हैं। इस रैली को सफल बनाने के लिए सपा के साथ राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल के कार्यकर्ता भी जुटे हुए हैं। जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी संगल लाल गुप्ता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि, राजा भैया का इस क्षेत्र में भी खासा प्रभाव देखा गया है। उनके साथ नहीं होने से वोटों के नुकसान की संभावना है।

बीते दिनों राजा भैया के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के बयान ने यूपी की सियायत में नई सरगर्मी पैदा कर दी है। दरअसल, 18 मई कुंडा में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसभा में राजा भैया का नाम लिए बिना ही निशाना साधते हुए कहा था कि राजा अब रानी के पेट से नहीं बल्कि ईवीएम बटन दबाने से पैदा होता है। कुंडा विधानसभा क्षेत्र के मानिकपुर में अनुप्रिया पटेल ने चुनावी जनसभा में कौशाम्बी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को जिताने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की थी।



अखिलेश यादव से मिले राजा भइया।

हालांकि जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने कौशाम्बी में लोकसभा चुनाव से पहले ही न्यूट्रल रहने का फैसला लिया था।

उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के सामने कहा था कि वो अपने विवेक से जिसे चाहे वोट कर सकते हैं। अनुप्रिया पटेल के बाद नाराज जनसत्ता दल के समर्थकों ने खुलेआम इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी का प्रचार शुरू कर दिया। इसके बाद प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता द्वारा अनुप्रिया पटेल की मौजूदगी में क्षत्रियों को लेकर दिये गए बयान के बाद विरोध और मुखर हो गया है। गुरुवार को अखिलेश यादव की रैली को सफल बनाने के लिए सपा,कांग्रेस के साथ जनसत्ता दल के कार्यकर्ता भी जुटे हुए हैं।

# एसजेआर में प्रदेश में रुहेलखंड विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्व में 1018 वीं रैंक मिली

**अमृत विचार।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को एससीआईमैगो जरनल एंड कंट्री रैंकिंग (एसजेआर) में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं विश्वविद्यालय को देश में 163वीं और विश्व में 6828वीं रैंक मिली है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी विश्व में 1018 रैंकिंग हासिल की है। दोनों रैंकिंग बुधवार को जारी की गई है।

इससे पहले विश्वविद्यालय ने नैक और ईडू में भी बेहतर रैंक प्राप्त की थी। इसके अलावा यूजीसी ने विश्वविद्यालय को श्रेणी वन के विश्वविद्यालय में रखा है। अब एसजेआर में बेहतर रैंक मिलने से विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, एशिया रैंकिंग और कई अन्य में अच्छा स्थान हासिल होने की उम्मीद जगी है। विश्वविद्यालय की प्रभावशाली रैंकिंग कई शैक्षणिक मापदंडों में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है। ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 1018 रैंक विश्वविद्यालय के रोजगार पर इसके मजबूत जोर को इंगित करती है और इसके व्यापक कैरियर विकास कार्यक्रमों, उद्योग भागीदारी और जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में परिलक्षित होती है। प्रो. भोला खान ने बताया कि एसजेआर में देश में 168 रैंकिंग 324 विश्वविद्यालयों में मिली है जो बड़ी उपलब्धि ही है। उन्होंने बताया कि 4 जून को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी की जाएगी। उम्मीद है कि इसमें भी विश्वविद्यालय को बेहतर रैंक मिलेगी।

# मतदान कर्मियों का ध्यान रखने के निर्देश

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कर्मियों के गर्मी व लू से बचाव के साथ ही उनके स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिये हैं। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी मतदेय स्थलों में जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए पूरी सावधानी बरती जाय। सभी मतदान कार्मिक व मतदाता हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता व सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पानी की बोतल रखें। समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करें।

# विवाह योजना में कराई बच्ची की शादी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मां ने जेठ पर लगाया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शादी करा कर धन हड़पने का आरोप

**अमृत विचार।** एक महिला ने अपने जेठ समेत चार लोगों पर 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर बरेली से पीलीभीत लाने के बाद शादी कराने का आरोप लगाया है। खास बात है कि किशोरी की शादी छिपकर नहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनवरी माह में कराए जाने की बात कही है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र की एक महिला की ओर से धोखाधड़ी, , बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें जेठ समेत चार लोगों को आरोपी बनाया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 17 जुलाई 2010 को हुई थी। उसके तीन बच्चे 13 व आठ साल की पुत्री व एक 11 साल का बेटा है। पति नशा अधिक करते थे। जिसके चलते वह बच्चों को लेकर बरेली चली गई थी। वहीं पर मजदूरी किया करती थी। 20 दिसंबर 2023 को उसका जेठ समेत चार आरोपी उसे देखने के बहाने जिला अस्पताल बरेली आए थे। उस वक्त पीड़िता के पैर में फैक्चर होने पर इलाज चल रहा था। आरोपी उसकी 13 वर्षीय पुत्री को ले गए। इसके बाद उसकी सामूहिक विवाह योजा के तहत 27 जनवरी को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में कूटरचित दस्तावेज की मदद से दियोरियाकलां क्षेत्र के एक युवक से शादी करा दी। योजना की धनराशि भी आरोपियों ने हड़प ली। बेटी की शादी के बारे में उस जानकारी तब हुई जब पीड़िता उसे तलाशते हुए घर पहुंची थी। आरोपियों ने विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

### आरोप सही तो बढ़ेगी कई जिम्मेदारों की मुश्किल

महिला की ओर से लगाए गए आरोप बेहद संगीन है। खासकर 13 साल की पुत्री की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी कराया जाना। पुलिस तो विवेचना में जुट गई है। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर भी खलबली मचना तय है। चूंकि सामूहिक विवाह योजना में आवेदन के बाद जांच की प्रक्रिया होती है। वर-वधू का सत्यापन होता है। अगर फर्जी अभिलेख आरोपियों ने तैयार करा भी लिए तो वह शादी के दौरान पकड़ में क्यों नहीं? ऐसे में महिला का आरोप सही निकला तो प्रशासनिक स्तर पर भी कई जिम्मेदारों की मुश्किल तय है।

# सिविल जज का कुत्ता गायब 15 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले एक जज का कुत्ता गायब हो गया। जज की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने सनसिटी के रहने वाले डंपी अहमद समेत 14 के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि कॉलोनी के दबंगों ने कुत्ते के साथ कुछ अनहोनी कर दी है। आरोप है कि जज की बेटियों के साथ भी अभद्रता की गई है।

हरदोई में तैनात सिविल जज का परिवार इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सनसिटी में रहता है। जज की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 16 मई को उनके कुत्ते के भौंकने को लेकर कॉलोनी में कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इसी दिन कॉलोनी के डंपी अहमद ने उनका कुत्ता गायब कर दिया। आरोप है कि डंपी और उसकी पत्नी रात में करीब 9 बजे उनके घर आए और दोनों बेटियों को बुलाकर अभद्रता की। उस समय पति घर नहीं थे, जबकि वह बीमार थीं। जानकारी मिलने पर उनके पति ने फोन से मामले की शिकायत सीओ तृतीय अनीता चौहान से की।

### पहले पुलिस गुपचुप तरीके से कुत्ते को खोजती रही

इज्जतनगर पुलिस पहले गुपचुप तरीके से कुत्ते को खोजती रही, लेकिन पता नहीं चला। जब मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं, आरोपी भी अफसरों को शिकायत भेजकर उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहे हैं।

# ड्रामा नहीं चला, जिला बदर भेजा गया जेल

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** मोहल्ला लाइनपार साहूकारा का रहने वाला मुन्ना पुत्र इकबाल पर पशु वध अधिनियम व अन्य धाराओं में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध की रोकथाम के लिए उसे जिला बदर घोषित किया था। इसके बावजूद वह अपने घर में रह रहा था। सोमवार रात पुलिस ने जिलाबदर मुन्ना को घर से पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। मंगलवार सुबह जब आरोपी को जेल जाने के बारे में भनक लगी तो उसने नाटक शुरू कर दिया। उसने पेट में तेज दर्द उठने के बारे में बताया और हवालात में ही लेट गया। पुलिस उसे सीएचसी ले गई और जांच कराई। इस दौरान वह पूरी तरह फिट बताया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने उसे फिर हवालात में बंद कर दिया।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने वाला दिहाड़ी श्रमिक गिरफ्तार

**लालकुआं :** पुलिस ने नाबालिग छात्रा से दुराचार करने वाले आरोपी दिहाड़ी मजदूर श्रमिक को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग उठाई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि स्कूली छात्रा के साथ जंगल में दुष्कर्म करने वाले दिहाड़ी श्रमिक देवेंद्र सिंह उर्फ देबू को पुलिस ने देर रात गौला नदी से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि बीते दिन तीन छात्राएं स्कूल से अपने घर जा रहीं थीं, जिन्हें गौला नदी पार आरक्षित वन क्षेत्र में देबू ने घर छोड़ने की बात कह कर अपने साथ बिठा लिया। इनमें से दो छात्राओं का घर पहले आने पर वह उतर गईं, लेकिन तीसरी छात्रा को घर छोड़ने के बहाने जंगल में ले गया। जहां उसने जबरन छात्रा के साथ दुराचार किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार की देर रात पुलिस ने बौड़ खत्ता निवासी देबू को गौला नदी के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि आरोपी शादीशुदा है, उसे दो बच्चे हैं। वह वन विभाग में दिहाड़ी श्रमिक है।

### दूसरी जेलों में भेजे जाएंगे बनभूलपुरा हिंसा के आरोपी

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा हिंसा को तीन माह से अधिक समय बीत चुका है और इस हिंसा के आरोप में अब तक 107 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन बंदियों को नैनीताल जिला कारागार और हल्द्वानी उप कारागार में रखा गया है। क्षमता से अधिक बंदियों और कैदियों का बोझ उठा रही इन जेलों से जल्द ही कुछ बंदियों को राज्य के अन्य कारागरों में भेजा जाएगा। वर्ष 1906 में बने नैनीताल जिला कारागार में सिर्फ सात बैरकें हैं। यहां सिर्फ 71 लोगों को रखा जा सकता है। हालांकि हमेशा दोगुने से ज्यादा लोगों को यहां रखा जाता है। इसी तरह हल्द्वानी उप कारागार की क्षमता 635 बंदियों व कैदियों को रखने की है, यहां भी हमेशा दोगुने से अधिक लोगों को रखा जाता है। ऐसे में सुरक्षा पर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। इन दोनों कारागार में बनभूलपुरा हिंसा में गिरफ्तार सभी 107 आरोपियों को रखा गया है। हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक नैनीताल जेल में है। कारागार में बंद आरोपियों के परिजनों में इस वक्त हलचल मची है। उन्हें खबर मिली है कि जल्द ही आरोपियों को राज्य की अन्य जेलों में शिफ्ट किया जाएगा। हल्द्वानी उप कारागार के जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय का कहना है कि बंदियों की शिफ्टिंग को लेकर अभी तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

### पति से विवाद के बाद झील में कूदी पत्नी

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में पति से विवाद के बाद पत्नी नैनी झील में कूद गई। राहगीरों व पुलिस की सक्रियता के चलते महिला को झील से बाहर निकालकर बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे तल्लीताल निवासी एक महिला ठंडी सड़क बोट स्टैंड के समीप आकर झील में कूद गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे चीता कांस्टेबल शिवराज राणा व अन्य राहगीरों ने झील में कूद कर महिला को बाहर निकाल। जिसके बाद महिला को थाने ले आए। जहां महिला के पति को भी बुलाया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि पति उसे रोजाना बेवजह परेशान करता है। बुधवार की सुबह भी उसका पति से झगड़ा हो गया था। इससे परेशान होकर उसे यह कदम उठाना पड़ा। वहीं पति ने बताया कि उसने सुबह पत्नी से जल्दी उठने को कहा, जिसके चलते उनका विवाद हो गया। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि महिला के दो छोटे बच्चे हैं। थाने में महिला व उसके पति की काउंसलिंग की गई। जिसके बाद दोनों को घर भेज दिया गया।

### खाली नहीं की तो जमींदोज कर दी दुकान

**हल्द्वानी :** दुकान खाली कराने को लेकर दुकान मालिक और दुकानदार में काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि दुकान खाली न करने पर दुकान मालिक ने दुकान ही जमींदोज कर दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। गौजाजाली उत्तर चौधरी कॉलोनी निवासी तस्लीम पुत्र अयूब खान ने कोर्ट को दी शिकायत में लिखा कि गंगा इन्क्लेव में उसकी किराए पर इलेक्ट्रानिक की दुकान थी। दुकान मंजू तिवारी पत्नी केशव दत्त तिवारी से किराए पर ली थी। आरोप है कि बीते वर्ष केशव ने उसे दुकान खाली करने के लिए धमकाया था। इसकी शिकायत भोटियापड़ाव चौकी पुलिस और एसएसपी से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 17 अक्टूबर 2023 को उसकी दुकान जमींदोज कर दी गई।

# विहिप बनाएगा एंटी लव जिहाद टास्क फोर्स

**खटीमा।** विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड की बैठक में लव जिहाद और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि जल्द ही खटीमा में एंटी लव जिहाद टास्क फोर्स का निर्माण किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य भोली भाली लड़कियों का शोषण रोकना और युवा वर्ग को नशे से बचाने का कार्य होगा।

लोनिवि में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जहां एक ओर कुछ लोगों द्वारा भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसाकर लव जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं क्षेत्र के युवाओं में स्मैक सहित विभिन्न प्रकार के नशे की लत बढ़ती जा रही है। युवा नशे की लत को पूरा करने के लिए अपने ही घरों में चोरी करते हैं। प्रखंड अध्यक्ष सोनू दत्ता ने कहा कि शीघ्र ही खटीमा में एंटी लव जिहाद टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।

**लोकसभा चुनाव** | सुरक्षा में चूक या सोची-समझी राजनीति, चुनाव के अंतिम चरण में नेताओं की जनसभाओं में हो रहा भीड़ को भुनाने का प्रयास

# अब मॉब-पॉलिटिक्स पर सत्तापक्ष, विपक्ष में रार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश-राहुल की चुनावी रैलियों में बेकाबू भीड़ को मोदी-योगी ने बनाया निशाना
- राजनीतिक विश्लेषक इसे समाजवादी पार्टी का पॉलिटिकल स्टंट भी मान रहे

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभाओं में समर्थकों का हंगामा भी मुद्दा बन गया है। ऐसा लगता है कि अब 'मॉब-पॉलिटिक्स' पर सत्तापक्ष, विपक्ष में रार मची है। एक के बाद एक जनसभाओं में बैरिकेडिंग तोड़ने, हंगामा करने की घटनाओं के साथ लाठीचार्ज और फिर भगदड़ मच रही है। पहले प्रयागराज के फूलपुर, फिर संतकबीरनगर और मंगलवार व बुधवार को आजमगढ़ में भी ऐसी ही नौबत आ गई।

समाजवादी पार्टी जहां सुरक्षा का सवाल उठाकर सरकार को घेरने की फिराक में है वहीं, राजनीतिक विश्लेषक इसे सपा का पॉलिटिकल स्टंट भी मानकर चल रहे हैं। इसके पीछे मीडिया कवरेज पाने का तर्क दिया गया।

दरअसल, आजमगढ़ में बुधवार को फिर अखिलेश की जनसभा में कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ मच गई। इसके बाद पुलिस ने जब उन पर लाठियां बरसाईं तो उन्होंने पुलिस पर पत्थर भी फेंके। किसी तरह से मामला शांत हुआ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव गोपालपुर और सदर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। हालांकि, इस बीच बुधवार को भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों ने सपा की जनसभाओं में हो रहे हंगामे को लेकर सपा पर ही हमला बोला है।

### मोदी बोले, पेमेंट नहीं मिला तो लोग मंच पर चढ़ गए

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को श्रावस्ती में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस की रैली में लोगों को पैसे देकर बुलाया गया था। जब पेमेंट नहीं मिला तो लोग मंच पर चढ़ गए और अराजकता करने लगे। मोदी ने कहा कि कल मैंने एक वीडियो देखा था। जनसभा में पहुंचे लोग मंच पर चढ़ रहे थे, मैंने पूछा कि ऐसा क्यों हो रहा है। पता चला कि सपा-कांग्रेस वाले लोगों को जनसभा में लाने के लिए पैसे देते हैं। इन लोगों का पैसा नहीं दिया तो गुस्से में मंच पर चढ़ गए।

### समर्थक अपने नेता का सम्मान नहीं कर रहेः योगी

- वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बुधवार को जौनपुर में कहा कि जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। सपा में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है।

> वरिष्ठ नेताओं को सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार किसी प्रकार की रुचि नहीं ले रही है। सरायमीर और फूलपुर की घटना इसका उदाहरण है। कार्यकर्ताओं का उत्साह तो अपनी जगह है लेकिन, यूपी शासन-प्रशासन जरूरी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं करवा रहे हैं।
>
> - धर्मेंद्र यादव, सपा नेता

> समाजवादी पार्टी का तरीका है कि वह अपनी कमियों का दोष दूसरों पर डालें। सच्चाई ये है कि सपा और कांग्रेस के जो अराजक तत्व हैं, उन्होंने अपनी अराजकता फिर दिखाई है। हर चुनाव से पहले वह इसी तरह की अराजकता दिखाते हैं, माहौल खराब करते हैं।
>
> -अवनीश त्यागी, भाजपा प्रवक्ता


# करनाल में भाजपा का इम्तिहान तो रोहतक में कांग्रेस की अग्नि परीक्षा

## 51 फीसदी वोटों का अंतर पाट पाएगा युवा चेहरा

**खट्टर की चुनौती**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** करनाल लोकसभा सीट पर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 70 प्रतिशत से अधिक मत लेकर देश में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस को केवल 19 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कांग्रेस के युवा छात्र नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा से कड़ी टक्कर मिल रही है। यहां खट्टर और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा का कड़ा इम्तिहान हो रहा है। लोगों की नाराजगी भांपकर खट्टर को गली-चौराहों पर नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं। खट्टर को किसानों के विरोध प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ा है। हालांकि मोदी मैजिक और गांरटी के चलते उन्हें उम्मीद है कि मतदान में बटन कमल का ही दबेगा। उधर कांग्रेस दावा कर रही है कि करनाल इस बार चौंकाने वाला नतीजा और नया चेहरा देगा। यहां बसपा से इंद्र सिंह, जेजेपी देवेंद्र कादियान भी मैदान में हैं। लेकिन वह उपस्थिति भर के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। करनाल सीट की पहचान ब्राह्मण बहुल की है। यहां दिग्गजों की हार का इतिहास भी है। पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल को यहां हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा की दिग्गज नेत्री सुषमा स्वराज करनाल से जीत नहीं पाई थीं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा, तीन में कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक है।


पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।


कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा

### विधानसभा उपचुनाव में सैनी के सामने भी तरलोचन



विधायक पद से मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद खाली हुई करनाल विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपचुनाव लड़ रहे हैं। ओबीसी समुदाय के सैनी को खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है।पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के तरलोचन सिंह को हराया था। सैनी के विरुद्ध भी कांग्रेस ने तरलोचन सिंह को ही उतारा है। वह हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के प्रमुख रह चुके हैं। तरलोचन का कहना है कि सत्ता में 10 साल तक रहने के बाद भी खट्टर के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। जनता ने खट्टर से हिसाब मांगा तो उनकी पार्टी ने उन्हें हटा दिया।

### 2019 : किसको कितना वोट

| वर्ग | वोट भाजपा | वोट कांग्रेस |
|---|---|---|
| अगड़ी जातियां गैर जाट | 74% | 18% |
| जाट समुदाय | 50% | 33% |
| ओबीसी समुदाय | 73% | 22% |
| दलित वर्ग | 58% | 28% |
| मुस्लिम वर्ग | 13% | 85% |

2019 चुनाव
सीएसडीएस लोकनीति के आंकड़े

## हुड्डा परिवार को इस बार अकेला जूझना पड़ रहा है अपना गढ़ बचाने में


रोहतक लोकसभा सीट को कांग्रेस और हुड्डा परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र रोहतक से तीन बार लगातार सांसद चुने जा चुके दीपेंद्र को पिछली बार भाजपा के डॉ. अरविंद शर्मा के सामने हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने सांसद डॉ. अरविंद शर्मा को ही मैदान में उतारा है। रोहतक सीट पर करीब 19 लाख मतदाताओं में 11 लाख गैर जाट हैं। जाट वोट बैंक की हमेशा यहां अहम भूमिका रही है, लेकिन पिछले चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की अहीर बाहुल्य कोसली विधानसभा सीट की वजह से दीपेंद्र हुड्डा को हार मिली थी। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और चेहरे के सहारे दूसरी जीत की उम्मीद लगा रहे हैं। भाजपा नेताओं के लगातार दौरे और सभाएं हो रही हैं। भाजपा की राज्य इकाई और पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। उधर हुड्डा परिवार अकेला ही रोहतक का रण जीतने के लिए प्रयासरत है। उनके साथ एसआरके गुट यानी कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी के बाद अब बीरेंद्र सिंह भी रोहतक में नहीं हैं। शैलजा सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जबकि हिसार में बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह चुनावी मैदान में हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ में किरण चौधरी अपनी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी का टिकट कटवाने में हुड्डा की भूमिका मानकर नाराज हैं।

### भाजपा ने दिखाया था 10 का दम

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 सीटें जीत ली थी। भाजपा का वोट शेयर 58% था। कांग्रेस का वोट शेयर 28% था, उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) को 3% तथा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को 5% वोट मिले थे, इन दोनों दलों का भी खाता नहीं खुला था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने 7 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को एक और इनेलो को दो सीटें मिली थीं।


अरविंद शर्मा व दीपेंद्र हुड्डा।

### राज्य में वोट शेयर




# यहां विकास और दिक्कत से बड़ी जातीय सरहद



## डुमरियागंज में चौथी जीत के लिए जगदम्बिका पाल बहा रहे पसीना

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से उतरे पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी दे रहे कड़ी चुनौती




जगदम्बिका पाल व भीष्म शंकर तिवारी।

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** बस्ती मंडल के सिद्धार्थ नगर जिले में आने वाले राप्ती नदी के किनारे बसे डुमरियागंज को महात्मा बुद्ध से जुड़े महत्व, काला नमक चावल और हर साल आने वाली बाढ़ के लिए जाना जाता है। इस समय यह इलाका 25 मई को होने वाले मतदान से पहले चुनावी शोर में डूबा है। डुमरियागंज लोकसभा सीट पर पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं में शुमार जगदम्बिका पाल पिछले 15 साल से सांसद हैं और लगातार चौथी जीत हासिल करके इतिहास बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। सपा ने उनके मुकाबले इस बार भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को मैदान में उतारा है।

कुशल तिवारी बाहुबली रहे हरिशंकर तिवारी के पुत्र हैं और बगल की संत कबीर नगर सीट से सांसद रह चुके हैं। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी मो. नदीम पर दांव लगाया है। यहां से भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल को एक दिन का मुख्यमंत्री भी कहा जाता है। साल 2014 में वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए थे और पिछले दोनों चुनाव भाजपा से ही जीते हैं।

### जातीय गोलबंदी के बीच मोदी का चेहरा और गारंटी का भरोसा

- चुनाव प्रचार में भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल पिछले 15 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हैं, लेकिन भरोसा मोदी की गांरटी और चेहरे पर ही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुशल तिवारी भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सपा की रणनीति ब्राह्मण, ओबीसी और मुस्लिम वोट बैंक के सहारे चुनाव जीतने की है। भाजपा को ओबीसी, ब्राह्मण और दलितों के गठजोड़ पर भरोसा है। ऐसे में यहां सीधा मुकाबला माना जा रहा है।

### बीते दोनों चुनाव एक लाख से ज्यादा मतों से जीते

- 2019 के चुनाव में जगदंबिका पाल को 4,92,253 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन में बसपा उम्मीदवार आफताब आलम ने 3,86,932 वोट पाए थे। कांग्रेस के चंद्रेश उर्फ चंद्रेश कुमार उपाध्याय 60,549 मत ही पा सके थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के जगदम्बिका पाल और बसपा के मो. मुकीम में संघर्ष हुआ था। पाल को 2,98,845 वोट और मुकीम को 1,95,257 वोट मिले थे। सपा के माता प्रसाद पांडे 1,74,778 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे।

### पिछड़े और मुस्लिम मिलकर बदल सकते परिणाम

डुमरियागंज में 19 लाख मतदाताओं में पिछड़ा वर्ग के सर्वाधिक 37% मतदाता माने जाते हैं। इसके बाद 24% मुस्लिम, 14% ब्राह्मण और करीब इतने ही दलित मतदाता गिने जाते हैं। ऐसे में यहां पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही हार-जीत तय करते हैं। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीटों में शोहरतगढ़ में अपना दल (एस), कपिलवस्तु और बांसी पर भाजपा का कब्जा है। शेष दो सीटें इटवा और डुमरियागंज सपा के पास हैं।

## संत कबीर नगर में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

चुनाव डेस्क

- भाजपा सांसद प्रवीण निषाद जीत की हैट्रिक का भर रहे दम, सपा का उनके ही वोट बैंक पर प्रहार, बसपा ने खेला मुस्लिम-दलित का दांव

**अमृत विचार।** बस्ती मंडल का संत कबीर नगर जिला देश के सबसे पिछड़े जिलों में शामिल है। जिले का मुख्यालय खलीलाबाद में है, लेकिन संत कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली 'मगहर' स्थित होने के कारण जिले को संत कबीर नगर नाम दिया गया है। परिसीमन के बाद 2008 में संत कबीर नगर को लोकसभा सीट का दर्जा मिला था। भाजपा ने यहां सांसद प्रवीण कुमार निषाद पर दूसरी बार दांव लगाया है। अगर वह जीतते हैं तो उनकी यह तीसरी जीत होगी। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने गोरखपुर से उपचुनाव जीता था। प्रवीण योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद के पुत्र हैं। सपा ने यहां पूर्व राज्य मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को उतारा है, जबकि बसपा ने दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद नदीम अशरफ पर दांव लगाकर मुस्लिम-दलित गठजोड़ से लड़ाई त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।


प्रवीण निषाद - भाजपा प्रत्याशी।


सपा प्रत्याशी- लक्ष्मीकांत निषाद।

### उद्योग-धंधे बंद होना बड़ा मुद्दा, जोर जातीय गोलबंदी पर

- संत कबीर नगर का खलीलाबाद कभी औद्योगिक और बुनकरों की नगरी था। यह जिला तो बन गया लेकिन इसका विकास गोरखपुर और बस्ती के बीच अटका हुआ है। हालांकि चुनाव में विकास बड़ा मुद्दा नहीं है। जातीय समीकरण सेट करने पर प्रत्याशियों का जोर है। संत कबीर नगर में मुस्लिम मतदाता पांच लाख, ब्राह्मण करीब ढाई लाख, क्षत्रिय लगभग दो लाख और दलित मतदाता करीब साढ़े चार लाख, निषाद मतदाता डेढ़ लाख से ज्यादा और यादव मतदाता सवा लाख तथा इतने ही कुर्मी मतदाता गिने जाते हैं।

### पिछली बार हुआ था कांटे का मुकाबला

- साल 2019 के चुनाव में संत कबीर नगर में कांटे का संघर्ष हुआ था। भाजपा के प्रवीण निषाद जीते थे। उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन से उतरे बसपा प्रत्याशी भीष्म शंकर तिवारी को हराया था। प्रवीण निषाद को 4,67,543 और भीष्म शंकर तिवारी को 4,31,794 वोट मिले थे। कांग्रेस के भाल चन्द्र यादव ने 1,28,506 वोट पाए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के शरद त्रिपाठी जीते थे। उन्होंने 97 हजार मतों के अंतर से बसपा के भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को हराया था। संत कबीर नगर सीट अस्तित्व में आने के बाद 2009 में हुए पहले चुनाव में बसपा से भीष्म शंकर तिवारी जीत हासिल कर पहले सांसद बने थे।

### मोदी की रैली से बस्ती मंडल की तीनों सीटों पर बदला माहौल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती पहुंचकर जनता को राम-राम करते हुए पूर्वांचल से अपना खास रिश्ता जोड़ा। उन्होंने बस्ती मंडल में विकास की त्रिवेणी बहाने के लिए बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर के सांसद प्रवीण निषाद को फिर से लोकसभा में पहुंचाने की हुंकार भरी। माना जा रहा है कि प्रधान मंत्री मोदी की रैली के बाद बस्ती मंडल में चुनावी माहौल थोड़ा बदल गया है।

**छठे चरण में वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान**

# बिहार में एनडीए के सामने आठों सीटें बचाने की चुनौती

चुनाव डेस्क। छठे चरण के मतदान में बिहार की आठ लोकसभा सीटों वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान होगा। इन आठ सीटों पर 86 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। साल 2019 आम चुनाव में इन आठ सीटों में भाजपा को 4, जेडीयू को 3 और एलजेपी को एक सीट पर जीत मिली थी।



### वाल्मीकि नगर में थारू अदिवासी और निर्दलीय हुए निर्णायक

- वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र पश्चिम चंपारण जिले में है। यहां एनडीए जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहा है। जेडीयू ने सांसद सुनील कुमार कुशवाहा को फिर से उतारा है। इंडिया गठबंधन में राजद ने चीनी मिल मालिक दीपक यादव को उम्मीदवार बनाया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़े प्रवेश मिश्रा निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं। यहां भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा असम से दो बार सांसद रहे नव कुमार सरनिया उर्फ हीराबाई भी मैदान में हैं। बसपा से दुर्गेश सिंह चौहान हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सीधे मुकाबले वाली इस सीट पर थारू अदिवासी निर्णायक मतदाता है, तो निर्दलीय भी किसी का खेल बिगाड़ सकते हैं।

### पश्चिमी चंपारण में जीत का चौका रोकने का जाल बिछाया

पश्चिमी चंपारण लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद डॉ. संजय जायसवाल उम्मीदवार हैं। वह तीन बार सांसद चुने गए हैं। इस बार जीत का चौका लगाना चाहते हैं। राजद ने रणनीति के तहत यहां से कांग्रेस के ब्राह्मण मदन मोहन तिवारी पर भरोसा जताया है। इससे मुकाबला रोचक हो गया है। मदन मोहन भाजपा के कोर वोट बैंक ब्राह्मण मतों में सेंधमारी कर रहे हैं। उन्हें राजद के परंपरागत मुस्लिम-यादव मतों का समर्थन पहले ही है।

### पूर्वी चंपारण में जातीय समीकरण की नई बिसात

पूर्वी चंपारण सीट पर भाजपा ने सांसद राधामोहन सिंह को मैदान में उतारा है। राधामोहन सिंह लगातार तीन बार जीत दर्ज कर चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में हैं। राधामोहन सिंह राजपूत समाज से आते हैं। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से वीआईपी के राजेश कुशवाहा उनका मुकाबला कर रहे हैं। इस सीट पर पिछले तीन चुनावों में सवर्ण बना सवर्ण मुकाबला हुआ था। लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन के नया दांव खेलने से मुकाबला रोचक हो गया है।

### शिवहर में लवली आनंद की जीत नहीं आसान

शिवहर सीट पर भाजपा से तीन बार की सांसद रमा देवी की जगह इस बार जेडीयू ने पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को मैदान में उतारा है। लवली सांसद रह चुकी हैं। इंडिया गठबंधन से राजद की ऋतु जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। यहां पूर्व सांसद सीताराम सिंह के छोटे पुत्र राणा रणजीत एआईएमआईएम से मैदान में हैं। उनके निशाने पर हैं लवली आनंद। उनका कहना है कि लवली के पति आनंद मोहन ने ही उनके पिता सीताराम सिंह को हराया था।

### वैशाली में सांसद जूझ रहीं बाहुबली की चुनौती से

वैशाली सीट पर चिराग पासवान ने राजपूत समुदाय की सांसद वीणा देवी पर भरोसा जताया है। राजद ने यहां भूमिहार समुदाय से आने वाले बाहुबली मुन्ना शुक्ला को उतारा है। यहां राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है। ऐसे में राजद ने भूमिहार समाज क उम्मीदवार को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है। वैशाली लोकसभा का गठन 1977 में हुआ था। अब तक हुए 13 चुनावों में इस सीट से 11 बार राजपूत उम्मीदवारों की जीत हुई है, दो बार भूमिहार प्रत्याशी जीते हैं।


रांची में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने अदिवासी समुदाय की महिलाओं के साथ नृत्य किया। अदिवासी समाज की ये महिलाएं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशवश्निी सहाय के समर्थन में हुई रैली में भाग लेने आई थीं।

## एक नजर

### तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग तीन नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू करेगा। इनमें एक आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) अयोध्या में हैं। जबकि दो (एक बालक और एक बालिका) जौनपुर में हैं। इन विद्यालयों ने छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अयोध्या में नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) का भवन मुगीशपुर में कई वर्षों पहले से तैयार है। लेकिन, वहां पढ़ाई नहीं शुरू हो सकी थी। इस विद्यालय में एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। अयोध्या में इसके अलावा दो राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पहले से संचालित हैं। इसी तरह जौनपुर में दो नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के भवन तैयार हैं। इनमें एक मनिहा गोविंदपुर में है, जो बालिका विद्यालय हैं। जबकि दूसरा मटियारी का पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय है, जो बालकों के लिए हैं।

# चिन्हित पांचों माफिया का तंत्र ध्वस्त, अब गिरोह पर नजर

## शासन ने लखनऊ जोन में चिन्हित किए थे पांच बड़े माफिया, दो बड़े अपराधियों की हो चुकी है मौत, 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्र में चिन्हित सभी पांच माफिया का आपराधिक तंत्र अब छिन्न-भिन्न हो गया है। इन अपराधियों में दो की मृत्यु हो चुकी है, जबकि तीन जेल में निरुद्ध है। अब इनके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इनकी संख्या भी 50 से ऊपर है।

जोन स्तर पर की गई समीक्षा में पता चला कि इन पांच माफिया का तंत्र प्रभावहीन हो चुका है। अब केवल गिरोह के सदस्य बचे हैं, उनको भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

पांचों माफिया की करीब 50 करोड़ तक की अवैध संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है। अब इन माफिया से जुड़े छोटे-छोटे गिरोहों का चिन्हीकरण शुरू किया गया है। जल्द ही इनके खिलाफ भी अभियान चलेगा।

वहीं जोन के शीर्ष अधिकारियों ने लखनऊ और अयोध्या परिक्षेत्र के सभी 10 जिलों के पुलिस अधीक्षकों से विभिन्न गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त गिरोहों की सूचनाएं एकत्रित करने का निर्देश दिया है। इस सप्ताह से गिरोहों के पंजीकरण की शुरूआत भी कर दी गई है। जिससे अन्य गिरोह से जुड़ सदस्यों पर भी शिकंजा कसेगा।

**खान मुबारक** लखनऊ जोन के अंतर्गत आने वाले अंबेडकरनगर के माफिया खान मुबारक की मृत्यु 12 जून 2023 में इलाज के दौरान हुई थी। राज्य सरकार द्वारा घोषित की गई 66 माफिया की सूची में खान मुबारक का नाम टॉप 5 में था। इसके खिलाफ 44 मामले दर्ज थे। इसके गिरोह के 43 सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। अब तक की कार्रवाई में 37 सदस्य जेल में भेजे जा चुके हैं। खान मुबारक की 16 करोड़ की संपत्ति गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई, जबकि जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण और अवैध कब्जे से एक करोड़ 95 लाख की संपत्ति मुक्त कराई गई है।

**संजय सिंह सिंघला** लखनऊ जोन के टॉप-5 की सूची में शामिल माफिया संजय सिंह सिंघला की 26 जनवरी 2024 को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संजय सिंघला को जून 2022 में पकड़ा था, इसके बाद से वह बाराबंकी जेल में निरुद्ध था। संजय सिंघला के खिलाफ 55 मामले दर्ज थे। इसके गैंग में सक्रिय 22 सदस्यों में से अब तक 12 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 10 के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने संजय के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई में 25.5 करोड़ की संपत्ति जब्त की।

**अतुल वर्मा** माफिया की सूची में शामिल बाराबंकी निवासी अतुल वर्मा को पुलिस ने मार्च 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके खिलाफ 49 मुकदमें चल रहे हैं। इसके गिरोह में 36 सदस्य सक्रिय थे, जिसमें से नौ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में अतुल वर्मा की 10 करोड़ 55 लाख की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

**अजय सिपाही** लखनऊ जोन के अंतर्गत आने वाले दूसरे माफिया अजय सिपाही के खिलाफ कुल 29 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस अजय सिपाही के गैंग के 16 सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इनमे से 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अजय सिपाही के खिलाफ की गई गैंगेस्टर की कार्रवाई में प्रशासन और पुलिस ने चार करोड़ 36 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

**शहीम उर्फ कासिम** बाराबंकी निवासी शहीम को पुलिस ने फरवरी 2023 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके खिलाफ कुल 17 मुकदमें दर्ज हैं। इसके गिरोह में 14 सदस्य सक्रिय थे, जिसमें से दो गिरफ्तार हो चुके हैं। गैंगेस्टर एक्ट के तहत अब तक चार करोड़ 75 लाख की संपत्ति जब्त की गई, जबकि ध्वस्तीकरण में 50 लाख की संपत्ति जब्त की गई।

**छोटे-छोटे गिरोहों को भी कर रहे चिन्हित, जल्द शुरू होगी कार्रवाई**



शासन द्वारा चिन्हित किए गए 66 माफियाओं में पांच लखनऊ जोन से जुड़े थे। पांचों का तंत्र लगभग ध्वस्त हो चुका है। कुछ सक्रिय सदस्य बचे रह गए हैं वह भी जल्द जेल में होंगे। अब छोटे-छोटे गिरोह बनाकर अपराध कर रहे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। इनको भी पकड़ लिया जाएगा।

**- अमरेंद्र कुमार सेंगर, एडीजी जोन, लखनऊ**

## दो माह से मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में तैनात मनरेगा कर्मियों को मार्च और अप्रैल का मानदेय नहीं मिला। इससे कर्मचारी परेशान हैं। जबकि खातों से काटा जा रहा ईपीएफ जमा नहीं हो रहा है।

उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक व जिला मुख्यालय पर तैनात तकनीक सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखा सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवकों को समय से मानदेय न मिलने के कारण हालत दयनीय हो रही है। इधर, मार्च व अप्रैल मानदेय फिर फंस गया है। मनरेगा के साथ चुनाव ड्यूटी तक कर्मचारी कर रहे हैं। 2018 से ईपीएफ काट रहा है लेकिन, खातों में जमा नहीं होता है। जबकि सरकार ने कर्मियों को ईपीएफ, मेडिकल समेत अन्य सुविधा देने के निर्देश दिए थे।

# 7वें चरण में 36 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

## बसपा के बलिया प्रत्याशी लल्लन सिंह यादव पर दर्ज हैं 22 मामले, कांग्रेस के अजय राय पर हैं 18 मुकदमे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रधानमंत्री मोदी समेत 55 प्रत्याशी करोड़पति**
- **इस चरण में सबसे कम 10 महिला प्रत्याशी**

**अमृत विचारः** 7वें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होने हैं। इस चरण में सभ 144 प्रत्याशियों में से 36 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकांश पर गंभीर मामले हैं। सबसे ज्यादा मुकदमों की बात करे तो बसपा के बलिया प्रत्याशी लल्लन सिंह यादव नंबर एक पर हैं। उनके ऊपर 22 मामले दर्ज हैं, दूसरे नम्बर पर कांग्रेस के वाराणसी प्रत्याशी अजय राय हैं, 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वही नौ मामलों के साथ राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के कुशीनगर उम्मीदवार स्वामी प्रसाद मौर्या तीसरे नंबर हैं। इस प्रकार दलवार देखे तो सपा के नौ में से सात, बसपा के 13 में से पांच, भाजपा के 10 में से तीन, कांग्रेस के चार में दो, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी दो उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य चरणों की अपेक्षा इस चरण में सबसे कम मात्र 10 महिलाएं चुनाव मैदान में हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी का चुनाव भी इसी चरण में होना है। इस चरण में कुल 55 करोड़पति चुनाव लड़ रहें हैं। मोदी के साथ भाजपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं साथ ही एनडीए घटक दल अपना दल (सोनेलाल) के भी दोनों प्रत्याशी करोड़पति ही हैं। वहीं सपा के सभी नौ और कांग्रेस के चार उम्मीदवार करोड़पति हैं। अपना दल (कमेरावादी) के भी दो प्रत्याशी उतारे हैं और दोनो ही करोड़पति हैं। जबकि बसपा के 13 में से सात उम्मीदवार करोड़पति हैं।

गोरखपुर से अल हिन्द पार्टी के प्रत्याशी श्रीराम प्रसाद के पास मात्र 25 हजार रुपए हैं, मगर हौसले लबरेज हैं। चंदौली के निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कुमार 38 हजार रुपये लेकर मैदान में हैं। इसके अलावा 50 हजार के साथ निर्दलीय उम्मीदवार रामप्रीत, महाराजगंज से भाग्य अजमा रहें हैं।

**सपा प्रत्याशी के पास सर्वाधिक संपत्ति**

एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया की सपा के घोसी प्रत्याशी राजीव राय के पास सबसे ज्यादा संपत्ति 49 करोड़ है, वहीं भाजपा के गोरखपुर सीट प्रत्याशी रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) के पास 43 करोड़ की संपत्ति है। महाराजगंज से प्रत्याशी पंकज चौधरी के पास लगभग 41 करोड़ हैं। इस प्रकार भाजपा के 10 प्रत्याशियों की औसतन संपति 18 करोड़, सपा के नौ प्रत्याशियों की 14 करोड़ और कांग्रेस चारों व बसपा के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति तीन-तीन करोड़ है।

**82 प्रत्याशी उच्च शिक्षित**

महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदोली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में चुनाव लड़ रहें उम्मीदवारों के शैक्षिक स्तर की बात करे तो 82 उम्मीदवार उच्चशिक्षित हैं। वहीं 54 प्रत्याशियों ने 5वीं से लेकर 12वीं के बीच तक पढ़ाई की है। इसके अलावा तीन उम्मीदवार डिप्लोमा धारक और चार उम्मीदवार केवल साक्षर हैं। वहीं एक प्रत्याशी ने तो अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित ही नहीं की है।

## 47.25 करोड़ वापस पूरे होंगे अधूरे कार्य

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का 47.25 करोड़ रुपये वापस मिले हैं। यह बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति होने पर वापस ले लिया गया था। इससे गांवों में अधूरे कार्य कराए जाएंगे।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांवों में पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर व पंचायत लर्निंग सेंटर समेत आदि भवन बनाए जाते हैं। जिसका ग्रामीणों को लाभ मिले। वर्ष 2023-24 में इन कार्यो के लिए देर से नवंबर में बजट मिला था। इस कारण योजना के मुताबिक निर्माण देर से शुरू हुआ और समय कम होने के कारण पूर्ण नहीं हो सके। इस वजह से बजट खर्च नहीं हो पाया। जो मार्च अंत में वित्तीय वर्ष समाप्ति होने पर वापस हो गया था और 21 मई को नये सिरे से खातों में भेजा गया है। इससे 1370 भवन तैयार किए जाएंगे। लखनऊ को 25 लाख रुपये मिले हैं।

# ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में प्रदेश पहले स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में प्रदेश, देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में 1460 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विस्तार किया गया है, जो पूरे देश में कुल ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार का 20 प्रतिशत से अधिक है। दूसरे स्थान पर गुजरात की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। इस कार्य में तमिलनाडु तीसरे, आंध्र प्रदेश चौथे और बिहार पांचवें स्थान पर है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बिजली उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। पिछले वर्ष पीक ऑवर में देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्य का दर्जा प्रदेश को मिला था।

**महराजगंज से गोरखपुर तक पारेषण लाइन चालू**

वित्तीय वर्ष 2024 में यूपी पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ने 220 केवी की डबल-सर्किट की लाइन को चालू किया है, जो महराजगंज सब स्टेशन से 400 केवी गोरखपुर सब स्टेशन तक कुल 174 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित है।

इस बार प्रदेश ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में पूरे देश में शीर्ष पर काबिज हुआ है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024 में देश में 6,993 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विस्तार किया गया, जो निर्धारित लक्ष्य 11,002 सर्किट किलोमीटर के सापेक्ष लगभग 64 प्रतिशत है। अधिकांश वृद्धि 220 केवी लाइन की श्रेणी में हुई।

# दोनों शहजादे भाजपा को शह देंगे और जनता देगी मात : अखिलेश



आजमगढ़ में आयोजित जनसभा के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मोदी-योगी की टिप्पणी का आजमगढ़ में अखिलेश यादव ने दिया जवाब**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान शहजादे शब्द भी चर्चा में है। इस शब्दावली के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अखिलेश-राहुल की जोड़ी को निशाना बना रहे हैं। भाजपा के दोनों स्टार प्रचारक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शहजादे के नाम से संबोधित कर रहे हैं।

बुधवार को मोदी-योगी के इसी हमले का आजमगढ़ में अखिलेश यादव ने जवाब दिया। अखिलेश ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के दोनों शहजादे भाजपा को शह देंगे और जनता मात देगी।

पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के लिए आयोजित चुनावी रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोगों को शहजादे कहा जा रहा है। इस बार देखना दोनों शहजादे मिलकर ऐसी शह देंगे और जनता ऐसी मात देगी कि इनका पता नहीं लगेगा कि कहां गए।

**जनता की बात करने वालों को विरोधी मानती है भाजपा**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर सच्चे इंसान के खिलाफ है और जो जनता के अधिकार की बात करे उसे अपना विरोधी मानती है। सपा प्रमुख के मुताबिक, भाजपा जनता के हक को छीनने वाली पार्टी है। वो खरबपतियों की कठपुतली पार्टी है। अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बीएचयू को बचाने के लिए भाजपा के ख़िलाफ़ आमरण अनशन पर बैठे डॉ. ओम शंकर से अनुरोध है कि वो अपना आमरण अनशन तोड़ें और जनता के रक्षक इंडी गठबंधन का साथ देकर भ्रष्ट भाजपा को हटाने के लिए नया व्रत लें। उन्होंने अपने बयान में एक हैश टैग- एक थी भाजपा भी जोड़ा।

# चुनाव में जान गंवाने वालों के आश्रितों को रिकॉर्ड समय में मिल रही अनुग्रह राशि

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** 18वीं लोकसभा के चुनाव में अब तक प्रदेश में चुनाव ड्यूटी के दौरान चार कर्मियों की मौत हो चुकी है। ये सभी विभिन्न विभागों की ओर से चुनाव ड्यूटी कर रहे थे। पुख्ता सूचना मिलते ही निर्वाचन आयोग ने 15-15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रत्येक मृतक आश्रित को दे दी है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि सहारनपुर में बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट ड्यूटी करने वाले सहायक अभियंता शिव रंजन सिंह की मौत हो गई थी। संबंधित जिलाधिकारी ने चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए 16 अप्रैल को 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण की गईं और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निर्देश पर 18 अप्रैल को मृतक के आश्रितों को 15 लाख रुपये का चेक दिया गया। 24 अप्रैल को बिजनौर जिलाधिकारी द्वारा अनिल कुमार द्विवेदी की मौत संबंधी प्रस्ताव मिला था, मृतक पुलिस लाइन में बतौर अनुचर कार्यरत था। मृतक के परिजन को 4 मई को 15 लाख रुपये प्रदान कर दिये गये। इसी बीच, 28 अप्रैल को मथुरा में आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह की चुनावी ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। त्वरित कार्रवाई से 2 मई को 15 लाख रुपये आश्रितों को दिये गये। उन्होंने बताया कि चौथी मौत बरेली में होमगार्ड पद पर कार्यरत कृष्ण नंदन की हुई थी, जिसका संबंधित प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा 6 मई को भेजा गया, संबंधित औपचारिताओं के बाद 20 मई को 15 लाख का चेक परिजन को भेजा जा चुका है। अनुज झा का कहना है कि चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मियों के साथ निर्वाचन आयोग पूरी तरह से संवेदनशील है, किसी भी अप्रिय दुर्घटना पर राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार कार्रवाई पूरी की जाती है।

**मौत पर 15 लाख, अपंगता पर 7.5 लाख रुपये**

विशेष सचिव व अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्र शेखर ने बताया कि चुनाव अवधि में ड्यूटी करते हुए या ड्यूटी के लिए घर से निकलने और बाद में घर वापस पहुंचने के बीच, किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो मौत होने की दशा में 15 लाख रुपये और स्थाई रूप से अपंगता की दशा में 7.5 लाख रुपये बतौर अनुग्रह राशि दी जाती है। अगर, यह मौत चुनाव के दौरान बम विस्फोट, आगजनी या सशस्त्र हमलों में होती है तो अनुग्रह राशि 30 लाख दी जायेगी। मौत के प्रकार की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर राशि का निर्धारण जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में किया जाता है।


## वर्ग पहेली-78

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली-77 का हल




## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | | 6 | 7 | | | | |
| | 3 | | 8 | | 7 | | | |
| | 7 | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | | 3 | 1 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू-156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 19.22 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 09.15 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** आज शंकालु स्वभाव के कारण आप अच्छे लोगों की अनदेखी कर सकते हैं। नया काम शुरू करने से परेशानियां बढ़ेंगी। किसी पुरानी घटना को लेकर दु:ख हो सकता है। आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों का बाहुल्य हो सकता है।

**वृष** आज आपको कार्यक्षेत्र में काफी प्रतिष्ठा मिलेगी। लोग आपके विचारों से काफी प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है। उच्च स्तरीय लोग भी आपके सामने काफी कमजोर दिखेंगे।

**मिथुन** आज शत्रु आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना होगा। पिता के साथ वैचारिक मतभेद उभरने की आशंका है। जॉब में आप दबाव के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन सकती है।

**कर्क** आज ऐसे लोगों से स्वयं को दूर रखें जो आपको तनाव देते हैं। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। किसी को वचन देने से बचें, क्योंकि आपके कार्य अचानक रुक सकते हैं। बच्चों को लेकर काफी परेशान हो सकते हैं।

**सिंह** आज व्यवसाय में सहयोगियों से लाभ होगा। निर्माण कार्य से जुड़े प्रोजेक्ट्स में बड़ी चुनौती देखने को मिल सकती है। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी ऊर्जावान रहेंगे।

**कन्या** आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

**तुला** आज परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी, लेकिन ज्यादा दिखावे के व्यवहार से बचें। अपने स्वजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। आपको धन निवेश करने से पूर्व किसी विशेषज्ञ व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** आज नया व्यवसाय या कोई नई जॉब की शुरुआत का विचार बनाएंगे। यदि घर बदलना चाह रहे हैं तो थोड़ा अच्छी तरह से देख-परखकर ही घर बदलें। स्थिर संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में आप विजयी होंगे।

**धनु** आज शिक्षा और रोजगार में रुकावट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। कुछ ऐसे कार्य भी करने पड़ सकते हैं, जो शायद आपके मनोनुकूल न हों। यदि किसी यात्रा पर हैं तो अपने सामान की सुरक्षा सावधानी पूर्वक करें।

**मकर** आज धन की परिस्थितियां काफी अनुकूल रहेंगी। बच्चों को लेकर मन प्रफुल्लित रहेगा। लोग आपकी खुलकर प्रशंसा करेंगे। आपके परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। पड़ोसियों के साथ किसी विवाद का निपटारा हो सकता है।

**कुंभ** आज मित्रों के साथ काफी समय बिता सकते हैं। राजनीति संबंधी चर्चाओं का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। अपनी कमजोरियों को किसी से भी साझा न करें। कुछ चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन** आज किसी के प्रति दुर्भावनापूर्ण विचार न रखें। आपको धार्मिक ग्रंथों से काफी मदद मिल सकती है। व्यापार में बड़ा निवेश न करें। आप कुछ अव्यावहारिक निर्णय ले सकते हैं। इसके कारण आपकी आलोचना भी हो सकती है। वाहन में कुछ खराबी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सिक्का — सुबह : 10.48
मजाल — रात : 07.00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.25
मनमर्जियां — रात : 08.00

**Sony Pix**
द वॉटर हाउस — सुबह : 11.38
मोर्टल कॉम्बेट — शाम : 05.42

**Zee Cinema**
गीत गाता चल — दोपहर : 01.15
मिशन रानीगंज — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08.08
दसवीं — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति -कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले-कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |

**दलहन (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |

**दाल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरहरफूल | 17000-17100 |
| अरहरस्पेशल1 | 14300-14400 |
| चनादाल | 7800-7900 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |

**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |

**चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| शाहपसंद | 1325-1350 |

**तिलहन (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| लाही | 5400-5500 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# आरबीआई सरकार को देगा अब तक का सर्वाधिक 2.11 लाख करोड़ का लाभांश

## केंद्रीय बैंक ने लाभांश भुगतान को दे दी मंजूरी, पहले की तुलना में दोगुना से अधिक

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। पिछला उच्चतम स्तर वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था जब रिजर्व बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा-निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी। चालू वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। अनुमान से अधिक लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर यानी राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### आरबीआई ने सीआरबी को बढ़ाने का किया फैसला

आरबीआई ने कहा-वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर सीआरबी को बढ़ाकर 6.00 प्रतिशत किया गया था। अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देय लाभांश राशि के बारे में निर्णय अगस्त, 2019 में अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर लिया गया है। बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने ईसीएफ की अनुशंसा की थी। समिति ने कहा था कि सीआरबी के तहत जोखिम प्रावधान को आरबीआई के बही-खाते के 6.5 से 5.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाना चाहिए।

## एमबीए स्नातकों की नौकरी छोड़ने की ऊंची दर ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई।** एमबीए स्नातकों के बीच नौकरी छोड़ने की दर चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर शीर्ष स्तर परिसरों के लिए प्रवेश स्तर की नौकरियों में...। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) के नए कैंपस कार्यबल रुझान 2024 के अध्ययन से पता चलता है कि नौकरी छोड़ना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, खासकर एमबीए स्नातकों के बीच।

इसमें कहा गया, कुल मिलाकर समूचे भारत में नए लोगों, शीर्ष स्तर के परिसरों में एक तथा दो साल में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर क्रमशः 21 प्रतिशत, 26 प्रतिशत और 28 प्रतिशत है। डेलॉयट इंडिया के निदेशक नीलेश गुप्ता ने कहा- इस वर्ष के अध्ययन से संगठनों को अपनी अवधारणा रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की गंभीर आवश्यकता का पता चलता है।

## पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2023-24 का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया

फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया।

पेटीएम ने एक बयान में कहा- हमारे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम यूपीआई लेनदेन पर अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। पेटीएम ने 2,267 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो वार्षिक आधार पर तीन प्रतिशत की मामूली गिरावट है। हमारा योगदान मुनाफा यूपीआई प्रोत्साहनों सहित 57 प्रतिशत और यूपीआई प्रोत्साहनों को छोड़कर 51 प्रतिशत रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 15 मार्च से व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। कंपनी ने बताया कि तिमाही में कंपनी ने पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ के निवेश को बट्टे खाते में डाल दिया। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की पीपीबीएल में 51% हिस्सेदारी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700-56,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,150 |
| चांदी आभूषण | 90,200। |

## भारत कई देशों से सीमा शुल्क संबंधी समझौते पर कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सात देशों के सीमा शुल्क विभागों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) पर हस्ताक्षर कर चुका है और कई अन्य देशों के साथ ऐसे समझौतों के लिए सक्रियता से बातचीत कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा ने इस महीने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) एमआरए पर हस्ताक्षर किए। इससे सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में लाभ देने का रास्ता साफ होगा।

# हर साल होने वाली किल्लत दूर करेगा बरसाती प्याज

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- उद्यान विभाग खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में कराएगा प्याज की खेती
- अगस्त-सितंबर में तैयार होगी फसल, कम होगी निर्भरता

**अमृत विचार :** प्रदेश में हर साल सर्दियों में होने वाली प्याज की किल्लत दूर करने के लिए इस बार उद्यान विभाग एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती कराएगा। प्रक्रिया जून से शुरू होगी और अगस्त व सितंबर में प्याज तैयार होगा।

अब तक के वर्षों में विभाग प्याज की खेती रबी में कराता है। इसकी पौध नवंबर व दिसंबर के बीच तैयार कर रोपाई होती है और फरवरी व मार्च में प्याज तैयार होता है। इस बीच काफी अंतर होने के कारण प्याज की उपलब्धता नहीं रहती है। इसकी पूर्ति महाराष्ट्र व राजस्थान से प्याज मंगाकर की जाती है। किसान व व्यापारी भी मौके का फायदा उठाकर प्याज डंप करते हैं। इन्हीं कारणों से दाम बढ़ते हैं।

**बारिश में जोखिम अधिक, मिलेगा 12 हजार रुपये अनुदान:** खरीफ में प्याज की खेती जोखिम भरी होती है। इसमें लागत तो अधिक आती है बल्कि बारिश व ओलावृष्टि में पौध व फसल खराब हो जाती है। इस कारण न के बराबर किसान इसकी खेती करते हैं। लागत कम करने के लिए बीजों की खरीद पर 12 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा और नुकसान से बचाने के लिए विज्ञानी प्रशिक्षित कर विधियां बताएंगे।

**शेड में नर्सरी, मेड़ बनाकर करें रोपाई:** कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया बरसाती प्याज में फायदा अधिक है। किसान इसकी पौध यानी नर्सरी किसी शेड के अंदर तैयार करें। क्योंकि बारिश और ओलावृष्टि से पौध जल्द खराब होती है। 40 से 45 दिन में पौध तैयार होने के बाद खेतों में मेड़ बनाकर रोपाई करें। ऊंचाई के कारण जलभराव का असर नहीं पड़ेगा। वहीं डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग) ने बताया कि खरीफ में खेती का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इसकी वीडियो कांफ्रेसिंग में स्वीकृति मिली है। इसके उत्पादन से सर्दियों में किल्लत नहीं होगी। इसी तरह हर वर्ष रकबा और पैदावार बढ़ाकर पूर्ति करेंगे।

### एक हेक्टेयर की स्थिति

- लागत - 40-45 हजार रुपये
- उत्पाद - सामान्य तौर पर 200 क्विंटल तक
- कमाई - एक से डेढ़ लाख रुपये।



### प्रदेश में क्षेत्रफल व उत्पादन की स्थिति

| वर्ष | हेक्टेयर हजार में | उत्पादन एमटी |
|---|---|---|
| 2019-20 | 27.15 | 444.55 |
| 2020-21 | 28.55 | 470.83 |
| 2021-22 | 29.94 | 494.10 |
| 2022-23 | 30.05 | 510.88 |
| 2023-24 | 34.10 | 576.66 |




# राहुल बाबा और ममता जल्द ही शीतनिद्रा में चली जाएंगी

## बंगाल की चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने किया दावा, घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक है

**कांथी/घाटल/पुरुलिया, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और घुसपैठियों को राज्य की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप करने का आरोप लगाया। एक के बाद एक कांथी, घटाल और पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर जाएगी और ममता बनर्जी सरकार की विदाई हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंतिम सातवें चरण में जल्द ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी (राहुल बाबा) और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी (ममता दीदी) शीतनिद्रा में चली जाएंगीं।



गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर से भाजपा उम्मीदवार हिरण्मय चटर्जी के समर्थन में जनसभा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है जिसका असर न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश पर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया-ममता बनर्जी बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप कर रही हैं और वह राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं। शाह ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक है।

### जब 'इंडिया' की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे



**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो अग्निवीर योजना को खत्म कर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में अपनी पहली जनसभा में पूर्व अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। उन्होंने दावा किया मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन कहा है कि वह किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी क्योंकि इससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। कहा-हम किसानों की सुरक्षा और उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए भूमि अधिग्रहण विधेयक लाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने इसे रद्द कर दिया।



नगर पालिका का एक वाहन आगरा के किले के पास, गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से राहत देने के लिए लोगों पर पानी का छिड़काव करता हुआ। ● एजेंसी

## एक नजर

### महाराष्ट्र में आवारा कुत्ते के हमले में तीन साल के बच्चे की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले के मौदा कस्बे में एक आवारा कुत्ते के हमले में तीन वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वंश अंकुश शहाणे मंगलवार अपराह्न अपने घर के बाहर खेल रहा था कि तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उसके परिवार के सदस्य उसे सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौदा पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मुकदमा दर्ज किया।

### मीरवाइज समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 'खाली भूमि' पर अतिक्रमण के आरोप में हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, अलगाववादी नेता ने इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी को सौंप दी है।

## भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को निर्दलीय चुनाव लड़ने पर निलंबित किया

**पटना।** भाजपा की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, लोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है।

## पड़ोसी की हत्या के लिए मां, बेटे सहित तीन को मृत्युदंड

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केरल की एक अदालत ने सुनाई सजा

केरल की एक अदालत ने तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में वर्ष 2022 में 71 वर्षीय पड़ोसी की हत्या करने के लिए मां और बेटे सहित तीन लोगों को बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। ये तीनों व्यक्ति कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले भी एक नाबालिग की हत्या का मुकदमा लंबित है।

नेय्यात्तिनकारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रफीका बीवी (52), उसके मित्र अल अमीन (28) और उसके बेटे शफीक (25) को पड़ोसी शांताकुमारी की हत्या के लिए यह सजा सुनाई। उन्होंने सोने के आभूषण चुराने के मकसद के लिये इस हत्या को अंजाम दिया था । तीनों आरोपी कोवलम के रहने वाले हैं। अदालत ने पिछले सप्ताह तीनों पर लगे आरोपों के लिए उन्हें दोषी पाया था। घटना 14 जनवरी 2022 को उस समय सामने आई, जब रफीका बीवी के मकानमालिक के बेटे और उसके दोस्तों ने एक खुले दरवाजे से फर्श पर खून की बूंदे गिरती हुईं देखीं और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मकान मालिक के बेटे और दोस्त घर की छत पर अक्सर पढ़ाई किया करते थे। पुलिस ने बताया कि घर में टांड (सामान रखने की जगह) पर एक शव को छिपा कर रखा गया था।

## भाजपा को हराने के लिए कम सीट पर लड़ने का फैसला लिया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले-विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए किया गया समझौता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एकजुट रखने और भाजपा को हराने की रणनीति के तहत इस लोकसभा चुनाव में कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। खरगे ने साक्षात्कार में कहा कि यह पार्टी की ओर से कम विश्वास को नहीं दिखाता बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव रखने वाले अन्य दलों को पर्याप्त मौका देते हुए संयुक्त विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता किया गया।

खरगे ने प्रियंका गांधी वाद्रा को पार्टी की पूंजी और स्टार प्रचारक बताते हुए उनके चुनाव न लड़ने के फैसले को सही ठहराया। यह पूछे जाने पर कि वायनाड और रायबरेली दोनों सीटों से चुनाव जीतने पर राहुल गांधी कौन सी सीट छोड़ेंगे, इस पर खरगे ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय होगा। उन्होंने कहा-हमने कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। यह गठबंधन के साझेदारों को एकजुट रखने के लिए है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जैसी विचारधारा वाली अन्य पार्टियों से विचार-विमर्श करने के बाद प्रत्येक राज्य में गठबंधन करने के लिए एक समिति गठित की थी। उन्होंने कहा- पार्टी आलाकमान ने इस रणनीति को मंजूरी दी। हमने प्रत्येक राज्य में चर्चा की है।'' कांग्रेस अब के इतिहास में देश में सबसे कम 328 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि बाकी की 200 से अधिक सीट उसने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के अन्य साझेदारों के लिए छोड़ दी है। केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा-केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ने में कोई मतभेद नहीं है। राज्यों में हम लड़ रहे हैं क्योंकि कुछ राज्यों में गठबंधन की दो पार्टियां प्रमुख हैं। अगर एक-दूसरे के खिलाफ नहीं लड़ते हैं तो इससे भाजपा को फायदा होगा।

## टिप्पणी को लेकर गिरफ्तार सोशल मीडिया के भीकू म्हात्रे को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत ने कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में कथित टिप्पणियों को लेकर गोवा से गिरफ्तार किये गये विनीत नाइक उर्फ भीकू म्हात्रे को बुधवार को अंतरिम जमानत दी गई।

बेंगलुरु शहर के 45वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की अदालत ने सोशल मीडिया पर भीकू म्हात्रे के नाम से मशहूर नाइक को अंतरिम जमानत दी। उन्हें कर्नाटक पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 21 मई को साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था।

## नकदी बरामद न होना इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि भ्रष्टाचार नहीं हुआ: न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए की टिप्पणी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा है कि नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है क्योंकि अपराधी अपराध के लिए नयी तकनीकों का इस्तेमाल कर सकता है ताकि कोई सुराग बाकी न रहे।

उच्च न्यायालय ने कहा कि वह जांच के दौरान दर्ज किए गए कुछ हवाला डीलरों और अन्य गवाहों के बयानों के मद्देनजर सिसोदिया की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकता कि उनके पास से नकदी बरामद नहीं हुई। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दी गई थीं, लेकिन विस्तृत आदेश बुधवार को उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर डाला गया। उच्च न्यायालय ने कहा-इस अदालत का मानना है कि अभियोजन पक्ष ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत धनशोधन का मामला बनाया है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि कई आरोपियों की मिलीभगत वाली साजिश का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति के पास से नकदी बरामद होना धनशोधन मामले में अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा-इस अदालत की राय में, नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है ।

## रांची के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू का प्रकोप, 920 पक्षियों को मारा गया

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजधानी रांची के एक पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बुधवार को एक अलर्ट जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि मोराबादी में राम कृष्ण आश्रम द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म 'दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र' में 770 बत्तखों समेत 920 पक्षियों को मार दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 4,300 अंडों को भी नष्ट कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि भोपाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान को भेजे गए नमूनों में एविएन इन्फ्लूएंजा ए वायरस के एक प्रकार एच5एन1 की पुष्टि हुई है।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# खिताब का इंतजार कर रही बेंगलुरु बाहर

## राजस्थान ने एलिमिनेटर मैच 4 विकेट से जीता, 24 को हैदराबाद से मुकाबला, यशस्वी-पराग की अहम पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

राजस्थान ने बुधवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर 24 मई को यहां होने वाले दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई, जिसमें उसकी भिड़ंत चेन्नई में हैदराबाद से होगी।

टॉस जीतकर राजस्थान ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास से बेंगलुरु को आठ विकेट पर 172 रन ही बनाने दिए। फिर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (45) और रियान पराग (36) की पारियों के बाद शिमरोन हेटमायर (26) और रोवमैन पावेल (नाबाद 16) के योगदान से टीम ने 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई। यशस्वी और टॉम कोहलर कैडमोर ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। लॉकी फर्ग्यूसन ने कैडमोर को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छी लय में दिख रहे थे। कैमरन ने 10वें ओवर में जायसवाल की पारी खत्म की। अगले ही ओवर में सैमसन भी कर्ण शर्मा का शिकार हुए। ध्रुव जुरेल 8 रन पर रन आउट हुए।

हेटमायर और पराग ने 16वें ओवर में एक एक छक्का लगाया, जिससे इस ओवर में 17 रन बने। हेटमायर ने अपनी पारी में 14 गेंद में तीन चौके और एक छक्के लगाया। अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। पावेल ने फर्ग्यूसन पर दो चौके जड़कर अपनी टीम की जीत पक्की की। पावेल ने आठ गेंद की नाबाद पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने ट्रेंट बोल्ट की अगुआई में नियमित अंतराल पर विकेट झटककर आरसीबी बल्लेबाजों को बड़ी साझेदारी नहीं बनाने दी। बोल्ट ने तीन ओवर में छह रन देकर एक विकेट झटक लिये थे। पिछले मैचों में काफी समय से विकट नहीं लेने वाले अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 19 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये। उन्होंने लगातार गेंदों पर कैमरून ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट लेकर अच्छी गेंदबाजी की जिसके बाद आवेश खान ने 44 रन देकर तीन विकेट झटके। राजस्थान के लिए गेंदबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षकों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें विशेष रूप से रोवमैन पावेल शामिल थे। पावेल ने दो शानदार कैच लपके जिससे आरसीबी की रन गति पर लगाम कसी। पावेल ने पावरप्ले में बोल्ट की गेंदबाजी पर फाफ डुप्लेसी के रूप में शानदार कैच लपका। पावेल डीप मिडविकेट से दौड़कर आये और डाइव करते हुए कैच लपका। बोल्ट ने अपनी स्विंग और लाइन से बल्लेबाजों की रन गति पर लगाम कसे रखी जिससे बल्लेबाजों को रन जुटाने में परेशानी हुई। बोल्ट जहां दबदबा बना रहे थे, वहीं अन्य गेंदबाज उनकी तरह गेंदबाजी नहीं कर सके।। संदीप शर्मा ने अपने दो ओवरों में 25 रन दिये जबकि अवेश ने एक ओवर में 17 रन दिए जिससे आरसीबी ने पावरप्ले में एक विकेट पर 50 रन का स्कोर बना लिया। विराट कोहली लंबी पारी खेलने के लिए बेताब दिख रहे थे, लेकिन युजवेंद्र चहल ने आठवें ओवर में उन्हें स्लॉग स्वीप के ललचाया और उनका विकेट झटक लिया। डीप मिडविकेट पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक डोनोवन फरेरा ने अपने सिर के ऊपर से कैच लपका। ग्रीन ने अश्विन पर एक छक्का और एक चौका लगाया। लेकिन 13वें ओवर में गलत टाइमिंग के कारण इस गेंदबाज की गेंद पर पावेल के हाथों कैच आउट हो गये।





अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल (बाएं)। वहीं, बेंगलुरु के खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने राजस्थान के ध्रुव जुरेल को रन आउट किया (ऊपर)।

### बेंगलुरु 172/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविराट कोहली का सब बो चहल | 33 | 24 | 3/1 |
| फाफ डुप्लेसी का पावेल बो बोल्ट | 17 | 14 | 2/1 |
| कैमरन ग्रीन का पावेल बो अश्विन | 27 | 21 | 2/1 |
| रजत पाटीदार का पराग बो आवेश खान | 34 | 22 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का जुरेल बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| महिपाल लोमरोर का पावेल बो आवेश खान | 32 | 17 | 2/2 |
| दिनेश कार्तिक का जायसवाल बो आवेश खान | 11 | 13 | 1/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 09 | 4 | 0/1 |
| कर्ण शर्मा का पावेल बो संदीप शर्मा | 05 | 4 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-16-1, संदीप शर्मा 4-0-48-1, आवेश खान 4-0-44-3, रविचंद्रन अश्विन 4-0-19-2, युजवेंद्र चहल 4-0-43-1

### राजस्थान 174/6 — 19 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कैच कार्तिक बो कैमरन ग्रीन | 45 | 30 | 8/0 |
| टॉम कोहलर कैडमोर बो फ़र्ग्युसन | 20 | 15 | 4/0 |
| संजू सैमसन स्टंपिंग कार्तिक बो कर्ण | 17 | 13 | 0/1 |
| रियान पराग बो सिराज | 36 | 26 | 2/2 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट (कोहली/कैमरन ग्रीन) | 08 | 08 | 1/0 |
| शिमरॉन हेटमायर कैच डुप्लेसी बो सिराज | 26 | 14 | 3/1 |
| रोवमन पॉवेल नाबाद | 16 | 08 | 2/1 |
| रवि अश्विन नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल सिंह2-0-19-0, मोहम्मद सिराज 4-0-33-2, यश दयाल 3-0-37-0, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-37-1, कर्ण शर्मा 2-0-19-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

## ब्राजील के न्यूम्स से भिड़ेंगे नीरज गोयत



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत महान मुक्केबाज माइक टाइसन और जैक पॉल के बीच टेक्सास के एर्लिंगटन में 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले के दौरान ब्राजील के विंडरसन न्यूम्स से भिड़ेंगे। गोयत और न्यूम्स में छह दौर का सुपर मिडिलवेट अंडरकार्ड (जो उस दिन का मुख्य मुकाबला नहीं हो) मुकाबला होगा। मुख्य मुकाबला टाइसन और पॉल के बीच आठ दौर का हैवीवेट होगा। इसी दिन केटी टेलर और अमांडा सेरानो के बीच 10 दौर का निर्विरोध सुपर लाइटवेट विश्व खिताब महिला मुक्केबाजी मुकाबला होगा।

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**



ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई।

दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं। अब उनका इरादा यहां अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा। मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।

# सचिन ने अपना स्वर्ण पदक रखा बरकरार

**कोबे (जापान), एजेंसी**

### विश्व पैरा एथलेटिक्स



- **टूर्नामेंट में भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत कुल 11 पदक जीते**

भारत के सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है, जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के सचिन स्कूली दिनों में दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा कि मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भाला फेंक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण जीते थे।

## खेल डायरी

### पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हसन टीम से रिलीज

**कराची।** पाकिस्तान ने बुधवार को तेज गेंदबाज हसन अली को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टी-20 मैच से पूर्व टीम से रिलीज कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज हारिस रऊफ फिट हो चुके हैं लिहाजा हसन को इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने के लिये फारिग कर दिया गया है। हसन को हारिस के कवर के तौर पर 18 सदस्यीय टीम में चुना गया था। हारिस फरवरी से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे हैं। हसन ने आयरलैंड के खिलाफ एक टी-20 मैच खेला, लेकिन काफी महंगे साबित हुए थे। पाकिस्तान ने अभी तक अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये 15 सदस्यीय टीम नहीं चुनी है।

### महिला जू. टीम ने डच हॉकी क्लब को हराया

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया। भारत के लिए हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया। इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे। मेजबान टीम को तीसरे क्वार्टर में मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत के लिए दूसरा गोल कनिका ने चौथे क्वार्टर में दागा। भारतीय जूनियर टीम अब बुधवार शाम को यहां बेल्जियम के खिलाफ अगला मैच खेलेगी।

### नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को हराया

**नई दिल्ली।** नेहरू स्टेडियम पर खेले जा रहे ए डिवीजन मुकाबलों में नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को प्लेयर ऑफ द मैच मनीष सुयाल के गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में वारियर को यंग ब्वायज ने 2-2 पर रोक कर अंक बांट लिए। वारियर के लिए लालजामराविया और मोहन ने गोल किए तो यंग ब्वायज के दोनों गोल मोइरांगदम ने जमाए। विनोद नगर मैदान पर खेले गए सीनियर डिवीजन रेलिगेशन राउंड मैचों में जगुआर एफसी ने गढ़वाल डायमंड को गोल शून्य बराबरी पर रोक अंक बांटे। दोनों टीमों ने कमजोर निशाने लगा कर गोल जमाने के मौके बेकार किए और अंक बांट लिए।

### थिएम क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर

**पेरिस।** दो बार के फ्रेंच ओपन उप विजेता डोमिनिक थिएम बुधवार को रोलां गैरां टेनिस क्वालीफायर के दूसरे दौर के मैच में हार गए। यह फ्रेंच ओपन का उनका अंतिम मैच भी रहा। वह 11वीं और अंतिम बार क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना सके। 17 खिताब जीतने वाले थिएम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में ओटो विरटानेन से 2-6, 5-7 से हार मिली। आस्ट्रिया के थिएम 2018 और 2019 रोलां गैरां फाइनल में पहंचे थे। कलाई की चोट से वह वापसी करने में जूझते रहे जिससे इस महीने के अंत में उन्होंने साल के अंत में संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। हार के बावजूद उन्हें दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर विदाई दी।

# महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरुष

**येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

### तीरंदाजी विश्व कप

- **विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान की टीम तुर्की से होगा मुकाबला**



दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई, लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी।

महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया।

भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10 -10 *) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी। तरुणदीप राय और दीपिका रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता राय ने 681 अंक लेकर छठा स्थान पाया जबकि धीरज बोम्मादेवरा 11वें स्थान पर रहे। भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही और अब विपरीत ड्रॉ में खेलेंगी। भारतीय पुरुष टीम ने शंघाई में पिछले महीने विश्व चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। महिला व्यक्तिगत वर्ग में दीपिका एक अंक से शीर्ष तीन में रहने से चूक गई। भजन कौर 34वें और अंकिता भकत 49वें स्थान पर रही। महिला टीम छठे स्थान पर रही। राय और दीपिका मिश्रित रिकर्व टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# भारत को अर्जेंटीना से मिली हार

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

### एफआईएच महिला प्रो लीग

- **0-5 से करना पड़ा भारतीय हॉकी महिला टीम को हार का सामना**

भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच महिला प्रो लीग अभियान के यूरोपीय चरण की शुरुआत निराशाजनक रही, उसे बुधवार को अर्जेंटीना से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

अर्जेंटीना के लिए जुलिएटा जानकुनास (53वें, 59वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि ऑगस्टिना गोर्जेलानी (13वें), वेलेंटीना रापोसो (24वें) और विक्टोरिया मिरांडा (41वें) ने 1-1 गोल किए। कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पहला मैच खेल रही भारतीय पहले दो क्वार्टर में सर्कल में सेंध लगाने में असमर्थ दिखीं। भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया को टीम में चुने जाने के बावजूद लाइनअप से बाहर रखा गया। बीचू देवी खारीबाम ने गोलकीपिंग की। अर्जेंटीना ने पहले दो क्वार्टर में 7 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोर्जेलानी ने 13वें मिनट में भारतीय गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। रापासो ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। दीपिका ने उदिता के पास पर रिवर्स हिट किया लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर क्रिस्टीना कोसेन्टिनो ने इस को विफल कर दिया। फिर जानकुनास ने छह मिनट के अंदर दो खूबसूरत मैदानी गोल दागकर स्कोर 5-0 कर दिया। भारतीय टीम अब गुरुवार को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी।

## बॉलीवुड हलचल


### ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए कड़ी मेहनत की है। जाह्नवी इन दिनों फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं। जाह्नवी और राजकुमार राव अभिनीत इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जाह्नवी ने बताया है कि इस फिल्म के लिए वह आईपीएल टीम के साथ घंटों प्रैक्टिस करती थीं। मेकर्स की तरफ से हाल ही में मेकिंग वीडियो रिलीज किया गया है, जिसमें जाह्नवी अपनी तैयारियों का ब्योरा देती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने बताया है कि क्रिकेटर की भूमिका निभाने के लिए मैंने घंटों नेट्स में पसीना बहाया है। मैंने चोटों का भी सामना किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग कोच अभिषेक नायर ने मेरी सहायता की और खेलने का सही तरीका बताया। मेरा डेली रुटीन 5-6 घंटे तक ट्रेनिंग सेशन में गुजरता था, जिसमें क्रिकेट, जिम वर्कआउट और अन्य वर्कशॉप थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चला और तब जाकर मैंने फिल्म के लिए खुद को तैयार किया है। फिल्म राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी हैं। शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।





### संजय दत्त ने नहीं छोड़ी वेलकम टू द जंगल



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त ने अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल छोड़ दी है। बॉलीवुड में चर्चा है कि संजय दत्त ने 'वेलकम टू द जंगल' से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह बताई गयी कि संजय दत्त ने अक्षय कुमार से अनबन के कारण यह फिल्म छोड़ दी है, लेकिन अक्षय कुमार के साथ उनकी अनबन की अफवाह बेबुनियाद है। वेलकम टू द जंगल से संजय दत्त महीनों पहले अलग हो चुके हैं। इसके पीछे कारण उनकी हेल्थ बनी है। कैंसर के इलाज के चलते संजय दत्त फिल्म के एक्शन सीक्वेंस नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने वेलकम टू द जंगल से खुद को बाहर कर लिया है। संजय दत्त फिल्म को लेकर एक्साइटेड थे और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी थी। दुर्भाग्य से, कुछ महीने पहले मड आइलैंड में सिर्फ एक दिन की शूटिंग पूरी करने के बाद, उन्होंने निर्देशक को बताया कि वो कैंसर से लड़ाई और उसके बाद के ट्रीटमेंट के बाद हेल्थ इशू की वजह से शूटिंग जारी नहीं रख सकते।

### विश्व चैंपियन को हरा चुके युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में चलेंगे अपनी चाल

# कार्लसन से खेलना मेरे लिए चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा

**स्टवांगर (नॉर्वे), एजेंसी**



कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैंपियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी।

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं। इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा। प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मुझे हमेशा अच्छी चुनौती में मजा आता है। पिछले साल विश्वकप के बाद यह मेरा उनके साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं और अन्य के खिलाफ खेलने के लिए भी बेताब हूं। इसमें कोई शक नहीं कि यहां का अनुभव मुझे भविष्य में मदद करेगा। 18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि काफी मजबूत दावेदार टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अभी तक मैं जितने भी टूर्नामेंट खेला हूं, उसमें मुझे यह शायद सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी लग रहे हैं। मेरे लिए यह अच्छा मौका है और मैं चुनौती देकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि इस साल का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। नॉर्वे शतरंज के बाद मैं शतरंज ओलंपियाड के लिए बुडापेस्ट जाऊंगा। मैं इस साल के अंत में ग्लोबल शतरंज लीग में भी खेलूंगा। इस तरह की रोमांचक लीग होना वास्तव में अच्छा है, जिससे इस खेल को आगे बढ़ने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी मेरा फोकस नॉर्वे शतरंज पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हूं।

### अपनी बहन वैशाली के प्रदर्शन पर रखेंगे नजर

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि वह महिला वर्ग में अपनी बहन वैशाली की प्रगति पर भी नजर रखेंगे। नॉर्वे शतरंज में महिला टूर्नामेंट शुरू होना अच्छा है। यह अच्छी पहल है क्योंकि महिलाओं के लिए ज्यादा टूर्नामेंट नहीं है। इससे अन्य आयोजकों को भी महिलाओं के टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रोत्साहन मिलेगा। मेरी बहन भी इसमें खेलेगी। मैं अपनी बहन के प्रदर्शन पर नजर रखूंगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग की जमानत रद, 5 जून तक बाल सुधार गृह भेजा

पुणे, एजेंसी

पुणे स्थित किशोर न्याय बोर्ड ने पोर्श कार दुर्घटना के आरोपी नाबालिग को दी गई जमानत बुधवार को रद कर उसे 5 जून तक के लिए बाल सुधार गृह भेज दिया। बोर्ड ने रविवार को दुर्घटना के कुछ घंटों बाद उसे जमानत दे दी थी और सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा था, जिसके बाद लोगों ने इस फैसले की भरसक आलोचना की थी। हादसे में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

बुधवार को पुलिस ने फिर से बोर्ड का रुख किया और पूर्व में दिये गये आदेश की समीक्षा की मांग करते हुए अपराध की जघन्य प्रकृति के आधार पर आरोपी के साथ नाबालिग के तौर पर नहीं बल्कि बालिग के रूप में व्यवहार करने की मंजूरी मांगी। पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी नाबालिग एक रियल स्टेट कारोबारी का बेटा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर ने पोर्श कार चलाते हुए रविवार तड़के पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को बुरी तरह से टक्कर मारी थी। पोर्श कार कथित तौर पर 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा था और दुर्घटना के वक्त वह नशे में था।


पुणे हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

### पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकी

**पुणे।** नाबालिग के पिता को स्थानीय अदालत ले जा रही पुलिस के वाहन पर कुछ लोगों ने स्याही फेंक दी। घटना करीब ढाई बजे घटी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि किसी संगठन से जुड़े चार से पांच लोगों ने नाबालिग के पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकने का प्रयास किया।

### नाबालिग के पिता, पब के दो कर्मियों को पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की एक सत्र अदालत ने कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय नाबालिग के पिता और एक पब के दो कर्मियों को बुधवार को 24 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। नाबालिग लड़के के पिता और ब्लैक कब पब के कर्मी नितेश शेवाणी व जयेश गावकर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.पी. पोंखसे के सामने पेश किया गया। नाबालिग लड़के के पिता एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। नाबालिग ने दुर्घटना से पहले पब में बैठकर कथित रूप से शराब पी थी। पुलिस ने नाबालिग लड़के के पिता और बार के मालिक व कर्मियों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और 77 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अमेरिका में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के तीन छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार पलट जाने से तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान श्रिया अवसारला, अन्वि शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में की गई है, जो पिछले सप्ताह अल्फारेटा में वेस्टसाइड पार्कवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन में सवार थे।

सबूतों के आधार पर, यह माना जा रहा है कि चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद कार पलट गई। कार में सवार दो लोग जोशी और अवसारला घटनास्थल पर मृत पाए गए। बाकी तीन लोगों को इलाज के लिए नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया। शर्मा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र और वाहन चालक रित्वक सोमपल्ली तथा अल्फारेटा हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद लियाकत की पहचान घायल हुए अन्य दो छात्रों के रूप में की गई।

# रात में नींद के बजाय चला रहे हैं फेसबुक व इंस्टाग्राम तो बदल लें ये आदत, नहीं तो....

दिनभर के थके-हारे होने के बाद भी बिस्तर पर जाते ही लोग फोन से चिपक जाते हैं। पहले वॉट्सऐप खुला, फिर इंस्टाग्राम और फेसबुक, फिर ट्विटर, यूट्यूब। लिस्ट लंबी है। इंस्टा पर एक रील देखी, फिर दूसरी, फिर तीसरी। एक रील कब 30 में बदल जाती है, पता ही नहीं चलता। हर अगला स्क्रॉल करते हुए यही सोचते हैं कि बस ये लास्ट है। इसके बाद सो जाएंगे। उस वक्त 11 बज रहे होते हैं। और फिर पता चलता है कि आखिरी रील 12:30 बजे देखकर खत्म की। यानी पिछले डेढ़ घंटे से आप स्क्रॉल किए जा रहे थे, रील्स देखे जा रहे थे और अपनी नींद को खराब किए जा रहे थे। 2019 में फिलिप्स ग्लोबल स्लीप द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक दुनिया भर के 62% एडल्ट्स को लगता है कि वह पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं। सप्ताह भर में औसतन उन्हें 6.8 घंटे ही नींद आती है, जबकि हर एडल्ट को 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। नींद आ भी रही है कि लेकिन स्क्रॉलिंग जारी है। कितनी भी झपकियां और उबासियां आएं, लेकिन नींद को दरकिनार कर हम फोन चलाए जा रहे हैं। मनोविज्ञन की भाषा में इसे रिवेंज बेड-टाइम प्रोक्रैस्टिनेशन कहते हैं।

### बेहतर नहीं बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करती है

नींद एक प्रकार से बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करने का काम करती है, जिससे आप जागने पर तरोताजा और एनर्जेटिक फील करते हैं। इससे कई गंभीर बीमारियों का जोखिम कम होता है। नींद न आने की समस्या हो रही है तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



### सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा

जब आप देर रात तक जागकर सुबह जल्दी उठेंगे और काम पर जाएंगे तो इसका सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा। नींद के दौरान हमारे शरीर के ज्यादातर बॉडी ऑर्गन्स आराम करते हैं। नींद में शरीर खुद को तरोताजा करता है और इम्यूनिटी बढ़ाता है। यानी नींद में हमारा शरीर बाइक और कार की तरह सर्विसिंग प्रोसेस से गुजरता है। कम नींद का मतलब है बॉडी को रिकवरी का टाइम न मिलना।

### रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन क्या है?

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन का मतलब है, जब दिन भर के काम से थकने के बाद भी कोई सोने बजाय बिस्तर पर फोन चलाना पसंद करता है। यह फोन के सहारे नींद और थकान को टालने जैसा है। लोग सोचते हैं कि दिन भर की व्यस्तता के बाद वे कुछ घंटे खुद को दे रहे हैं।

### नकारात्मक परिणाम हो सकते

नींद की कमी के कारण कई तरह के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। अपर्याप्त नींद की वजह से तनाव बढ़ता है, हार्ट डिजीज या इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। नकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है।

### नौकरी वालों पर प्रभाव ज्यादा

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन से सबसे अधिक प्रभावित ज्यादा तनाव वाली नौकरी करने वाले लोग या वर्क-लाइफ के बीच संतुलन न रखने वाले लोग हो सकते हैं। जो रात में घंटों जागते हैं, वे भी इसका शिकार हो सकते हैं।

## एक नजर

### श्रीलंका के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करेंगे जांच

**कोलंबो।** श्रीलंकाई पुलिस ने बुधवार को कहा कि गुजरात में गिरफ्तार किए गए उसके चार नागरिकों की जांच के लिए गठित दल का नेतृत्व एक वरिष्ठ उप महानिरीक्षक करेंगे। श्रीलंका के चार नागरिकों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, जब वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की तरफ से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे। श्रीलंका के पुलिस महानिरीक्षक देशबंदु तेन्नाकून ने कहा कि वरिष्ठ उप महानिरीक्षक की अगुवाई में जांच दल का गठन किया है।

### वायुमंडलीय विक्षोभ : सहयोग कर रही सिंगापुर एयरलाइंस

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह लंदन से सिंगापुर की उड़ान में अचानक वायुमंडलीय विक्षोभ (टर्बुलेंस) के कारण एक यात्री की मौत और 30 अन्य के घायल होने की घटना की जांच में संबंधित प्राधिकारियों के साथ पूरी तरह सहयोग कर रही है। एयर लाइंस के अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर से एक विशेष एसआईए दल हमारे सहकर्मियों और स्थानीय प्राधिकारियों की मदद करने के लिए बैंकॉक पहुंचा है। हम एसक्यू321 के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को हरसंभव सहयोग मुहैया करा रहे हैं।

### 2005 के ऑस्कर विजेता एपी कचमारेक का निधन

**वारसॉ।** फिल्म फाइंडिंग नेवरलैंड के संगीत के लिए 2005 का ऑस्कर जीतने वाले पोलिश संगीतकार जान ए.पी. कचमारेक का मंगलवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। निधन की जानकारी पोलैंड के संगीत फाउंडेशन द्वारा की गई। फाउंडेशन को संगीतकार की पत्नी ने उनके निधन की सूचना दी थी। कचमारेक एमएसए से पीड़ित थे, जो एक दुर्लभ स्नायु संबंधी विकार है। उन्होंने यूरोप और हॉलीवुड में बनी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया था।

### पीटीआई नेता पर हमले की जांच के लिए समिति बनाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने बुधवार को कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक वरिष्ठ नेता पर एक दिन पहले हुए हमले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की गयी है। इस हमले को अफसोसजनक एवं दुखद करार देते हुए कानून मंत्री ने सीनेट के सत्र में कहा कि ऐसे हमले नहीं होने चाहिए। जियो न्यूज के अनुसार तरार ने कहा सरकार (पीटीआई नेता) रऊफ हसन पर हमले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर है कि इमरान खान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ हसन पर हमले के सिलसिले में इस्लामाबाद के अबपारा थाने में हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### रूस के हमलों के कारण कीव में अंधेरा छाया

**कीव।** यूक्रेन के बिजली ग्रिड पर हाल के सप्ताहों में रूस के लगातार हमलों ने युद्धग्रस्त देश के नेताओं को देशभर में बिजली कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया है। रूस मार्च से बिजली ग्रिड पर हवाई हमले कर रहा है जिसके कारण राजधानी कीव तक में अंधेरा छा गया है। रूस द्वारा अप्रैल में किए हमले में कीव का सबसे बड़ा ताप विद्युत संयंत्र तबाह हो गया था और आठ मई को कई क्षेत्रों में बिजली उत्पादन तथा ट्रांसमिशन सुविधाओं को निशाना बनाते हुए एक बड़ा हमला किया गया था। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि कुल मिलाकर यूक्रेन की आधी ऊर्जा प्रणाली नष्ट हो गयी है।

# तीन देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता, बौखलाया इजराइल

## नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने उठाया ऐतिहासिक कदम, फिलिस्तीन ने खुशी जताई

तेल अवीव, एजेंसी

- फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में 28 मई को दी जाएगी मान्यता
- इजराइल ने की आलोचना, नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का दिया आदेश

नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बुधवार को फिलिस्तीन को बतौर देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला किया। इस निर्णय की जहां इजराइल ने आलोचना की है वहीं, फिलिस्तीन ने खुशी जताई है। तीनों देशों के इस फैसले से बौखलाए इजराइल ने नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में मान्यता 28 मई को दी जाएगी। यह कदम फिलिस्तीन की लंबे समय से की जा रही मांग के अनुरूप है।

इस बीच, यरुशलम में घोर दक्षिणपंथी सरकार के एक मंत्री ने यहूदी और मुस्लिमों के लिए पवित्र माने जाने वाले स्थल का दौरा किया। यह स्थल यहूदियों और मुस्लिमों के बीच विवाद की जड़ है। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर बेन-गिर ने अल-अक्सा मस्जिद परिसर का दौरा किया जिसे यहूदी टेम्पल माउंट कहते हैं। इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका है। सबसे पहले नॉर्वे ने फिलिस्तीन देश को मान्यता देने के फैसले की घोषणा की। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गार स्तूर ने कहा अगर मान्यता नहीं दी गयी तो पश्चिम एशिया में शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि नॉर्वे 28 मई तक फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता दे देगा। हालांकि नार्वे यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है लेकिन इस मुद्दे पर उसका रुख भी यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों के समान है।



अमेरिका में मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन पक्ष में प्रदर्शन करते लोग।

### फिलिस्तीन को मान्यता एक ही संदेश दे रही कि आतंकवाद का फल मिलता है : इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज ने इन कदमों की निंदा की है। उन्होंने आयरलैंड तथा नॉर्वे से इजराइल के राजदूतों को तुरंत देश लौटने का आदेश दिया है। उन्होंने स्पेन की घोषणा से पहले यह आदेश दिया था। कैट्ज ने कहा आयरलैंड और नॉर्वे फिलिस्तीन और पूरी दुनिया को यह संदेश भेजना चाहते हैं कि आतंकवाद का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से गाजा में बंधक इजराइल के बंधकों को घर वापस लाने के प्रयास बाधित हो सकते हैं।

### मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलस्तीन समर्थकों के शिविर को तोड़ा गया

**अमेरिका।** पुलिस ने जन सुरक्षा का हवाला देते हुए मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थकों के एक शिविर को तोड़ दिया और लगभग 50 लोगों को बाहर निकाल दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी हैलमेट पहने हुए थे और चेहरे पर बचाव के लिए शील्ड लगाए थे। यह स्थान दशकों से कैंपस में विरोध प्रदर्शन का स्थान रहा है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलिस्तीन समर्थक छात्र समूहों के एक गुट ने सोशल मीडिया पर कहा हम नहीं रुकेंगे, हम थकेंगे नहीं।

## भारतीय मूल के खगोल वैज्ञानिक शॉ पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**हांगकांग।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर.कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा-किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।



कुलकर्णी के अलावा स्वी ले थीन और स्टुअर्ट ऑर्किन को क्रमशः जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए साझा रूप से शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अमेरिका के हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर सरनाक को गणितीय विज्ञान के लिए शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शॉ प्राइज फाउंडेशन ने बताया हर साल तीन श्रेणियों खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान व चिकित्सा और गणितीय विज्ञान में शॉ पुरस्कार दिया जाता है।प्रत्येक श्रेणी में विजेता को 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि बतौर पुरस्कार दी जाती है।

# क्या एमबीबीएस के छात्रों का राष्ट्र निर्माण में योगदान का कोई दायित्व नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर्नाटक के निजी विश्वविद्यालय से एमबीबीएस कर रहे पांच छात्रों की याचिका पर कोर्ट ने की सुनवाई

एमबीबीएस कर रहे पांच छात्रों की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या कोई मेडिकल छात्र सिर्फ इस आधार पर अनिवार्य ग्रामीण सेवा से छूट मांग सकता है कि उसने निजी मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई की है। याचिकाकर्ता पांचों छात्र कर्नाटक के एक मानद विश्वविद्यालय से एमबीबीएस कर रहे हैं। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय करोल की अवकाश पीठ मामले की सुनवाई कर रही है।

याचिकाकर्ताओं ने कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवा आयुक्तालय को यह निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है कि उन्हें अनिवार्य ग्रामीण सेवा का शपथपत्र दिए बिना आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं ने वकील मीनाक्षी कालरा के माध्यम से दायर याचिका में स्थायी पंजीकरण को स्वीकार करने के लिए कर्नाटक चिकित्सा परिषद को निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया है। पीठ ने कहा आप भारत में जगह-जगह आते-जाते हैं और विभिन्न ग्रामीण इलाकों में काम करते हैं। ऐसा करना बहुत सुंदर काम है।



इसने पूछा कि क्या निजी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों का राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का कोई दायित्व नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि कर्नाटक सरकार ने मेडिकल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों के लिए कर्नाटक अनिवार्य सेवा प्रशिक्षण अधिनियम, 2012 लागू किया था और बाद में उनके लिए कर्नाटक अनिवार्य सेवा प्रशिक्षण नियम, 2015 लागू किया था। इसके तहत सरकारी विश्वविद्यालयों या निजी/डीम्ड विश्वविद्यालयों में सरकारी सीट पर पढ़ाई करने वाले सभी मेडिकल छात्रों के लिए एक साल ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करना जरूरी है। इसके बाद ही कर्नाटक चिकित्सा परिषद डॉक्टरों का स्थायी पंजीकरण करती है।

# चार भारतीय नागरिक कनाडा की कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के आरोपियों को समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का दिया आदेश

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की एक अदालत ने समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। अदालत में पहली बार सभी आरोपियों को एक साथ पेश किया गया।

चार आरोपियों में से तीन करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) सरे में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतीय न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए, वहीं अमनदीप सिंह (22) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में पेश हुआ। अमनदीप सिंह हथियार से जुड़े एक अन्य मामले में ओंटारियो में हिरासत में है। उसे निज्जर हत्या मामले में दस मई को गिरफ्तार किया गया था।

सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार न्यायाधीश मार्क जेट ने मामले की अगली सुनवाई 25 जून तक के लिए स्थगित की। न्यायाधीश ने एक दुभाषिये के माध्यम से आरोपियों से बात की और उन्हें किसी से संपर्क नहीं करने के दायरे में रखने वाला आदेश सुनाया। अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों ने जेल की पोशाक पहनी हुई थी। करण बराड़ के वकील रिचर्ड फॉलर ने वैंकूवर सन से कहा इस मामले से समुदाय को इतना सरोकार क्यों है यह पृष्ठभूमि को देखते हुए पूरी तरह से समझ में आता है।

### अदालत के बाहर निज्जर समर्थकों का विरोध प्रदर्शन

अदालती कार्यवाही में आने वाले लोगों की अदालत में प्रवेश से पहले तलाशी ली गई वहीं निज्जर के समर्थकों ने अदालत के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खबर में कहा गया है कि सुनवाई के दौरान वकीलों ने लोगों के फोन को प्लास्टिक के एक बैग में रखकर उन्हें अदालत कक्ष से बाहर रखवाया। न्यायाधीश ने पर्यवेक्षकों को चेतावनी दी कि ऑडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना प्रतिबंधित है।

## श्रद्धांजलि


भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर से मुलाकात की और हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तथा विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के दुखद निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ● एजेंसी

## रिश्वत मामला

### सीबीआई निरीक्षक को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मध्य प्रदेश नर्सिंग कॉलेज के अध्यक्ष से दस लाख रुपये की रिश्वत कथित तौर पर लेते हुए गिरफ्तार किए गए निरीक्षक राहुल राज को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार सहन नहीं करने की अपनी नीति के अनुरूप एजेंसी ने संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत राज को बर्खास्त कर दिया। सीबीआई ने डीएसपी आशीष प्रसाद को भी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। वहीं सुशील मजोका और ऋषिकांत असाठे को राज्य पुलिस में वापस भेज दिया जाएगा।

रहस्य | भौतिकी दुनिया की सबसे बड़ी खोज होगी डार्क मैटर

# पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अदृश्य डार्क मैटर की तलाश में एक महत्वपूर्ण सुराग वैज्ञानिकों के हाथ लगा है, जो प्राइमर्डियल ब्लैक होल (पीबीएच) के गर्भ में छिपा हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर का रहस्य खुल गया तो भौतिकी की दुनिया की यह अभी तक की सबसे बड़ी खोज होगी।

डार्क मैटर की तलाश में पीबीएच एक महत्वपूर्ण लिंक है, जो इसके अस्तित्व से मिल सकता है। इसके लिए पीबीएच की संपूर्ण जानकारी जुटानी होगी। यदि इसकी जानकारी सामने आ गई तो निश्चित ही अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य दृश्यमान हो जाएगा और खगोल भौतिकी में नोबेल स्तर की खोज होगी। पीबीएच की बात की जाए तो यह केवल सिद्धांत हैं। इसका अस्तित्व खोजना मुश्किल नहीं है।

मगर सही बात यह है कि यही वह मार्ग है , जो डार्क मैटर तक पहुचा सकता है। इस संदर्भ में हाल में एक शोध हुआ है। इस शोध ने डार्क मैटर की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। पीबीएच को लेकर मानना है कि इसकी उत्पत्ति किसी भी तारे के ढहने से पहले हुई थी। पीबीएच का पता लगाने का तरीका गुरुत्वाकर्षण लेंस की निगरानी करना है। ऑप्टिकल ग्रेविटेशनल लेंसिंग एक्सपेरिमेंट (ओजीएलई) और सुबारू टेलीस्कोप के हाइपर सुप्राइम-कैम (एचएससी) से इसका पता किया जा सकता है। बहरहाल वैज्ञानिक कहते हैं कि रहस्यमय वस्तुओं के इर्द-गिर्द उत्तर से अधिक प्रश्न हैं। यदि वे अस्तित्व में हैं, तो उनमें से बहुतों का उत्तर दे सकते हैं। पीबीएच एक अनुत्तरित प्रश्न है और इसका उत्तर डार्क मैटर का रहस्य भी सुलझाएगा।


आपस में टकराते दो ब्लैक होल की तस्वीर। ● एजेंसी

### ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है डार्क मैटर

**नैनीताल।** डार्क मैटर ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है। सबसे बड़ी यह है कि इतने बड़े भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले डार्क मैटर का अभी तक पता नही चल पाया है। दुनियाभर के वैज्ञानिक इसकी खोज में जुटे हुए हैं। ब्रह्मांड का संचालन करने वाली यह शक्ति अदृश्य है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अब नए उपकरणों के ईजाद होने के बाद डार्क मैटर का रहस्य जल्द उजागर होगा।

## तीन वर्षीय बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, 4 गिरफ्तार

**धौलपुर (राजस्थान)।** जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई और उसके शव को चंबल नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची के नजदीकी रिश्तेदारों ने ही उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी ईंट से वार कर हत्या की है।

इस मामले में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुमित मेहरडा ने बताया कि घटना 20 मई की है और पुलिस को 21 मई को सुबह दस बजे सूचना मिली थी कि करीब तीन साल की बच्ची की हत्या कर उसके शव को चंबल नदी में फेंक दिया गया। एसपी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को चंबल नदी से बरामद किया।

# अल्पसंख्यकों को महसूस कराए कि लोकतंत्र में उनकी समान हिस्सेदारी

मुंबई, एजेंसी

- अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर से समानता विषय पर हुआ कार्यक्रम

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि जातीय या धार्मिक अल्पसंख्यकों समेत समाज के हर वर्ग को यह महसूस हो कि देश के लोकतंत्र में उनकी समान हिस्सेदारी है।

भारत में चुनाव अभियान के सांप्रदायिक रूप लेने और भारत-अमेरिका संबंधों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंताओं पर एक सवाल का जवाब देते हुए गार्सेटी ने कहा कि वह किसी को यह नहीं बताएंगे कि लोकतंत्र कैसे चलाया जाए और भारतीय अपने लोकतंत्र का खुद ख्याल रखेंगे। उन्होंने यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास द्वारा विविधता, समानता, समग्रता और पहुंच के विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि विविधता, समानता, समावेश व संपर्क केवल चुनाव के दिन (से संबंधित) नहीं हैं। वे हर समय रहते हैं। लोकतंत्र एक दैनिक जनमत संग्रह है।


मुंबई में पैरालंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक के साथ अमेरिकी राजदूत।